6th वार्षिकोत्सव विशेषांक
मेरा शहर-मेरी प्रेरणा

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर
मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष दशमी 09:29 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

रविवार, 30 नवंबर 2025, वर्ष 35, अंक 301, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये

■ शीतकालीन सत्र में भी सुनाई देगी एसआईआर की गूंज - 12

■ महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात के लिए 80 करोड़ डॉलर का ऋण देगा एडीबी - 12

■ तूफान दितवा ने पकड़ी गति आज आधी रात पहुंचेगा तमिलनाडु तट - 13

■ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय मुकाबले में रोहित और कोहली की होगी कड़ी परीक्षा - 14

पासिंग आउट परेड

वाराणसी छावनी स्थित 39 गोरखा ट्रेनिंग सेंटर (जीटीसी) में शनिवार को सैन्य परम्पराओं के अनुरूप अग्निवीरों की भव्य शपथ-परेड सम्पन्न हुई। कुल 353 अग्निवीरों ने पवित्र भगवद्गीता पर हाथ रखकर राष्ट्रध्वज की मर्यादा बनाए रखने और देश की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने का संकल्प लिया। समारोह में सैन्य अनुशासन, उत्साह और गौरव का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। सैन्य अधिकारियों के साथ सभी अग्निवीरों ने सामूहिक फोटोग्राफी भी कराई। ● एजेंसी

ए320 विमानों के सॉफ्टवेयर अपडेट से उड़ानें प्रभावित

वाशिंगटन, एजेंसी

- एयरबस ने कहा- दुनियाभर के 6000 विमानों को अपग्रेड की जरूरत
- जेटब्लू का विमान ऊंचाई से अचानक नीचे आने के बाद मिली थी गड़बड़ी

भारत समेत दुनिया भर की विमानन कंपनियों ने शनिवार को व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक विमान ए320 के सॉफ्टवेयर को अपडेट किया, जिसके चलते कई उड़ानों में देरी हुई और कई को रद्द करना पड़ा।

जांच में पता चला कि पिछले महीने जेटब्लू के एक विमान के ऊंचाई से अचानक नीचे आने में कंप्यूटर कोड की गड़बड़ी शामिल हो सकती है। एयरबस ने शुक्रवार को बताया कि जेटब्लू की उस घटना की जांच से पता चला कि सूरज की तेज किरणें (सोलर रेडिएशन) ए320 बेड़े के विमानों के उड़ान नियंत्रण को खराब कर सकती हैं। यूरोप की सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि जापान में 65 घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी। अमेरिकन एयरलाइंस के पास ए320 बेड़े के करीब 480 विमान हैं, जिनमें से 209 को अपडेट की जरूरत है। दुनिया भर में करीब 6000 प्रभावित विमानों को सॉफ्टवेयर अपग्रेड की जरूरत है। कुछ विमानों में हार्डवेयर को भी ठीक करना पड़ सकता है। कुल 8100 से ज्यादा ए320 परिवार के विमान सेवा में हैं।

भारतीय एयरलाइंस ने बेड़े के 80 प्रतिशत विमानों का सॉफ्टवेयर अपग्रेड पूरा किया : डीजीसीए

नई दिल्ली। इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शनिवार से ए320 बेड़े के विमानों का सॉफ्टवेयर अपग्रेड शुरू कर दिया, ताकि एक संभावित विमान नियंत्रण समस्या को ठीक किया जा सके। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बताया कि प्रभावित 338 विमानों में 80 प्रतिशत में जरूरी बदलाव कर दिए गए हैं। इस वजह से कई उड़ानों में देरी हुई, जबकि कुछ को रद्द करना पड़ा। विमानन नियामक के ताजा आंकड़ों के अनुसार इंडिगो और एयर इंडिया ने कोई उड़ान रद्द नहीं की, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 4 उड़ाने रद्द कीं। शनिवार शाम 5:30 बजे तक कुल 338 में 270 विमानों में सॉफ्टवेयर अपग्रेड पूरा हो चुका था। इंडिगो के 200 विमान प्रभावित हैं, जिनमें से 184 पर अपग्रेड पूरा हो चुका है। एयर इंडिया के 113 में 69 और एयर इंडिया एक्सप्रेस के 25 में 17 विमानों में अपग्रेड पूरा हो चुका था। यह अपग्रेड दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद और कोलकाता में एयरलाइंस के बेस पर किया जा रहा है। सभी प्रभावित विमानों का अपग्रेड 30 नवंबर सुबह 5:29 बजे तक पूरा करना है।

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मातृत्व की चुनौतियां पेरेंटिंग का बदलता रूप व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

जरूरतमंद इलाज कराएं, धन की कमी को नहीं बनने देंगे बाधा : योगी

गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लगाने वालों को किया आश्वस्त

- अधिकारियों को निर्देश, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि कराई जाए उपलब्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लगाने वालों को आश्वस्त किया है कि सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। स्पष्ट कहा कि बिना चिंता किए उच्चीकृत अस्पतालों में इलाज कराएं, भरपूर आर्थिक मदद मिलेगी। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी।

सीएम योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान योगी ने उक्त बातें कहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार देर शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद शनिवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने मंदिर परिसर में एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग (खासकर महिलाएं) स्वयं या परिजनों के गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे।

एक बिटिया ने अपनी मां के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मनुहार की तो योगी ने कहा, चिंता मत करो, इलाज कराओ, पैसे की व्यवस्था कर दी जाएगी। अन्य को भी इसी आत्मीयता से भरोसा दिया कि इलाज के लिए सभी की पर्याप्त मदद की जाएगी।

जनता दर्शन में महिलाएं स्वयं या परिजनों के बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंची।

जमीन कब्जा या दबंगई पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए यदि कोई पात्र व्यक्ति शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है तो उसे तत्काल योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

उत्तराखंड से जुड़े दिल्ली बम धमाके के तार, जांच एजेंसियों ने इमाम समेत तीन को उठाया

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

- मुख्य आरोपी से जुड़े मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल से हल्द्वानी का सुराग मिला था
- नैनीताल के तल्लीताल के इमाम से भी पुलिस ने की तीन घंटे तक पूछताछ

अमृत विचार : दिल्ली बम धमाके की जांच कर रहीं एजेंसियों ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र से बिलाली मस्जिद के इमाम मोहम्मद आसिम कासमी और उसके सहयोगी नजर कमाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। वहीं, इमाम के रिश्तेदार और नैनीताल में तल्लीताल क्षेत्र की मस्जिद के इमाम मोहम्मद नईम से भी तल्लीताल पुलिस ने देर रात तक गहन पूछताछ की।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस को लाल किले के बाहर हुए धमाके के मुख्य आरोपी से जुड़े मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल से हल्द्वानी का एक सुराग मिला था, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि बिलाली मस्जिद के इमाम मोहम्मद आसिम और बिजली मैकेनिक नजर कमाल को शनिवार भोर होने से पहले ही हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कत्याल और सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल के नेतृत्व में लालकुआं, कालाढूंगी, हल्द्वानी, मुखानी और काठगोदाम थानों से बड़ी संख्या में पुलिस बल बनभूलपुरा पहुंचा। शनिवार को बिलाली मस्जिद और इमाम के घर के आसपास कड़ी सुरक्षा रही। इमाम आसिम मूल रूप से रामपुर (यूपी) के टांडा दड़ियाल का निवासी है। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी का कहना है कि मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। सुरक्षा एजेंसियों के साथ एसटीएफ और लोकल पुलिस ने कार्रवाई की है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

हल्द्वानी के बनभूलपुरा में बिलाली मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस फोर्स।

रामपुर के दढ़ियाल का रहने वाला है मौलाना आसिम

दढ़ियाल। एनआईए की गिरफ्तार में आया मौलाना आसिम रामपुर के कोतवाली टांडा क्षेत्र की नगर पंचायत दढ़ियाल का निवासी है। सूचना पाकर परिवार के सदस्य हल्द्वानी के लिए रवाना हो गए हैं। मौलाना आसिम पिछले दस वर्ष से हल्द्वानी में रह रहा था। मौलाना मोहम्मद आसिम 10 वर्ष पूर्व हल्द्वानी की एक मस्जिद में इमामत करते थे।

ब्रीफ न्यूज

स्वदेशी 'स्टील्थ फ्रिगेट' तारागिरि भारतीय नौसेना को सौंपा गया

नई दिल्ली। अत्याधुनिक युद्ध क्षमताओं से लैस स्वदेशी उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। नीलगिरि-श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) के चौथे पोत और मझगांव डॉक शिपबिल्डिंग लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा निर्मित तीसरे जहाज 'तारागिरि' को 28 नवंबर को मुंबई स्थित एमडीएल में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। यह युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

प. बंगाल के राज्यपाल ने राजभवन का नाम बदल लोकभवन किया

कोलकाता। प. बंगाल के राज्यपाल बोस ने केंद्र सरकार के एक निर्देश को लागू करते हुए शनिवार को कोलकाता में स्थित राज भवन का नाम बदलकर लोक भवन कर दिया। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है, गृह मंत्रालय के 25/11/2025 के पत्र के अनुरूप, यह अधिसूचित किया जाता है कि कोलकाता के राजभवन, फ्लैगस्टाफ हाउस और दार्जिलिंग में स्थित राजभवन परिसरों का नाम संशोधित करके लोक भवन कर दिया गया है।

सीबीआईसी के नए चेयरमैन बनाए गए विवेक चतुर्वेदी

नई दिल्ली। भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी विवेक चतुर्वेदी को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) का चेयरमैन नियुक्त किया है।

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 1990 बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी को चेयरमैन पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी है। वह संजय कुमार अग्रवाल का स्थान लेंगे। अग्रवाल 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। चतुर्वेदी सीबीआईसी के सदस्य बनने से पहले विभाग में प्रधान महानिदेशक 'विजिलेंस' थे। उन्होंने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) में विभिन्न पदों पर कार्य किया है और उनके पास जांच कार्यों का अच्छा-खासा अनुभव है।

उप्र में एसआईआर प्रक्रिया तीन महीने बढ़ाने को याचिका दायर

नई दिल्ली। उप्र में जारी मतदाता सूचियों के एसआईआर की अवधि तीन महीने बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि राज्य में चार सप्ताह में 15.35 करोड़ मतदाताओं का एसआईआर कराना प्रशासनिक रूप से असंभव है और इससे बड़ी संख्या में लोगों के मताधिकार से वंचित होने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। भारतीय किसान यूनियन आजाद ट्रस्ट ने याचिका में इस कवायद की अवधि तीन महीने बढ़ाने की मांग की गई है, ताकि गलत तरीके से नाम हटाए जाने से बचा जा सके, ग्रामीणों को परेशानी न हो, सूचियों का सटीक पुनरीक्षण किया जा सके।

तत्काल सुनवाई वाले मामले दो दिनों में होंगे सूचीबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत बोले- 1 दिसंबर से लागू होगी यह व्यवस्था

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने एक दिसंबर से मामलों की सूची को सुव्यवस्थित करने के लिए कदम उठाए हैं तथा मामलों के सूचीबद्ध और उल्लेख के लिए परिपत्र जारी किए गए हैं।

परिपत्र के अनुसार, वादियों को तत्काल सुनवाई की आवश्यकता वाले अपने मामले को सूचीबद्ध करने के लिए पीठ के समक्ष उल्लेख करने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि नए मामले स्वतः ही सूचीबद्ध हो जाएंगे। परिपत्र में कहा गया है, व्यक्तियों की स्वतंत्रता से जुड़े सभी नए मामले और जहां तत्काल अंतरिम आदेश की मांग की गई है और मामले का सत्यापन हो चुका है, अगले दो कार्यदिवसों के भीतर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इसमें कहा गया, सभी जमानत याचिकाओं का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के लिए, अग्रिम प्रति प्रतिवादी (भारत संघ/राज्य/केंद्र शासित प्रदेश) के संबंधित नोडल अधिकारी/स्थायी वकील को दी जानी चाहिए। परिपत्र के अनुसार, अग्रिम जमानत, मृत्युदंड, बंदी प्रत्यक्षीकरण, बेदखली और तोड़फोड़ की कार्रवाई से संबंधित असाधारण रूप से जरूरी मामले में, जो निर्धारित तिथि पर सूचीबद्ध होने की प्रतीक्षा नहीं कर सकते, अनुरोध सुबह 10:00 बजे से 10:30 बजे के बीच किया जा सकता है। इसमें कहा गया है, किसी भी वरिष्ठ वकील को किसी भी अदालत के समक्ष मौखिक उल्लेख करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

10 माह की बच्ची को उठा ले गया भेड़िया, क्षत-विक्षत शव मिला

संवाददाता, बहराइच

- बहराइच में कोतवाली देहात इलाके के खोरिया सफीक की घटना

अमृत विचार : जिले के कोतवाली देहात इलाके में स्थित खोरिया सफीक ग्राम में शुक्रवार की देर रात मां के साथ सो रही 10 माह की बच्ची को भेड़िया उठा ले गया। आहट पर जागी मां ने शोर मचाया तो परिजनों व ग्रामीणों ने भेड़िया का पीछा किया। घर से करीब 800 मीटर दूर खेत में बच्ची का क्षत-विक्षत शव मिला। कोतवाली देहात पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

श्रावस्ती के गिलौला इलाके के रहने वाले रामचंद्र की पत्नी रमादेवी चार दिन पूर्व अपने मायके खोरिया सफीक आई थी। शुक्रवार की रात वह अपनी 10 माह की बच्ची सुनीता के साथ फूस के मकान में सो रही थी। तभी रात करीब एक बजे भेड़िया बच्ची को जबड़े में दबाकर उठा ले गया। उसकी आहट पर जागी मां ने शोर मचाया तो परिजन जंगली जानवर के पीछे भागे। करीब दो घंटे के बाद घर से लगभग 800 मीटर दूर बच्ची का क्षत-विक्षत शव मिला। सूचना पर कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। वन रेंजर ने बताया कि पगचिह्न से यह भेड़िया नहीं, बल्कि अन्य जंगली जानवर का हमला लग रहा है। फिलहाल हम इसकी जांच कर रहे हैं।

भेड़िया के हमले में घायल बालक की मौत

कैसरगंज, बहराइच। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोड़हिया नंबर तीन के मजरे मल्लाहन पुरवा में शुक्रवार की देर शाम भेड़िया ने घर के बाहर खेल रहे स्टार (पांच वर्ष) पुत्र रोशन कुमार पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। बच्चे के दोनों हाथ को भेड़िया चबा गया था। घायल बालक को मेडिकल कालेज बहराइच रेफर किया गया था। वहां से गंभीर हालत में उसे लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विचार | आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- देश की परंपरा ने सामूहिक सद्भाव पर हमेशा जोर दिया

भारत की परंपरा भाईचारे में निहित, विवाद हमारे स्वभाव में नहीं

मुंबई, एजेंसी

- नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव में की शिरकत

आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि विवादों में उलझना भारत के स्वभाव में नहीं है और देश की परंपरा ने भाईचारे एवं सामूहिक सद्भाव पर हमेशा जोर दिया है। भागवत ने नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव में कहा कि राष्ट्र की अवधारणा के मामले में भारत का दृष्टिकोण पश्चिमी व्याख्याओं से मूलतः भिन्न है। उन्होंने कहा, हमारा किसी से कोई विवाद नहीं है। हम विवादों से दूर रहते हैं।

विवाद करना हमारे देश के स्वभाव में नहीं है। एकजुट रहना और भाईचारे को बढ़ावा देना हमारी परंपरा है। उन्होंने कहा कि दुनिया के अन्य हिस्से संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में विकसित हुए हैं। भागवत ने कहा, एक बार कोई मत बन जाने के बाद उससे अलग कोई भी विचार अस्वीकार्य हो जाता है। वे अन्य विचारों के लिए दरवाजे बंद कर देते हैं और उसे 'वाद' कहकर पुकारने लगते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्र की अवधारणा को लेकर भारत का दृष्टिकोण पश्चिमी व्याख्याओं से मूल रूप से भिन्न है। उन्होंने कहा, वे राष्ट्र की हमारी अवधारणा को समझ नहीं पाते, इसलिए उन्होंने इसे 'राष्ट्रवाद' कहना शुरू कर दिया। 'राष्ट्र' की हमारी अवधारणा पश्चिमी अवधारणा से भिन्न है। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रीयता शब्द का इस्तेमाल करते हैं, राष्ट्रवाद का नहीं।

विविधता के बावजूद हम एकजुट रहते

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत की राष्ट्रीयता अहंकार या अभिमान से नहीं, बल्कि लोगों के बीच गहरे अंतर्संबंध और प्रकृति के साथ उनके सह-अस्तित्व से उपजी है। उन्होंने कहा, हम सब भाई हैं, क्योंकि हम भारत माता की संतान हैं। हमारे बीच धर्म, भाषा, खान-पान, परंपराओं या राज्यों जैसे किसी मानव-निर्मित तत्व के आधार पर विभाजन नहीं है। विविधता के बावजूद हम एकजुट रहते हैं, क्योंकि हमारी मातृभूमि की यही संस्कृति है। उन्होंने उस ज्ञान के महत्व पर भी जोर दिया जो विवेक की ओर ले जाता है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि व्यावहारिक समझ और सार्थक जीवन जीना केवल जानकारी रखने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सच्ची संतुष्टि दूसरों की मदद करने से मिलती है - यह ऐसी अनुभूति है, जो क्षणिक सफलता के विपरीत जीवनभर बनी रहती है।

एआई का नियंत्रण हमारे पास हो

इस बीच, भागवत ने कार्यक्रम में युवा लेखकों से कहा कि एआई जैसी प्रौद्योगिकी का आगमन रोका नहीं जा सकता, लेकिन इसका इस्तेमाल करते हुए नियंत्रण हमारे पास होना चाहिए और हमें अपनी गरिमा बनाए रखनी चाहिए। एआई का उपयोग मानवता के हित में और मनुष्य को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए।

ADVERTORIAL



उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव

“माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य स्थायी नीतियों और रणनीतिक पहलों के माध्यम से राज्य के आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचे में सुधार करना और नागरिकों की जीवन में गुणवत्ता को बेहतर करना है।”

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



“21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।”

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

सुलभ मार्ग, दिव्य दर्शन— सर्दियों में भी चारधाम का आशीर्वाद

सर्दियों के दौरान जब हिमपात के कारण चारधाम (यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ) के कपाट बंद हो जाते हैं, तब उनके विग्रह प्रतिमाओं को पारंपरिक डोली यात्रा के माध्यम से नजदीकी शीतकालीन पूजा स्थलों में स्थापित किया जाता है। इन ही मंदिरों में 6 महीनों तक पूजा-अर्चना और दर्शन किए जाते हैं। इसे ही **विंटर चारधाम यात्रा** कहा जाता है। शीतकालीन पूजा के दौरान भक्तगण बिना कठिन पर्वतीय यात्रा के अधिक सुलभ मार्ग से दिव्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करते हैं। इस अवधि में पारंपरिक डांडियों, ढोल-नगाड़ों की गूंज और स्थानीय सांस्कृतिक परंपराओं का अद्भुत अनुभव श्रद्धालुओं को एक अनोखी आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करता है। साथ ही, आसपास स्थित धार्मिक स्थलों, प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थानों और पर्यटन स्थलों के विशिष्ट आकर्षणों को भी करीब से देखने का अवसर मिलता है। शीतकालीन चार धाम व्यवस्था न केवल आस्था का उत्सव है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, होमस्टे एवं ग्रामीण पर्यटन को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देती है, जिससे क्षेत्रीय समुदाय की आजीविका और समृद्धि को नए आयाम मिलते हैं।

प्रकृति की पवित्र पहचान— GI टैग वाले उत्तराखंडी उत्पाद

Geographical Indications of Goods (Registration and Protection) Act, 1999 के अंतर्गत GI टैग उन वस्तुओं को मिलता है जो **विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र** से आती हैं और जिनमें उस क्षेत्र विशेष की **प्राकृतिक विशेषताएँ, उत्पादन पद्धति या सामाजिक-सांस्कृतिक परंपरा** जुड़ी होती है। GI टैग का मुख्य उद्देश्य है: उस उत्पाद को "सिर्फ उस क्षेत्र का असली संस्करण" बताना, नकली या अन्य स्थानों में बनाये गए समान उत्पादों से उसे अलग करना, और स्थानीय किसानों/कुशल कारिगरों को आर्थिक लाभ देना।

उत्तराखंड के GI-टैग वाले उत्पादों की सूची -

- तेजपात
- बेरीनाग चाय
- मंडुआ
- गहत
- बुरांस का शरबत
- सफ़ेद राजमा
- लीची (रामनगर)
- झंगोरा
- काला भट्ट
- पहाड़ी तोर
- लखौरी मिर्च (अल्मोड़ा)
- रामगढ़ आड़ू
- लाल चावल (पुरोला)
- माल्टा
- बिछुआ

हस्तशिल्प और अन्य उत्पाद

ऐपण कला
पारंपरिक कुमाऊँनी कला

रिंगाल शिल्प
रिंगाल बाँस से बने हस्तशिल्प

टम्टा
ताँबे के उत्पाद

थुलमा
एक प्रकार का हस्तशिल्प

भोटिया दान
भोटिया समुदाय की एक हस्तशिल्प वस्तु

लिखाई लकड़ी की नक्काशी
लकड़ी पर की गई जटिल नक्काशी

नैनीताल मोमबत्ती
नैनीताल में बनने वाली मोमबत्तियाँ

कुमाऊँनी रंगीन पिछौड़ा
पारंपरिक रूपांकनों वाला एक रंगीन कपड़ा

रम्माण मुखौटा
चमोली रम्माण उत्सव में इस्तेमाल होने वाले लकड़ी के मुखौटे

परिवार-सा अपनापन और पहाड़ों सा सुकून-उत्तराखण्ड होमस्टे



उत्तराखण्ड के होमस्टे न सिर्फ़ यात्रियों को पहाड़ों के बीच सुकून भरा ठहराव देते हैं, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए आय का महत्वपूर्ण साधन भी बन रहे हैं। पर्यटक जब किसी गाँव या छोटे कस्बे में होमस्टे में रुकते हैं, तो उन्हें स्थानीय संस्कृति, भोजन, परंपराओं और ग्रामीण जीवन का असली अनुभव मिलता है। वहीं दूसरी ओर, होमस्टे से मिलने वाली कमाई सीधे स्थानीय परिवारों तक पहुँचती है, जिससे उनकी रोज़गार के अवसर बढ़ते हैं। इससे पहाड़ों से पलायन कम होता है, महिलाएँ आत्मनिर्भर बनती हैं और गाँवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है।होमस्टे की यह व्यवस्था पहाड़ के हर घर को पर्यटन से जोड़ती है—जहाँ पर्यटक को परिवार जैसा स्नेह मिलता है और स्थानीय लोगों को एक स्थायी आजीविका का मार्ग।

विंटर वंडरलैंड - बर्फ से ढ़के पहाड़ों की गोद में एक यादगार सफ़र

उत्तराखण्ड की सर्दियाँ— रोमांच, अध्यात्म और प्रकृति प्रेम का अद्भुत संगम, बर्फ से ढकी ऊँची पर्वत चोटियाँ, शांत झीलों का निर्मल सौन्दर्य, देवालयों में गूँजती घंटियों की ध्वनि और ठंडी हवाओं का मधुर स्पर्श—सर्दियों में उत्तराखण्ड अपने सबसे खूबसूरत रूप में जीवंत हो उठता है। यह मौसम पहाड़ों की असली आत्मा को करीब से महसूस करने का दुर्लभ अवसर देता है।

जब ऊँचे हिमालयी क्षेत्र बर्फ की सफेद चादर ओढ़ लेते हैं, तब राज्य के कई स्थल एक खास विंटर टूरिज़्म सीज़न के रूप में पर्यटकों का स्वागत करते हैं। विंटर चारधाम पूजा, बर्फीले बुग्याल, रोमांचकारी ट्रेकिंग मार्ग, वॉटर स्पोर्ट्स, पारंपरिक गाँवों में होमस्टे, और सांस्कृतिक उत्सव—हर अनुभव इस यात्रा को यादगार बना देता है।

यह यात्रा केवल आत्मिक शांति और प्राकृतिक सौन्दर्य का उपहार नहीं, बल्कि स्थानीय समुदायों की आजीविका, होमस्टे, और ग्रामीण पर्यटन को नई शक्ति देने वाला अवसर भी है, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और समृद्धि को एक नया रास्ता मिलता है।

मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों से आग्रह

सिंगल-यूज़ प्लास्टिक से बचें

हिमालय के शांत परिदृश्यों की खोज करते समय, स्वच्छता को प्राथमिकता दें। पहाड़ों के नाज़ुक पर्यावरण की रक्षा के लिए हमेशा सिंगल- यूज़ प्लास्टिक से बचें।

यातायात नियमों का पालन करें

पहाड़ों में यात्रा करते समय, यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। सतर्क रहें क्योंकि हर जीवन अनमोल है। अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें और दूसरों की सुरक्षा का सम्मान करें।

वोकल फॉर लोकल

अपनी यात्रा के दौरान, स्थानीय उत्पाद खरीदकर स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करें। अपने यात्रा खर्च का कम से कम 5% प्रामाणिक स्थानीय वस्तुएँ खरीदने के लिए आवंटित करें।

तीर्थ स्थलों की पवित्रता का सम्मान करें

धार्मिक स्थलों पर जाते समय परंपराओं, रीति- रिवाजों और स्थानीय रीति-रिवाजों का सम्मान करें। इन पवित्र स्थलों की गरिमा बनाए रखें और नियमों को समझने और उनका उचित पालन करने के लिए स्थानीय लोगों से सहायता लें।

न्यूज ब्रीफ

डीएम ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

सीतापुर, अमृत विचार : डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भंडारण कक्ष एवं वीवी पैट भंडारण (वेयर हाउस का वाह्य निरीक्षण) का त्रैमासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महिला ने किया खुदकुशी का प्रयास

सीतापुर, अमृत विचार : सिटी स्टेशन रेलवे कॉलोनी में देर रात घरेलू विवाद के कारण रेलवे कर्मचारी बबलू की पत्नी काजल ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इससे पहले उसने नींद की गोलियां खाईं और कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। पति ने दरवाजा तोड़कर पत्नी को फंदे से नीचे उतारा और जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद काजल को लखनऊ रेफर किया गया। पड़ोसियों ने बताया दंपति के बीच पहले भी झगड़े होते रहे हैं। शहर कोतवाल अनूप शुक्ला का कहना है कि दंपति और परिवारजनों से पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

छप्पर में आग लगने से मवेशी झुलसा

सीतापुर, अमृत विचार : पिसावां थाना क्षेत्र के चौकनिया गांव में अज्ञात कारणों से घर में आग लग गई। छप्पर में लगी आग में किसान की गाय झुलस गई। किसान रामसागर के मुताबिक, उसकी गाय छप्पर के नीचे बंधी थी। छप्पर के भीतर रखे उपले और अन्य सामान जलकर राख हो गया। किसान रामसागर ने गाय का इलाज कराकर प्रशासनिक कर्मियों को सूचना दे दी है।

कहीं शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कहीं फॉर्म के लिए भटकते रहे लोग

जिले में कुछ स्थानों पर फॉर्म नदारद, 2003 के पुराने दस्तावेज न मिलने से अटकी प्रक्रिया

ग्राम पंचायत बिरैचा स्थित जूनियर विद्यालय में एसआईआर फार्म भरते बीएलओ।

बीएलओ को सम्मानित करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार टीम, सीतापुर

जनपद में चल रहे गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान ने नगर से लेकर गांव तक लोगों की परेशानी बढ़ा चली है। ऐसे में कई स्थानों पर अभी तक गणना प्रपत्र नहीं पहुंचे, जबकि जहां मिले भी हैं, वहां उन्हें भरने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर विवाहित महिलाओं के लिए मायके का रिकॉर्ड जुटाना, पिता का नाम व क्रम संख्या ढूंढ़ना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

इधर, 2003 में नाबालिग रहे और अब जिनके माता-पिता नहीं रहे, उन्हें पुराने दस्तावेज कहीं नहीं मिल रहे। कई इलाकों से एक ही फॉर्म कई लोगों को दिए जाने, रिसीविंग पर्ची न मिलने और बीएलओ द्वारा समय पर जानकारी न देने जैसी शिकायतें भी मिल रही हैं।

फॉर्म न मिलने से बढ़ी मतदाताओं की परेशानी: लहरपुर नगर क्षेत्र में फॉर्म न मिलने की शिकायतें देखने को मिलीं। मोहल्ला मिश्रपुर की सीमा अवस्थी (40) का कहना है कि कई वर्षों से मतदान कर रही हैं, लेकिन इस बार उन्हें गणना प्रपत्र ही नहीं मिला। मकनपुर निवासी नूर मोहम्मद (50), बूथ संख्या 106, भी अब तक फॉर्म का इंतजार करते मिले। विवाहित महिलाओं को मायके की जानकारी, पिता की क्रम संख्या और पुराने रिकॉर्ड न मिलने से दिक्कतें हो रही हैं।

उधर, रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र में ज्यादातर जगहों पर एक फार्म दिया जा रहा है। जबकि दो फार्म भरकर एक फार्म पर रिसीविंग कर मतदाताओं को देने का नियम है, जिससे मतदाता यह फार्म जमा करने को लेकर निश्चिंत हो जाता है।

डीएम ने दो बीएलओ को किया सम्मानित

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत सेवता विधानसभा क्षेत्र के दो बीएलओ उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए गए। शुक्रवार को एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने रोजगार सेवक मनोज कुमार और रोजगार सेवक विनोद को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि दोनों बीएलओ ने अपने-अपने बूथों पर निर्धारित समय से पहले शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा किया और इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से अभियान की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम जर्नादन समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

> कुछ क्षेत्रों में फॉर्म और रिसीविंग पर्ची देर से पहुंचने के कारण मतदाताओं को असुविधा हुई है। हमने बीएलओ को निर्देश दिया है कि वे फॉर्म का वितरण जल्द पूरा करें और आवश्यक जानकारी मतदाताओं तक समय पर पहुंचाए। हम पूरे जिले में गहन मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।
>
> -नितीश कुमार, अपर जिलाधिकारी

ग्राम पंचायत शुकुल पुरवा में कटान पीड़ितों ने बताया कई लोगों के एस आई आर फॉर्म न मिलने से सुशीला, कान्ती, लीलावती, कोकिला, रामहरख आदि लोगों ने बताया कि हम लोगों के फार्म नहीं मिल रहें हैं जिससे भारी परेशानी हो रही है जबकि आधार कार्ड है, पहले वोट भी डाला था। इसको लेकर ग्रामीण निराश व परेशान हैं।

शुकुल पुरवा में कटान पीड़ित बांध पर रह कर मजदूरी कर गुजार रहे सर्द रातें

संवाददाता रामपुर मथुरा

अमृत विचार: रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र में ग्राम पंचायत शुकुल पुरवा में कटान पीड़ित आवासीय जमीन न मिलने से ठंड भरी रात तेज हवाओं के बीच गुजार रहे हैं। पंचा। खेत व घर नदी में समाहित हो चुके हैं, ऐसे में बांध पर रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर किसी तरह जीविका चला रहे हैं।

पंचा

रामहरख।

फूस की झोपड़ी में गुजारा करते कटान पीड़ित। अमृत विचार

पंचा, दयाराम बलराम अवधराज बदलू मयंकर स्वामीदयाल प्रमोद भाईलाल आदि ग्रामीणों ने बताया कि कृषि योग्य भूमि व घर घाघरा नदी में समाहित हो चुके हैं, मजदूरी कर परिवार चला रहे हैं।

एसडीएम महमूदाबाद वीके सिंह का कहना है कि कटान पीड़ितों को राहत देना प्राथमिकता में हैं, सर्द रातों के लिए राहत के प्रबंध कराए जा रहे हैं।

सड़क दुर्घटना में युवक की गई जान

सांडा, सीतापुर: सकरन थाना क्षेत्र में लखनऊ से अपनी धार्मिक यात्रा पूरी कर लौट रहे एक बाइक पर सवार दो युवकों की ट्रैक्टर से टक्कर हो गयी। हादसे में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सकरन इलाके के तारपारा निवासी रूपेश और सुधीर अपने गांव में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन में शामिल होने लखनऊ से लौट रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक एक ट्रैक्टर से टकरा गई, जिससे दोनों घायल हुए। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान रूपेश की मौत हो गई।

गुड़ व्यापारी की जेब काट उड़ाए एक लाख

महोली, सीतापुर: जेब कतरे ने लिफ्ट के बहाने गुड़ व्यापारी की जेब कतर एक लाख नकदी उड़ा दी। उसकी इस करतूत का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। महोली कस्बे हुई घटना को लेकर पुलिस पिकेट पर सवाल उठ रहे हैं। जांच जारी है। रन्नूपुर निवासी 63 वर्षीय विशंभर वर्मा गुड़ के व्यवसाय से जुड़े हैं। शनिवार दोपहर वे दो गुड़ बेलों से वसूली कर लौट रहे थे। विशंभर के मुताबिक, उन्होंने तीन लाख रुपए वसूले थे, जिनमें से एक लाख रुपए अलग जेब में रखे थे। पिंकू आढ़त के पास एक सफेद डिजायर कार में बैठे युवक ने लिफ्ट मांगी तो उन्होंने उसे पीछे बाइक पर बैठा लिया। करीब 700 मीटर की दूरी तय करने के दौरान आरोपी ने बड़ी सफाई से व्यापारी की जेब काटकर एक लाख रुपए की नकदी निकाल ली। विशंभर को थोड़ी दूरी पर ही जेब कटने का एहसास हुआ और उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मगर तब तक शातिर फरार हो लिया। पुलिस ने पास के लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जिसमे शातिर की करतूत कैद हुई।

बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

मिशन शक्ति अभियान को लेकर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपदीय पुलिस को सक्रिय भागीदारी कर महिलाओं को जागरूक करने, उनके सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के लिए दिशा- निर्देश दिये गये। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी की अध्यक्षता में समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति केंद्र के प्रभारी एवं टीमों के साथ बैठक की गयी। बैठक के दौरान सभी टीमों को मुख्यालय द्वारा दी गयी। थानों पर गठित महिला सुरक्षा दलों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों, बीट आदि में जाकर उनमें पड़ने वाले विद्यालयों, कस्बों, ग्रामों आदि जाकर जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है।

सेवता विधायक का वीडियो हुआ वायरल किसानों ने जताई आपत्ति

संवाददाता, सीतापुर: सेवता विधायक ज्ञान तिवारी का वीडियो वायरल होने पर किसान संगठनों ने आपत्ति जताई है। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू का कहना है कि क्रय केंद्र पर धान तौल के लिए कई ट्रालियां दिनों से खड़ी थी। इसी बीच भाजपा मंडल अध्यक्ष की ट्राली की तौल कराने को लेकर विधायक ने केंद्र प्रभारी से बात की।

दूसरी ओर, ईंटगांव के पूर्व प्रधान बलजीत सिंह की ट्राली 20 दिनों से लगी थी, जिसका अब तक नंबर नहीं आया। आरोप है कि जब केंद्र प्रभारी ने यह स्थिति विधायक को बताई तो उन्होंने किसान के लिए आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया जो किसी प्रकार ठीक नहीं था। संगठन ने उपजिलाधिकारी बिसवां को ज्ञापन प्रेषित किया है। किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि 30 नवंबर को बैठक कर बड़े आंदोलन की घोषणा करेंगे।

बाइक की टक्कर के बाद युवकों में जमकर हुई मारपीट वीडियो हुआ वायरल

महोली, सीतापुर: कोतवाली क्षेत्र में सड़क पर हुई मामूली बाइक टक्कर के बाद तीन युवकों में पहले कहासुनी हुई, फिर मारपीट शुरू हो गई। राहगीरों ने बीच-बचाव की कोशिश की, थोड़ी देर में वहां भीड़ जमा हो गई। दो युवक बाइक लेकर फरार हो गए, जबकि तीसरा खुद को बचाता नजर आया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही है। महोली कोतवाली क्षेत्र की तहसील के पास सड़क पर बाइक टक्कर के बाद तीन युवकों में कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया। राहगीर बीच-बचाव में जुटे, लेकिन युवकों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। भीड़ जमा हो गई और दो युवक अपनी बाइक लेकर फरार हो गए। तीसरा युवक भीड़ के सामने खुद को बचाता नजर आया। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस पिकेट पर भी सवाल उठे। सीओ महोली नागेन्द्र चौबे ने बताया कि वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

मीरनगर में महिला को हेपेटाइटिस बी का टीका लगाती नर्स। अमृत विचार

हेपेटाइटिस बी के टीकाकरण का चला अभियान

सीतापुर, अमृत विचार : जनपद में तंबौर क्षेत्र के सनसरी गांव में बड़ी संख्या में मिले हेपेटाइटिस बी के मरीजों के बाद से ही स्वास्थ्य विभाग सजग है। जिसको लेकर युवा प्रतिभा विकास सेवा संस्थान के तहत जनपद में हेपेटाइटिस बी का टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। संस्थान के सचिव अरुण यादव ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार के निर्देश पर चौदह नवंबर से जनपद में संस्था के सदस्यों ने सुपरवाइजर, आशा कार्यकत्रियों के साथ मिलकर घर-घर जाकर लोगों को संक्रमण के प्रति जागरूक किया। हेपेटाइटिस बी का टीकाकरण भी किया। बताया कि गर्भवती, हार्ट पेशेंट, मिर्गी दौरे इत्यादि बीमारियों से ग्रसित लोगों का टीकाकरण नहीं किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम मीरनगर में आशा ज्योति जायसवाल के सहयोग से स्टाफ नर्स अंजलि और सानिया द्वारा ग्रामीणों में वैक्सीनेशन कराया गया। सुनीता वर्मा द्वारा ग्राम पंचायत बिरैचा में लोगों का पंजीकरण किया गया।

महिला का लटकता मिला शव, जांच शुरू

सीतापुर, अमृत विचार: विवाहिता का शव घर में लटका हुआ मिला। रामकोट थानाक्षेत्र के शास्त्री नगर में हुई घटना को लेकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। परिवार से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बताते हैं कि रामकोट थानाक्षेत्र की अहाता कप्तान निवासी अंजनी (30) पत्नी अर्पित पिछले कुछ समय से मोहल्ला शास्त्री नगर में रह रही थी। दोपहर बाद घर के भीतर फंदे से झूलती मिली। संदिग्ध अवस्था में लटकी महिला को जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, मानपुर थानाक्षेत्र में विवाहिता की मौत की खबर है। बताते हैं कि घटना के समय छोटी का पति घर के बाहर था।

सचिव को बंधक बनाने की कोशिश, चुनाव हुआ रद

हरगांव, सीतापुर: क्षेत्र के ग्राम गुरुढ़ापा में कोटा चुनाव के दौरान बवाल हुआ। आरक्षण को लेकर प्रधान और विपक्षी उम्मीदवार अनिल कुमार फौजी के समर्थक आमने-सामने आ गए। प्रधान पक्ष के कुछ लोगों ने पंचायत सचिव धर्मेंद्र कुमार कनौजिया को कथित रूप से बंधक बनाने का प्रयास किया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के बाद पुलिस ने सचिव को सुरक्षित बाहर निकाला और चुनाव रद कर दिया गया। सप्लाई इंस्पेक्टर ने शासनादेश का हवाला देते हुए फौजी को आरक्षण का लाभ देने की जानकारी दी, जिसका विपक्षी पक्ष ने स्वागत किया, लेकिन प्रधान समर्थकों ने विरोध किया। विवाद बढ़ने पर फौजी समर्थक मतदान स्थल के बाहर चले गए। आरोप है प्रधान पक्ष के लोगों ने सचिव पर दबाव डालकर प्रस्ताव उनके पक्ष में दर्ज कराने की कोशिश की जिसे सचिव ने साफ इनकार कर दिया। कुछ लोगों ने सचिव को स्कूल के एक कमरे में बंद कर बंधक बनाने का प्रयास किया। पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया, सचिव को सुरक्षित बाहर निकाला और सरकारी वाहन से थाने भेजा।

प्रधानाध्यापक और शिक्षक अनुपस्थित, कटेगा वेतन

लहरपुर, सीतापुर: गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को गति देने के लिए एसडीएम और बीडीओ ने शनिवार को विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। रायपुर गंज व अकैचनपुर टप्पा स्थित मतदान केंद्रों पर एसआईआर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। लहरपुर उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने प्राथमिक विद्यालय रायपुर गंज मतदान केंद्र पर मृतक व पलायन कर चुके मतदाताओं के रिकॉर्ड की जानकारी ली। उन्होंने एसआईआर फॉर्म की फीडिंग की स्थिति जांची और ताकीद कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तीनों बूथों पर बीएलओ उपस्थित पाए गए। वहीं, बीडीओ शैलेंद्र कुमार सिंह ने अकैचनपुर टप्पा मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार जोशी और शिक्षक उपेंद्र सिंह गैरहाजिर मिले, जिनका एक दिन का वेतन काटने की रिपोर्ट बीईओ को भेजी गई। सभी बीएलओ, कोटेदार और सचिव मौजूद पाए गए।

बैठक को संबोधित करतीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा। अमृत विचार

भाजपा लोकतंत्र खत्म करना चाहती है : धीरज

सीतापुर, अमृत विचार : शहर में आयोजित जिला एवं शहर कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश सह-प्रभारी धीरज गुर्जर ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। धीरज गुर्जर ने कार्यकर्ताओं से 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली में शामिल होने की अपील की। पूर्व विधायक हरीश बाजपेई ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता संकल्पित हैं। जिला अध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर मतदाता पुनरीक्षण कार्य जारी है। शहर अध्यक्ष शिशिर वाजपेई ने कहा कि वार्ड स्तर पर मतदाता कैंप लगाकर बीएलए लगातार सक्रिय हैं। निवर्तमान कोषाध्यक्ष शिव पांडे सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में अंशु अवस्थी, ज्ञानेश शुक्ला, आशीष सिंह, रमेश निषाद सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

सिधौली पुलिस ने वांछित गैंगस्टर को किया गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार: सिधौली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर नहरपुल हीरपुर मार्ग के पास से गिरफ्तार किये गए मंझा गाँव निवासी अरविंद पुत्र बच्चूलाल गैंगस्टर एक्ट मे वांछित चल रहा था। क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार ने बताया कि आरोपी पर गैंगस्टर एक्ट के अलावा चोरी और अवैध शस्त्र रखने से जुड़े कई मामले लंबित हैं। पुलिस अब उसके अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति की जांच कर जब्ती की कार्रवाई करेगी। गिरफ्तारी होने के बाद कड़ी पूछताछ की गयी फिर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

बैठक में योजनाओं की जानकारी देते एसडीओ। अमृत विचार

एसडीओ ने बिजली बिल राहत को लेकर की बैठक

मिश्रिख, सीतापुर : मिश्रिख उपकेंद्र में शनिवार को एसडीओ अंकुर वर्मा की अध्यक्षता में क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 1 दिसंबर से शुरू होने वाले वन टाइम सेटलमेंट कार्यक्रम और बिजली बिल राहत योजना 2025 को सफल बनाना रहा। एसडीओ अंकुर वर्मा ने ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में जाकर उपभोक्ताओं को योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि समय पर जानकारी मिलने से ग्रामीण अपने बकाया बिलों का निस्तारण कर सकेंगे और छूट का अधिकतम फायदा उठा पाएंगे। एसडीओ ने कहा कि योजना आम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने वाली है और इसमें ग्राम प्रधानों की सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में उपकेंद्र के कर्मचारी एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान मौजूद रहे।

धरना देकर प्रदर्शन करते सेवानिवृत्त कर्मचारी। अमृत विचार

मांगों को लेकर पेंशनर्स ने दिया धरना

सीतापुर, अमृत विचार : सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की शाखा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में विविध भागों को लेकर सेवानिवृत्ति कर्मचारियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाअधिकारी को सौंपा गया। संगठन के अध्यक्ष आरसी पाण्डेय द्वारा बताया गया कि ज्ञापन में आठवें पे कमीशन के टर्म रिफरेंस में परिवर्तन कर पुराने पेंशनर्स का दे लाभ शामिल किया जाए। साथ ही पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य लाभों को पेंशन आयोग के दायरे में लाया जाए। सेवानिवृत्ति सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) रमेश बाजपेई ने बताया कि रिटायर होने के बाद जो पेंशन निश्चित की जाती है, उसकी रिकवरी अब पन्द्रह साल के बाद होती है। जो की दस साल पर होनी चाहिए। इससे सेवानिवृत कर्मचारियों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

राजस्व अमीन पर दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

नैमिषारण्य, सीतापुर: मिश्रिख में एक होमगार्ड ने राजस्व अमीन पर अभद्रता और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने का गंभीर आरोप लगाया है। होमगार्ड अवधेश कुमार ने घटना की शिकायत जिलाधिकारी को लिखित रूप में सौंपते हुए बताया कि बीते गुरुवार को वह एक बुजुर्ग फरियादी को उपजिलाधिकारी से मिलाने गए थे। इसी दौरान राजस्व अमीन राजकुमार ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और आपत्तिजनक भाषा का उपयोग किया। मामले पर उप जिलाधिकारी शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि घटना उनके संज्ञान में है। दोनों पक्षों को समझा दिया गया है। दोनों में आपसी कहासुनी हुई थी।

कथा में जुटे भक्त। अमृत विचार

सती प्रसंग का किया वर्णन

लहरपुर, सीतापुर : बाबा औघड़ नाथ धाम चंदे सुआ में चल रहे 22वें श्री रुद्र महायज्ञ, श्री राम कथा, संत सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। यज्ञाचार्य पंडित विपुल कृष्ण अवस्थी और वैदिक मंडल के आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। श्री राम कथा के दौरान मानस व्यास पंडित उमाशंकर अवस्थी ने मां सती के भ्रम से जुड़े प्रसंग का वर्णन किया। बताया भगवान शिव ने वन में भगवान राम को प्रणाम किया जिसे देख मां सती को भ्रम हुआ। भ्रम दूर करने को मां सती ने राम की परीक्षा ली। कार्यक्रम आयोजक अजय पांडे सरल ने बताया कि वृंदावन के श्यामा श्याम रासलीला मंडल द्वारा भगवान की झांकियां और लीलाएं प्रस्तुत की जाएंगी।

बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

सीतापुर, अमृत विचार: राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान व समग्र शिक्षा माध्यमिक के मार्गदर्शन में आयोजित तीन दिवसीय 53वीं मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 में सीतापुर के छात्र अपनी दक्षता का परिचय देकर अव्वल रहे। मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में स्वास्थ्य व स्वच्छता में कृषक इंटर कॉलेज महोली के अभिषेक कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उभरती प्रौद्योगिकी में मंडल में कृषक इंटर कॉलेज के ही शरद गुप्ता अव्वल रहे। जेएलएमडी इंटर कॉलेज के ललित कुमार ने चिरस्थायी कृषि में जिले का मान बढ़ाया, वे मंडल में प्रथम स्थान पर रहे। इसी विद्यालय के कपिल गौतम ने हरित ऊर्जा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रदर्शनी का मुख्य विषय विकसित व आत्मनिर्भर भारत के एसटीईएम पर आधारित रहा। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार व प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष कुमार सिंह द्वारा विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और शिक्षकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

रमुआपुर गांव में मेड़ विवाद में दो भाइयों पर जानलेवा हमला, तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

कुतुबनगर, सीतापुर : पिसावां थाना क्षेत्र के रमुआपुर गांव में शनिवार सुबह खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में दो भाइयों को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। रमुआपुर निवासी लेखपाल सिंह ने तहरीर में बताया कि बीते गुरुवार को उनके बेटों शिव मोहन और शिवम का दूसरे पक्ष के शिव मोहन और गोविंद से विवाद हुआ था। इसी रंजिश में शनिवार को तीन आरोपियों ने रास्ते में दोनों भाइयों को घेरकर मारपीट कर दी। गाली-गलौज के बाद हमलावरों ने डंडों और लात-घूंसों से हमला किया। जानलेवा हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजकर चिकित्सीय परीक्षण कराया। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

जिला जज ने जाना कारागार का हाल

सीतापुर, अमृत विचार : जिला जज कुलदीप सक्सेना ने शनिवार को कारागार का गहन निरीक्षण किया। उनके साथ अपर जिला जज नरेंद्र नाथ त्रिपाठी भी मौजूद थे। दोनों ने पाकशाला का निरीक्षण कर महिला बैरक पहुंचकर बंदियों से संवाद किया। फिर चिकित्सालय में दवा वितरण आदि की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की शिक्षा की जानकारी ली और उन्हें उचित परामर्श भी दिया। स्वास्थ्य लाभ को लेकर चिकित्सक से सवाल किये। जिला जज ने जेल अधीक्षक से कहा कि जो बंदी सीआरपीसी का लाभ पाने योग्य हैं, उनकी सूची प्रत्येक माह सुनिश्चित करें। इस दौरान कारागार का स्टाफ मौजूद था।

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार, 30 नवंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन पर हुई शोकसभा

शुक्लागंज। राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव के कुमार के आवास पर शनिवार को शोकसभा हुई। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्रीप्रकाश जायसवाल के निधन पर शोक जता कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी। के कुमार ने कहा कि जायसवाल का निधन कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। शोकसभा में पूर्व जिला उपाध्यक्ष दया शंकर शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष दूधनाथ वर्मा, पीसीसी सदस्य अनवर खुर्शीद, राजाराम कोरी, विचित्र वीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी सैय्यद इरफान आदि मौजूद रहे।

गैंगस्टर एक्ट के दोषी को 2 साल की सजा

उन्नाव। दही थाना पुलिस ने 19 अक्टूबर-2023 को अभिषेक राठोर निवासी मोहल्ला सफीपुर प्रथम थाना चकेरी जिला कानपुर नगर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। आईओ राजेश यादव ने साक्ष्य एकत्र कर 3 मार्च-2024 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में अभियोजन पक्ष से विश्वास त्रिपाठी, अलंकार द्विवेदी व हरीश अवस्थी की दलील सुनने के बाद न्यायाधीश निवेदिता अस्थाना ने अभिषेक राठोर को दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई। उस पर 5000 का जुर्माना लगाया।

मातारानी का भंडारा आज

उन्नाव, अमृत विचार। मातारानी के आशीर्वाद से श्री मां कल्याणी मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन 30 नवंबर को दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है। पीके मिश्रा ने कहा कि मां कल्याणी मंदिर परिसर पहुंचकर माता रानी का प्रसाद अवश्य ग्रहण करें।

युवक को गोली मारने की धमकी देने का आरोप

उन्नाव, अमृत विचार। अचलगंज कोतवाली क्षेत्र के रामेश्वर नगर मोहल्ला निवासी आशीष कुमार पुत्र रामविलास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती शुक्रवार को वह राम बख्श खेड़ा स्थित पुराने मकान से लौट रहा था। तभी वहां पहुंचे कमल पुत्र रामदास यादव व उसके दो अज्ञात साथियों ने उसे नशे में रोक लिया और जातिसूचक गालियां देते हुए गोली मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत करने के साथ उन्नाव पुलिस के एक्स प्लेटफार्म पर शिकायती पत्र साझा किया। इसके बाद अचलगंज पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

आज छह घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

शुक्लागंज। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गोकुल बाबा उन्नाव पर स्थापित जर्जर 33 केवी वीसीबी बदलने के चलते रविवार को कई क्षेत्रों में सप्लाई बाधित रहेगी। उपकेंद्र से निर्गत 11 केवी शुक्लागंज फीडर-1, 11 केवी नेहरूबाग, 11 केवी मगरवारा औद्योगिक, 11 केवी गायत्री नगर व 11 केवी न्यू ग्रामीण फीडर की आपूर्ति सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड मगरवारा ने बताया कि कार्य के दौरान इन फीडरों से जुड़े सभी वितरण ट्रांसफॉर्मरों के क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है।

शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

उन्नाव, अमृत विचार। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के जिलाध्यक्ष व राजा शंकर सहाय इंटर कॉलेज के अर्थशास्त्र प्रवक्ता शिवभान सिंह चौहान के निधन पर शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा राजा शंकर सहाय इंटर कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इसमें संगठन के जिले से लेकर प्रदेश के पदाधिकारियो ने श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कटान का निरीक्षण करने पहुंचे एक्सईएन

शुक्लागंज। गंगा का जलस्तर घटने के बाद मिश्रा कॉलोनी क्षेत्र के रिहायशी इलाके में दो माह से हो रही तेज कटान अब स्थानीय लोगों के लिए खतरा बन गई है। कटान मकानों के नजदीक पहुंच चुकी है। जिससे निवासियों में घरों के उजड़ने की आशंका गहरा रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर एक्सईएन गगन शुक्ला, सहायक अभियंता आयुष कुशवाहा, जेई जयप्रकाश श्रीवास्तव व पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे के प्रतिनिधि संदीप पांडे ने मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट से नवीन बाढ़ केंद्र तक कटान क्षेत्र का निरीक्षण किया। कटान की गंभीर स्थिति देख अधिकारियों ने चिंता जताते हुए कहा कि तट को बचाने के लिए त्वरित कार्रवाई जरूरी है। एक्सईएन ने बताया कि कटान रोकने के लिए करीब 300 मीटर लंबे क्षेत्र में जियो बैग डाले जाएंगे। इसके लिए स्टीमेट तैयार किया गया है। बजट स्वीकृत होते ही काम शुरू कराया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्य पूर्ण होते ही मिश्रा कॉलोनी के तट से सटे मकानों को कटान से राहत मिलेगी।

डीएम ने धान खरीद बढ़ाने का दिया निर्देश

जिले में 35000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य है, जिसमें 1698.78 टन खरीद हो चुकी है

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने मंडी परिषद उन्नाव में संचालित विपणन शाखा खाद्य विभाग के क्रय केंद्र प्रथम व द्वितीय का निरीक्षण कर खरीद की स्थिति व किसानों के लिए क्रय केंद्र में उचित व्यवस्थाएं देखीं।

इसमें मंडी परिषद उन्नाव के क्रय केंद्र प्रथम व द्वितीय में क्रमशः 134.54 मीट्रिक टन व द्वितीय में 118.28 मीट्रिक टन की खरीद मिली। जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिये कि खरीद का जो लक्ष्य है उसे समय से पूर्ण किया जाए। रोजाना जो धान खरीद हो रही है उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। बड़े काश्तकार व ग्राम प्रधानों से संपर्क स्थापित कर खरीद बढ़ाई जाए। डिप्टी आरएमओ संतोष यादव ने बताया कि जिले में 35000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य है। जिसमें 1698.78 टन खरीद हो चुकी है। जिले में 39 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। बताया कि धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कामन धान 2369 रुपये प्रति कुंतल, ग्रेड ए 2389 रुपये प्रति कुंतल, उतराई छनाई सफाई के लिए 20 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व क्रय केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

कोई भी एसआईआर फॉर्म भरने से वंचित न रहे

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत विधानसभा 165-उन्नाव क्षेत्र में मैचलेस विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आदर्श नगर कक्ष संख्या 1 व 2 के भाग संख्या 216, 217, 218 व 219 का औचक निरीक्षक किया। जहां उपस्थित बीएलओ के साथ क्षेत्रीय आंगनबाड़ी, आशा बहुएं, सुपरवाइजर व सभासद मिले। बीएलओ से कुल मतदाता, डुप्लीकेट व शिफ्टेड मतदाताओं की संख्या व जमा किए गए एसआईआर फॉर्म की जानकारी ली और निर्देशित किया कि अभियान में तेजी लाई जाए। एसआईआर फॉर्म भरवाने में कोई भी मतदाता छूटने न पाए। डुप्लीकेट व शिफ्टेड मतदाताओं को सूचीबद्ध कर स्थानीय बीएलए व सभासदों के माध्यम से इस सूची का सत्यापन कराने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी आदि रहे।

3 माह के बच्चे की अचानक मौत

परिजनों के शांत होने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भिजवाते सीओ। अमृत विचार

नवाबगंज, उन्नाव, अमृत विचार। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मकूर गांव में टीकाकरण कार्यक्रम में 3 माह के बच्चे के टीके लगाए जाने के कुछ घंटे बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने ओवरडोज से मौत होने की बात कह हंगामा काटा।

बता दें कि नवाबगंज ब्लाक व अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मकूर गांव में बीते शुक्रवार स्वास्थ्य विभाग की टीम बच्चों का टीकाकरण करने गई थी। इस दौरान आशा बहु निशा देवी के क्षेत्र मार्क्स नगर में 12 बच्चों का टीकाकरण एएनएम द्वारा किया गया। जिसमें सूरज का 3 माह का बेटा गौरव भी था। दादी रेनू का आरोप था कि सभी बच्चों को तीन टीके लगाए गए लेकिन गौरव को एएनएम ने चार टीके लगाए और बुखार आने पर पैरासिटामोल का सिरप देकर इसे दो एमएल पिलाने की बात कहकर घर भेज दिया। आरोप लगाया कि घर आने पर बच्चा सुस्त हो गया।

डंपर की टक्कर से दो युवकों की मौत

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। दही थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाइवे पर मुर्तजानगर नहर के पास शनिवार शाम तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार तीनों युवक रिंकू (28), नीरज (27) और चंदन (30 निवासी शिव नगर थाना दही घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की से तीनों घायलों को जिला अस्पताल उन्नाव भेजा। जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान रिंकू व नीरज को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल चंदन को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि रिंकू व नीरज चाचा भतीजा है।

उन्नाव, अमृत विचार। मजदूरी कर लौट रहे युवक को हाईवे पर अज्ञात वाहन टक्कर मार कर भाग निकला। अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया।

सूचना पर पहुंचे परिजन उसका शव देख बेहाल हो गए।

अचलगंज थानाक्षेत्र के पचोड्डा गांव के मजरा लोहारन ताल निवासी आशीष पुत्र विंदा प्रसाद मजदूरी से अपनी जीविका चलाता था। शुक्रवार सुबह वह बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के सिंकदरपुर कर्ण गांव में मजदूरी करने गया था। देरशाम काम समाप्त कर लौटने के लिए वाहन की तलाश में गांव के बाहर उन्नाव-लालगंज हाईवे पर आया। तभी अज्ञात वाहन उसे टक्कर मार कर भाग निकला। पुलिस ने उसे लोहचा सीएचसी पहुंचाया। जहां इलाज शुरू होने से पहले उसकी मौत हो गई। उसके पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। सूचना पर पहुंचा पिता बेटे का शव देख बिलख उठा। वहीं बेटे की मौत से मां किशन दुलारी भी सदमे में है। उसके दो बेटो में आशीष बड़ा था। छोटे बेटे अजय की एक साल पहले गांव के पास उन्नाव-प्रयाग रेलमार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई थी। पिता ने बताया कि आशीष की शादी हुई थी। लेकिन पत्नी ममता से उसकी नहीं बनती थी। अक्सर विवाद होने से रिश्तेदारों की मौजूदगी में दो माह पहले दोनों का अलगाव हो गया था। पिता की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया है।

महिला दरोगा लाइन हाजिर

उन्नाव। दहेज उत्पीड़न के मामले की जांच करने गई महिला दरोगा के सामने जब दो पक्षों में कहासुनी हो गई तो आपे से बाहर हो गईं और उन्होंने वृद्धा को जूते से मारने की बात कह दी। इसका वीडियो वायरल होने पर एसपी ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के डकौली गांव निवासी महिला ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कोतवाली सदर में तैनात महिला दरोगा उमा अग्रवाल जांच करने गांव पहुंची थी। दोनों पक्षों के बयान लेने के दौरान उनमें विवाद की स्थिति बन गई। बताते हैं कि महिला पर उसकी सास व ननद ने आरोप लगाया तो वहां कहासुनी के बाद मारपीट की स्थिति बन गई। इस पर महिला दरोगा आपे से बाहर हो गई और उन्होंने वृद्धा को जूते से पीटने की धमकी दे दी।

बस की टक्कर से खाई में गिरी कार

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। शनिवार शाम कानपुर से लखनऊ जा रहे सॉफ्टवेयर डेवलपर व उसका परिवार सड़क हादसे में बाल-बाल बचा। आजाद मार्ग पर साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में उनकी कार असंतुलित होकर पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस की चपेट में आ गई। बस की टक्कर से कार 15 फीट गहरी खाई में पलट गई। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला।

दुर्घटना के बाद खाई में पलटी पड़ी कार। अमृत विचार

कानपुर आवास विकास निवासी अभिषेक कृष्ण शुक्ला अपनी पत्नी रागिनी व चार वर्षीय बेटी अक्षरा के साथ लखनऊ जा रहे थे। कैलाश विहार के पास अचानक एक साइकिल सवार सामने आ गया। उसे बचाने के लिए अभिषेक ने कार मोड़ दी। तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित बस ने कार में टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। तभी वहां से गुजर रहे एडवोकेट ओपी पांडेय ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे दंपती व बच्ची को बाहर निकाला। इसमें सभी को हल्की चोटें आईं। जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई।

भूमाफिया दिव्या अवस्थी गिरोह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

शुक्लागंज, अमृत विचार। जमीन हड़पने और रंगदारी मांगने के मामले में कोर्ट के निर्देश पर गंगाघाट पुलिस ने दिव्या अवस्थी समेत सात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

बता दें कि अहमद नगर निवासी अतिकुल जमा का आरोप है कि दिव्या अवस्थी ने वर्ष 2019-20 में गांव मझरा पीपरखेड़ा की गाटा संख्या 418 की जमीन उन्हें और अन्य लोगों को बेची थी। अतिकुल जमा ने 60 लाख 50 हजार रुपये का भुगतान कर जमीन खरीदी थी। हालांकि बाद में दिव्या अवस्थी व उनके साथियों ने उसी जमीन पर दोबारा कब्जा करने का प्रयास किया और रंगदारी मांगी। उसका आरोप है कि दिव्या अवस्थी के गुर्गे नासिर दलाल, सारिक व सुनील उर्फ मिठ्ठू गुप्ता लगातार उन्हें धमकी दे रहे थे कि बिना 50 लाख रुपये गुंडा टैक्स दिए कब्जा नहीं मिलेगा। आरोप है कि दिव्या अवस्थी ने उसी जमीन की 2025 में दूसरे लोगों से भी रजिस्ट्री कराकर अवैध लेनदेन किया। कोर्ट के आदेश पर गंगाघाट पुलिस ने शक्ति नगर निवासी दिव्या अवस्थी, राघवेंद्र अवस्थी, शिवांगी अवस्थी, अहमद नगर निवासी नासिर दलाल, सारिक, ब्रह्म नगर निवासी सुनील गुप्ता उर्फ मिठ्ठू व अवस्थी फार्म हाउस निवासी मोना पर धमकी, रंगदारी व धोखाधड़ी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

तत्कालीन सीओ पर दर्ज होगा केस

उन्नाव, अमृत विचार। तत्कालीन सीओ पुरवा पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर एसपी आफिस में एक दलित युवक ने वर्ष 2023 में आत्मदाह कर लिया था। इलाज दौरान उसकी मृत्यु हो गयी थी। मृतक के भाई की ओर से एससी एसटी न्यायालय में तत्कालीन सीओ पुरवा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया गया था। 25 नवंबर को सुनवाई के बाद न्यायालय ने सीओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुरवा पुलिस को निर्देश दिए है।

बता दे कि पुरवा कोतवाली के भूलेमऊ गांव निवासी श्रीचंद्र ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में 27 दिसंबर 2023 को एसपी से शिकायत करने के बाद खुद को आग लगा ली थी। इलाज दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। मृतक के भाई मूलचंद्र के मुताबिक 18 अक्टूबर 2023 को श्रीचंद्र व उसके परिवारीजनों को भूमि विवाद के मामले में दूसरे वर्ग के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने दौड़ा दौड़ा कर पीटा था।

घटना में श्रीचंद्र के भाई मूलचंद्र व भतीजे को चोटें आई थीं। बाद घटना कोतवाली में मारपीट में गंभीर चोट पहुंचाने समेत दलित उत्पीड़न की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना तत्कालीन सीओ दीपक सिंह कर रहे थे। मृतक का आरोप था कि सीओ दीपक सिंह ने आरोपितों के नाम निकालने व धारा हल्की करने के एवज में तीन लाख की घूस ली थी। मृतक को जानकारी हो जाने पर उसने उच्चाधिकारियों से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई मगर नतीजा शून्य रहा। मृतक के भाई मूलचंद्र ने बाद घटना सीओ सहित जिम्मेदार पुलिस कर्मियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने की मांग कर रहा था। कार्यवाही न होने पर उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

तेईस माह की लगातार पैरवी के बाद विशेष न्यायाधीश एससी, एसटी एक्ट ने सीओ दीपक सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश पारित किया। इस संबंध में पुरवा कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव ने बताया कि उन्हें न्यायालय से इस संबंध में कोई भी आदेश नहीं मिला है।

गवाही पर न पहुंचने पर दरोगा के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू जारी

उन्नाव, अमृत विचार। गवाही के लिए करीब एक साल से एनडीपीएस कोर्ट में पेश न होने पर फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र में तैनात दरोगा विष्णुदत्त के विरुद्ध न्यायाधीश जयवीर सिंह नागर ने शनिवार को गैर जमानती वारंट जारी किया है। साथ ही एसपी को विभागीय कार्रवाई के लिए पत्र भी भेजा है। अब केस में अगली सुनवाई 4 दिसंबर को होगी।

बता दें कि 29 मई-2023 को मौरावां थाना में तैनात दरोगा विष्णुदत्त ने चेकिंग के दौरान मझकोरिया गांव निवासी यूनुस के पास गांजा बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की थी। आईओ ने साक्ष्य एकत्र कर चार्जशीट पेश की थी। तभी से केस का एनडीपीएस कोर्ट में ट्रायल चल रहा है। वादी मुकदमा दरोगा विष्णुदत्त की गवाही के लिए 13 दिसंबर-2024 की तारीख अंकित की थी। परंतु तय तारीख पर दरोगा कोर्ट नहीं पहुंचे। पत्रावली पर सुनवाई के लिए 23 सितंबर-2025, 6, 10, 17, 27 अक्टूबर व 3, 13, 21 नवंबर की तारीख नियत हुई। लेकिन दरोगा सम्मन की तामीली के बाद भी कोर्ट से गैर हाजिर रहे। इस पर एनडीपीएस कोर्ट के न्यायाधीश जयवीर सिंह नागर ने एसपी को इस संबंध में पत्र भेजा है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती बीबी जहां पत्नी हामिद अली निवासी मोहल्ला सरोजनी नगर बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय मे दिनाँक 15-11-2025 को अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड बैनामा, आधार कार्ड की छायप्रति व शपथ पत्र प्रस्तुत कर यह उल्लेख किया है कि प्रार्थिनी ने मोहल्ला गढ़ी/नगवा बाँगरमऊ का एक किता प्लाट पूरब से पश्चिम 30 फिट व उत्तर से दक्षिण 38 फिट कुल क्षेत्रफल 1140 वर्गफीट या 105.95 वर्गमीटर प्लाट विक्रेता श्री चौ0 अशोक कुमार सिंह उर्फ बेबी पुत्र स्व0चौ0 सुरेन्द्र सिंह मोहल्ला चौधराना बाँगरमऊ जिला उन्नाव से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25-07-2017 को क्रय कर गोड़े का निर्माण करवा लिया है। उक्त गोड़े की चौहदी निम्नलिखित है। पूरब- भूमि बिक्रेता पश्चिम- प्लाट श्रीमती शमीमुन बेगम उत्तर- भूमि बिक्रेता दक्षिण- कच्चा रास्ता प्रार्थिनी ने अपने उपरोक्त गोड़े को नगर पालिका कर पंजिका में कर की अदायगी के लिए अपने नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य आवेदन पत्र,रजिस्टर्ड बैनामा, शपथ पत्र,आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ उन्नाव

एनसीसी कैडेट्स को मिला प्रशिक्षण

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार। राजधानी मार्ग स्थित अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स का 10 दिवसीय सीएटीसी-207 कैंप 3 यूपी एयर एसक्यूएन एनसीसी कानपुर यूनिट के विंग कमांडर राहुल पांडेय, वॉरंट ऑफिसर, जूनियर वॉरंट ऑफिसर मनोज चक्रवर्ती व पीआई स्टाफ के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कैडेट्स को ड्रिल, वैपन ट्रेनिंग, पॉइंट 22 राइफल फायरिंग, एरोमॉडलिंग, ड्रोन ट्रेनिंग, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, साइबर व लीगल अवेयरनेस सहित एयर फोर्स तकनीकी विभाग का प्रशिक्षण दिया गया। कानपुर के जेके मंदिर, इस्कॉन मंदिर, सुधांशु आश्रम व बिठूर का भ्रमण भी कराया गया। प्रतियोगिताओं में कैडेट प्रिंयका सोनी ने राइफल फायरिंग व लेक्चरेट में द्वितीय स्थान पाकर सिल्वर मेडल जीता तथा ओवरऑल फायरिंग में ट्रॉफी हासिल की। जेडी कैडेट्स ने टग ऑफ वार में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रबंध निदेशक अजय त्रिवेदी व प्रधानाचार्या मोनिका तिवारी ने कैडेट्स को बधाई दी।

कैंप के दौरान मौजूद अंबिका के एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

- **अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने विभिन्न खेलों में किया प्रदर्शन**

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भाजयुमो का हुआ युवा सम्मेलन

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भाजयुमो उन्नाव द्वारा 165 उन्नाव विधानसभा के गंगाघाट मंडल में पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में युवा सम्मेलन आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों को याद करते हुए कहा कि आजाद, भगत सिंह सहित हजारों वीरों ने देश के लिए प्राण न्यौछावर किए लेकिन 1950 के बाद देश की सत्ता संभालने वालों ने राष्ट्र के विकास में बाधा डाली। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भर हो रहा है। संचालन किसान मोर्चा जिला महामंत्री सुरेश चंद्र शुक्ला ने किया। इसमें जिला उपाध्यक्ष धीरज सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रत्यय गुप्ता, महामंत्री सौरभ त्रिवेदी, एबीपी के अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

युवा सम्मेलन के दौरान विधायक को प्रतीक चिन्ह देते कार्यकर्ता। अमृत विचार

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नन्हक्के गुप्ता पुत्र लाला राम गुप्ता निवासी मोहल्ला सरांय बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय मे दिनाँक 14-11-2025 को अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड बैनामा, आधार कार्ड की छायप्रति व शपथ पत्र प्रस्तुत कर यह उल्लेख किया है कि प्रार्थी ने मोहल्ला न्यू कटरा बाँगरमऊ का एक किता प्लाट पूरब से पश्चिम 15 फिट उत्तर से दक्षिण 45 फिट कुल क्षेत्रफल 675 वर्गफीट या 63 वर्गमीटर प्लाट विक्रेता श्री सन्तोष कुमार गुप्ता पुत्र श्री मुन्नी लाल गुप्ता निवासी मोहल्ला सरांय बाँगरमऊ जिला उन्नाव से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 29-01-2009 को क्रय कर भवन का निर्माण करवा लिया है। उक्त भवन की चौहदी निम्नलिखित है। पूरब- प्लाट राम सनेही गुप्ता पश्चिम- प्लाट दिनेश कुमार उत्तर- रास्ता कच्चा 15 फिट दक्षिण- मकान गंगाराम आदि प्रार्थी ने अपने उपरोक्त भवन को नगर पालिका कर पंजिका में कर की अदायगी के लिए अपने नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य आवेदन पत्र,रजिस्टर्ड बैनामा, शपथ पत्र,आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ उन्नाव

आयोजन | सेंट लॉरेंस के छात्रों ने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया

वार्षिकोत्सव में बिखरी बच्चों की इंद्रधनुषी चमक

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। सेंट लॉरेन्स स्कूल पीडी नगर में वार्षिक पीटी डिस्प्ले कार्यक्रम "औरम" का आयोजन हुआ। जिसमें छात्रों ने उत्साह, ऊर्जा व अनुशासन के तालमेल के साथ अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया। इसमें मुख्य अतिथि बिशप जेरार्ड जॉन मथाइस तथा विशिष्ट अतिथि सीओ सिटी दीपक यादव रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना नृत्य से हुई। इसके बाद छात्रों ने सधे हुए मार्च पास्ट, दौड़ प्रतियोगताएं और कौशलपूर्ण पिरामिड प्रस्तुत किए। पूरे मैदान में छात्रों का तालमेल व प्रतिबद्धता स्पष्ट दिखाई दी। प्री-प्राइमरी के बच्चों की रंगीन 'रेनबो प्रस्तुति ने कार्यक्रम में इंद्रधनुषी चमक बिखेर दी। प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों ने 'फ्लोरलफ्लिक्स', ऊर्जावान 'जुबां जेफायर तथा सुन्दर और रचनात्मक 'सागा ऑफ ह्यूज' के माध्यम से उमंग, उत्साह, लय और टीमवर्क का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। चारों हाउस-सेंट जोसफ, सेंट लॉरेन्स, सेंट पाल और सेंट फ्रांसिस की प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। विशिष्ट अतिथि सीओ सिटी दीपक यादव ने कहा कि सेंट लॉरेंस स्कूल के विद्यार्थियों ने जिस उत्साह, निष्ठा और अनुशासन के साथ प्रस्तुतियों दी हैं वह प्रशसंनीय है। स्कूल की हेड गर्ल ख्याति यादव व हेड बॉय सूरज साहू ने अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों व छात्रों के प्रति आभार जताया। प्रधानाचार्य फादर आलविन मोरस व हेड मिस्ट्रेस सिस्टर लता सीजे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

सेंट लॉरेंस में छात्रों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि व कॉलेज के प्रधानाचार्य।

स्वदेशी अपनाने पर जोर

सम्मेलन में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते विधायक श्रीकांत कटियार।

गंजमुरादाबाद, उन्नाव, अमृत विचार। भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कस्बे के जीनियस पब्लिक स्कूल में मंडल युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें विधायक श्रीकांत कटियार ने लोगों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर जोर दिया। इस अभियान में विधायक ने कहा कि आधुनिक भारत रक्षा क्षेत्र में तेजस फाइटर जेट, आईएनएस विक्रांत युद्धपोत, अग्नि, पृथ्वी, ब्रह्मोस जैसी मिसाइल बना रहा है। जिससे देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष बाला राव गुप्ता ने कहा कि आज भारत में लगातार निवेश बढ़ रहा है। जिससे जहां भारत आत्मनिर्भर बनेगा वहीं लाखों युवकों को रोजगार भी मिलेगा। कार्यक्रम में शुभम मौर्य, जयपाल पटेल व धर्मेंद्र राजपूत सहित विद्यालय के शिक्षक व अभिभावक शामिल हुए।

उत्तर प्रदेश से माफिया, कर्फ्यू गायब और दंगे बंद

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के 36वें स्थापना दिवस समारोह को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

अमृत विचार: जीरो टॉलरेंस, केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि भाव भी है, जिसे जमीनी धरातल पर सख्ती के साथ उतारा गया। इसका परिणाम है उत्तर प्रदेश आज कानून-व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से देश के अंदर एक मॉडल स्टेट के रूप में अपनी स्थापित करने में सफल हुआ है। अब प्रदेश से माफिया गायब हैं। कर्फ्यू गायब, दंगे बंद, अराजकता बंद है। उपद्रव का प्रदेश अब उत्सव का प्रदेश बन गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 36वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उक्त प्रतिक्रिया दी। सीएम योगी ने कहा कि सुरक्षा का माहौल कैसा होना चाहिए, अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कैसे होनी चाहिए, इसके लिए लोग उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हैं।

उन्होंने कहा कि यूपी में सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना। अन्नदाता किसानों के साथ सीधे संवाद हुआ। जमीन का उन्हें अच्छा मुआवजा देना प्रारंभ हुआ। सरकार का स्पष्ट मानना है कि किसी भी अन्नदाता किसान के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उससे बात की जानी चाहिए। किसी भी गरीब को उजाड़ा नहीं जाना चाहिए, यही सरकार का संकल्प भी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के अंदर लाखों युवाओं को उनके गृहक्षेत्र में ही नौकरी और रोजगार देने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़े पैमाने पर कार्य प्रारंभ किए हैं। इसके लिए सरकार ने काफी प्रयास किए। सुरक्षा का ऐसा बेहतर वातावरण बनाया जहां गुंडागर्दी नहीं चलती। गुंडा टैक्स, माफियाराज, मनमानापन नहीं चलता। बल्कि अपराध और अपराधियों के प्रति तथा भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है, उसी के अनुरूप कार्रवाई की जाती है। समारोह में मुख्यमंत्री ने गीडा के विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 408 करोड़ रुपये के 114 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। 6139 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए आवंटित 115 भूखंडों में से पांच निवेशकों को अपने हाथों से आवंटन प्रमाण पत्र सौंपा। गीडा स्थित नाइलिट कैम्पस से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए।

लखनऊ में 34 करोड़ से बनेगी फ्लैटेड फैक्ट्री

- समारोह के दौरान सीएम ने गीडा में आयोजित तीन दिवसीय यूपी स्टेट ट्रेड शो का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लखनऊ में 34 करोड़ रुपये से बनने वाली फ्लैटेड फैक्ट्री और गोरखपुर में 3.91 करोड़ रुपये की लागत वाली ओडीओपी पैकेजिंग सीएफसी का शिलान्यास किया और उद्यमियों को इंसेंटिव और ऋण धनराशि का वितरण किया।

औद्योगिक विकास प्राधिकरण के स्थापना दिवस पर लगाए गए एक स्टॉल पर युवतियों से बातचीत करते मुख्यमंत्री योगी।

दिसंबर में 5 लाख करोड़ रु. का निवेश जमीन पर

- योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर डबल इंजन की सरकार आने के बाद 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव जमीनी धरातल पर उतारे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव इसी दिसंबर महीने में हम जमीनी धरातल पर उतारेंगे। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से लाखों नौजवानों को रोजगार अपने ही जिले में मिलेगा।

प्रॉपर्टी कब्जा करने वालों की कमर कर दी सीधी

- सीएम योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस की सरकारों में प्रॉपर्टी पर कब्जा करने वाले जो थे, उनकी कमर हमने सीधी कर दी है। और, इतनी कुटाई उनकी हुई है कि अब उनके ऊपर हम लोग फैक्ट्री का निर्माण कर रहे हैं।

धर्मध्वजा आरोहण के बाद ही भारत बना तीसरी अर्थव्यवस्था

- सीएम योगी ने कहा कि धर्मध्वजा आरोहित कर प्रधानमंत्री अयोध्या से लौटे और दो दिन बाद ही समाचार आया कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। उन्होंने कहा कि यह नया भारत अब विकसित भारत बनने के संकल्प की ओर तेजी से आगे बढ़ चुका है। जब भारत आगे बढ़ेगा तो उत्तर प्रदेश पीछे नहीं रह सकता।

20 तक पूरी कर लें विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति पर लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले से जुड़े सभी कार्य 20 दिसंबर तक हर हाल में पूरे कर लिए जाएं। खिचड़ी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व सहूलियत प्राथमिकता होनी चाहिए। यह ध्यान रखा जाए कि श्रद्धालुओं को कहीं कोई दिक्कत न हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार पूर्वाह्न गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में खिचड़ी मेला की तैयारियों को लेकर महापौर और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखनाथ मंदिर के खिचड़ी मेले से न सिर्फ पूर्वी उत्तर प्रदेश वरन बिहार, नेपाल से लगायत देश-दुनिया के सनातन मतावलंबियों की आस्था जुड़ी है। इसके दृष्टिगत मेले में सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाये जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। दूरदर्शन व आकाशवाणी के जरिए मेले का सजीव प्रसारण किया जाएगा ताकि वे लोग भी मेले में वर्चुअल सहभागी हो सकें जो किंचित कारणों से इसमें शामिल नहीं हो पा रहे हों।

श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से मनुष्य को होता है कर्तव्य बोध

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन ढेकाही गांव में वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास मुकेश आनन्द जी महाराज ने ध्रुव चरित्र, सती एवं प्रह्लाद चरित्र का रोचक वर्णन किया। प्रसङ्ग में बताया कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से मनुष्य को कर्तव्य बोध होता है। निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निष्काम कर्म ही सच्ची भक्ति है। भक्त प्रह्लाद ने माता के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। श्रीकृष्ण लीला का वर्णन करते हुए कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान मुख्य यजमान पुष्पा सिंह, प्रधान अरुण सिंह, दिनेश सिंह, ओम प्रकाश शुक्ल, प्रज्ञा कुमार सिंह, विश्व हिंदू महासंघ के मंडल प्रभारी अनुज सिंह, निर्भय सिंह, अनिरूद्ध सिंह, कैलाश शुक्ल, महाबल सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह, कैप्टन माता प्रसाद सिंह, जिला पंचायत सदस्य मुन्ना सिंह आदि मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। क्र. सं. 1 निविदा सं0: वमंविई-टीआरडी-लजं-ओटी-177 **कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में बढ़नी स्टेशन पर 3 स्टेबलिंग लाइन का विद्युतीकरण। **ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय** : 30.12.2025 व 15.00 बजे। **ई-निविदा खुलने की तिथि व समय:** 30.12.2025 व 15.30 बजे। **अनुमानित लागत:** 1,34,72,246.53 रू0 **बयाना राशि:** 2,17,400.00 रु. **निविदा मूल्य:** 0.00 रू0 **कार्य सम्पादन की अवधि** : 09 माह। नोट 1. इस निविदा के विरूद्व मैनुअल ऑफर स्वीकार नही किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। 2. विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

वरि0 मंडल विद्युत इंजी0/टीआरडी लखनऊ

मुजाधि/विद्युत-199

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं0 1:- ई-निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं.- "36-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26" "इपॉक्सी फ्लोरिंग एंड विनायल ग्राफिक पैच वर्क इन लैवटरी एरिया ऑफ एलएचबी/आइसीएफ (एसी/नॉन-एसी) टाइप कोच टॉयलेट्स इन मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपर फॉर 12 मन्थ्स" अनुमानित लागत (रू0में): ₹ 99309314.19, धरोहर राशि(रू0में): ₹ 646600.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य:- रू शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 11.00 बजे, 22.12.2025, संविदा की अवधि: 12 माह। उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें।

उप मुख्य यात्रिक इंजी./कार्य, यांत्रिक

मुजाधि/यांत्रिक-97 कारखाना, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैने अपना नाम SIDDIQUI NAJMUNNISA ABDULWALI से बदलकर NAJMUN NISA रख लिया भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O-ABDUL WALI SIDDIQI ADD-H.No-239/206 K.L.KDYGANJ DIST-ALLAHABAD PRAYAGRAJ-211003 (U.P)**

सूचना

मैने अपना नाम SIDDIQUI ABDULWALI ABDULAZIZ से बदलकर ABDUL WALI SIDDIQI रख लिया अब भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-ABDUL AZIZ SIDDIQI ADD-HOUSE NO-239/206, KHALASI LINE KDYGANJ, DIST-ALLAHABAD PRAYAGRAJ - 211003(U.P)**

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने बड़े पुत्र मुकुल के चाल-चलन, कुसंगती व दुर्व्यवहार से परेशान व दुखी होकर उससे अपने सारे संबंध समाप्त करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र मुकुल द्वारा किये गये किसी भी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **मोहन पुत्र स्व0 हेमराज निवासी-आबिद खेड़ा, दुर्गागंज, काकोरी, लखनऊ।**

बारातियों को ले जा रही कार की टक्कर से दो युवकों की मौत

संवाददाता, कोहड़ौर (प्रतापगढ़)

अमृत विचार : कोहड़ौर थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर परशुरामपुर गांव के समीप शनिवार देर शाम तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रतापगढ़ की तरफ से आ रहे बाइक सवारों को सुल्तानपुर की तरफ से बारातियों को लेकर जा रही आर्टिका कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद एसओ कोहड़ौर धनंजय राय पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ौर भेजवाया गया। जहां पर डॉ. देवेन्द्र सिंह ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद घायलों को अस्पताल ले जाती पुलिस।

दुर्घटना के बाद कार में सवार बराती व ड्राइवर मौके से भाग निकले। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर दोनों मृतकों की पहचान की और घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी। मृतकों की पहचान अमेठी जनपद के रामगंज थाना इलाके के ढेमा गांव के रहने वाले दोनों युवकों की पहचान रोहित (23) पुत्र बनवारी लाल और विकास (32) पुत्र रामलखन के रूप में की गई है। कार और बाइक को कब्जे में लेकर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एसआईआर में इतनी जल्दबाजी क्यों

अमृत विचार, लखनऊ: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि एसआईआर के काम में जल्दबाजी क्यों की जा रही है। सुना है कि भाजपा ने नोएडा में किसी साफ्टवेयर कम्पनी को हायर किया है वह वोटर लिस्ट पर काम कर रही है। भाजपा एसआईआर के बहाने साजिश रच रही है। सपा प्रमुख शनिवार को पार्टी मुख्यालय में बीएलओ की मौतों को लेकर भाजपा पर आरोप लगा रहे थे। लखनऊ में मलिहाबाद के मृतक बीएलओ विजय कुमार वर्मा की पत्नी संगीता को दो लाख रुपये की आर्थिक मदद देते हुए उसके दुख को सार्वजनिक किया। उन्होंने सांसद राजीव राय के एक पत्र का उल्लेख किया जिसमें बताया गया कि घोसी विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं।

सड़क हादसे में सपा नेता की मौत जताई संवेदना

संवाददाता, कोहड़ौर, प्रतापगढ़। अमृत विचार : कोहड़ौर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी 52 वर्षीय रमेश कुमार पाठक सपा के जिला महासचिव थे। वह शनिवार सुबह करीब 8 बजे अपनी बाइक से गांव में ही वृद्ध महिला के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए घर से जा रहे थे। सड़क पर कुछ ही दूर चले थे कि बाइक के नीचे पत्थर आने से उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सडक पर गिर पड़े। सिर में गंभीर चोट के कारण उनकी मौत हो गई। निधन की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल, रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा, सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष शांति सिंह, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष मनीष पाल, पूर्व प्रत्याशी विश्वनाथगंज विधानसभा सौरभ सिंह, वासिक खान, राजन, मैशाद अहमद आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

रमेश कुमार (फाइल फोटो)

बस की टक्कर से स्कूटी सवार छात्रा की मौत, पिता गंभीर

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : तेज रफ्तार प्राइवेट बस की टक्कर से एक छात्रा की मौत हो गई। हादसे में छात्रा के पिता घायल हो गए। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं बस को कब्जे में ले लिया है। शहर से कटरा रोड पर पूरे सुकाल गांव की रहने वाली 15 वर्षीय वर्तिका शर्मा प्रभात एकेडमी में कक्षा आठ की छात्रा थी। वह अपने अपने पिता रवि शर्मा के साथ स्कूटी पर बैठकर शनिवार दोपहर बाद स्कूल से घर लौट रही थी। विकास भवन के आगे सराय खांडे राय पेट्रोल पंप के पास बगल से निकली प्राइवेट बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्री सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने देखा तो दौड़कर मदद के लिए पहुंचे। दोनों को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले गए। सिर में गंभीर चोट लगने से वर्तिका अचेत हो गई थी। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता का उपचार किया जा रहा है। एसओ कोतवाली देहात पुष्पराज सिंह ने बताया कि बस को कब्जे में लिया गया है। जांच की जा रही है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153

Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in

For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited from Indian/NRI/Foreign National Students for Admission to Ph.D. Programmes January 2026 session in the following disciplines

- **Faculty of Medical Sciences** (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- **Faculty of Nursing** M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- **Faculty of Dental Sciences** (All Specilities)
- **Humanities and Journalism** English
- **Faculty of Pharmacy**
- **Faculty of Management**
- **Faculty of Allied Health Sciences (Faculty of Paramedical Sciences)** (Ph.D. in Medical Laboratory Technology/Physiotherapy)

Application Fee

- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th November, 2025

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India

For more details and application form & application fee, visit univeristy website : www.biu.edu.in

(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार, 30 नवंबर 2025

हरदोई

न्यूज ब्रीफ

दो किशोरियां फरार आरोपियों पर रिपोर्ट

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में दो गांवों से दो किशोरियां लापता हो गईं। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवतियों की तलाश शुरू की है। लापता 16 वर्षीय किशोरी के चाचा के अनुसार उसकी भतीजी को 26 नवंबर की रात लोनार थाना क्षेत्र के ग्राम कोडरा निवासी सूरज पुत्र शिवकुमार अपने माता-पिता के सहयोग से फुसलाकर भगा ले गया है। दूसरी लापता किशोरी की मां के अनुसार उसकी 17 वर्षीय पुत्री को 23 नवंबर को बेहटा गोकुल निवासी मझले पुत्र अंगने भगा ले गया है।

ताले तोड़कर नकदी व लाखों के जेवर चोरी

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। टिकारी गांव में बन्द मकान को चोरों ने निशाना बनाया और चार कमरों में रखी दो अलमारी व 6 छोटे बड़े बक्सों के ताले तोड़ कर 22 हजार की नगदी समेत करीब 5 लाख के जेवर चोरी कर लिए। कछौना कोतवाली में दी गयी तहरीर में टिकारी गांव निवासी श्रीराम ने बताया कि उनके बच्चे दिल्ली में रहते हैं, वह अपने बेटों के पास दिल्ली गया था। शनिवार को घर में चोरी की जानकारी मिलने पर वह लौटा तो चार कमरों के ताले टूटे मिले। पीड़ित युवक ने कछौना पुलिस को चोरी की तहरीर दी है।

पेट्रोल पंप पर बाइक में लगी आग, हादसा टला

हरपालपुर, हरदोई। हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप पर शुक्रवार की शाम बाइक से तीन युवक बाइक में पेट्रोल भराने के लिए पहुंचे थे। पेट्रोल भराने के बाद युवकों ने बाइक स्टार्ट करने की कोशिश की तो शॉर्ट सर्किट से बाइक में आग लग गई। पेट्रोल पंप कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत आग पर काबू पा लिया।

वेटलिफ्टिंग लीग में बालिकाओं ने फहराया परचम

खेलो स्मिता वेटलिफ्टिंग लीग : विजेता प्रतिभागियों को डीआईओएस ने मेडल पहनाकर किया पुरस्कृत

संवाददाता, हरदोई

विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते डीआईओएस बाल मुकुंद। अमृत विचार

अमृत विचार। शहर के जीआईसी में रविवार को खेलो अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग-2025 का आयोजन किया गया। जिसमें सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग की बालिकाओं ने बढ़कर हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को डीआईओएस बाल मुकुंद ने मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती व विशिष्ट अतिथि जीआईसी के प्रधानाचार्य श्याम नारायण यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। 44 किलो भार वर्ग यूथ वर्ग में श्री वेणी माधव बालिका इण्टर कालेज की खुशी सिंह ने गोल्ड, केजीबीवी की प्रभाशिनी ने सिल्वर और वैदिक विद्या मंदिर की साल्विम बांनों ने ब्रांज मेडल हासिल किया। 48 किलो भार वर्ग में वैदिक विद्या मंदिर की लक्ष्मी देवी ने गोल्ड, केजीबीवी कछौना की हुस्ना व कल्पना ने क्रमशः सिल्वर व ब्रांज मेडल हासिल किया। 53 किलो भार वर्ग में केजीबीवी कछौना की मोनिका ने गोल्ड और महर्षि विद्या मंदिर की ज्योति पाल ने सिल्वर मेडल हासिल किया। 58 किलो भार वर्ग में श्रीश चंद्र पब्लिक इण्टर कालेज की अंशि यादव ने गोल्ड और महर्षि विद्या मंदिर की सुरुचि तिवारी ने सिल्वर मेडल हासिल किया। 69 किलो भार वर्ग में महर्षि विद्या मंदिर की आराध्या चौहान और 77 किलो भार वर्ग में श्रीश चंद्र पब्लिक इण्टर कालेज की साक्षी सिंह गोल्ड मेडल हासिल किया।

44 किलो जूनियर वर्ग में श्री वेणी माधव बालिका इण्टर कालेज की प्रिया श्रीवास्तव ने गोल्ड, केजीबीवी कछौना की सोनाली पाल व अनुपम गौतम ने क्रमशः सिल्वर व ब्रांज मेडल, 48 किलो भार वर्ग में शंकर व्यायाम शाला की पलक सिंह ने गोल्ड,केजीबीवी कछौना की रोली व गुंजन सिंह ने क्रमशः सिल्वर व ब्रांज मेडल हासिल किया। 53 किलो भार वर्ग में महर्षि विद्या मंदिर के आहना मिश्रा ने गोल्ड और केंद्रीय विद्यालय की माल्या मिश्रा ने सिल्वर मेडल हासिल किया। 58 किलो भार वर्ग में शंकर व्यायाम शाला की अंजली कनौजिया, 69 किलो भार वर्ग में वैदिक विद्या मंदिर की पलक तिवारी और 77 किलो भार वर्ग में वैदिक विद्या मंदिर की अनम ने गोल्ड मेडल हासिल किया। सीनियर बालिका वर्ग के 44 किलो भार वर्ग में श्री वेणी माधव बालिका इण्टर कालेज की अनुष्का व नव्या गुप्ता ने क्रमशः गोल्ड व सिल्वर मेडल हासिल किया। केजीबीवी कछौना की रीना ने ब्रांज मेडल हासिल किया। 48 किलो भार वर्ग में वैदिक विद्या मंदिर की रेशमा ने गोल्ड, एसएस कालेज की नेहा देवी और प्रियांशी गुप्ता ने क्रमशः सिल्वर और ब्रांज मेडल हासिल किया। 53 किलो बार-बार में शंकर व्यायाम शाला की मुस्कान कश्यप ने गोल्ड,श्री वेणी माधव बालिका इण्टर कालेज की जास्मीन ने सिल्वर और महर्षि विद्या मंदिर की प्रेंसी सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। 58 किलो भार वर्ग में शंकर व्यायाम शाला की सनोवर, 63 किलो भार वर्ग में सेंट जेम्स स्कूल की अमृता मिश्रा, 69 किलो भार वर्ग में श्रीश चंद पब्लिक इण्टर कालेज की पूजा और 77 किलो भाग वर्ग में जीडीसी की कुमारी कुसुम ने गोल्ड मेडल हासिल किया।

यातायात संभाल रहे होमगार्ड के पैर पर चढ़ी बेकाबू कार

हरदोई, अमृत विचार। शनिवार को शहर में कई जगह जाम से यातायात व्यवस्था बदहाल रही। दोपहर से लेकर देर शाम तक राहगीर चौराहों और चुंगियों पर जाम से जूझते रहे। पिहानी चुंगी पर यातायात संभाल रहे होमगार्ड के पैर पर चेयरमैन लिखी बेकाबू कार चढ़ गई। जिससे होमगार्ड घायल हो गया। शनिवार की शाम भड़ायल निवासी होमगार्ड दुर्गेश पिहानी चुंगी पर ट्रैफिक कंट्रोल कर रहा था। उसी बीच लखनऊ के नंबर की सफेद कार, जिस पर चेयरमैन लिखा था, धड़धड़ाती हुई आई और होमगार्ड दुर्गेश के ऊपर चढ़ गई। कार चला रहे युवक ने अपने को एक डिग्री कालेज के प्रबंधक का भतीजा बताया। साथ ही पूरा इलाज करने का वादा किया। होमगार्ड दुर्गेश ने फिलहाल पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है।

प्रधानाचार्य पद न छोड़ने पर जान से मारने की दी धमकी

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

अमृत विचार। अतरौली स्थित जनता इण्टर कॉलेज भरावन के प्रधानाचार्य को खुराफातियों ने प्रधानाचार्य का पद न छोड़ने पर मौत के घाट उतार देने की धमकी दिया है। प्रधानाचार्य ने मामले की थाने पर लिखित शिकायत देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग किया है।

प्रधानाचार्य सुनील कुमार पटेल ने बताया कि पूर्व प्रधानाचार्य के. जी. गुप्ता के सेवानिवृत्त होने के बाद मैनेजमेंट के कुछ प्रभावी लोग अन्य अध्यापक को प्रधानाचार्य के पद पर बैठाना चाहते थे, लेकिन नियमानुसार वरीयता के आधार पर वर्ष 2021 में प्रधानाचार्य के पद पर मुझे चयनित किया गया। इससे नाराज कमेटी के कुछ लोग मुझे प्रधानाचार्य पद छोड़ने की धमकी दे रहे हैं। प्रधानाचार्य सुनील कुमार पटेल का आरोप है कि गुरुवार को 3:30 बजे स्कूल में छुट्टी के बाद जब बच्चे और ज्यादातर स्टाफ चले जाने के बाद 3:40 बजे जब मैं प्रिंसिपल रूम में था, तभी प्रबंध कमेटी के लोगों के परिवार का एक युवक आकर मुझे गालियां देते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। पद छोड़ने के लिए धमकी दी। इंस्पेक्टर सतीश चन्द्र का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है कार्रवाई की जायेगी।

सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति व बेटी घायल

हरदोई, अमृत विचार। दवा लेकर बाइक से वापस लौट रहे दंपति और उनकी बेटी पिहानी में जाम में फंस गए। इसी दौरान डीसीएम की चपेट में आने से पत्नी की मौत हो गई, जबकि उसका पति व बेटी ज़ख्मी हो गई। सवायजपुर कोतवाली के सिल्वारी गांव निवासी पंकज शनिवार शाम पत्नी किरन (27) और 5 साल की बेटी नैंसी के साथ बाइक से कुल्लहाघाट दवा लेने गया था। लौटते समय पिहानी कस्बे में करावां तिराहे पर जाम में फंस गया। उसी बीच पंकज की बाइक का हैंडिल उधर से निकल रही डीसीएम में फंस गया। नतीजतन किरन बाइक से गिर पड़ी और डीसीएम ऊपर से निकल गई उसकी मौत हो गई। पंकज व बेटी नैंसी घायल हो गए।

दूसरी बेटी पैदा होने पर प्रसूता की हत्या का आरोप

संवाददाता, हरदोई

बेटी लवी के साथ वंदना का फाइल फोटो।

अमृत विचार। लगातार दूसरी बेटी को जन्म देने से नाराज पति व ससुराल वालों ने प्रसूता की पिटाई कर दी। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां से लखनऊ के लिए रेफर दिया गया, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बिलग्राम कोतवाली के बेहटा खुर्द निवासी श्याम कुमार पाठक ने साल 2019 में अपनी 28 वर्षीय बेटी वंदना की शादी लोनार थाने के बरवन के संदीप पुत्र रामकरन के साथ की थी। शादी के बाद वंदना को पहली बेटी लवी हुई। करीब 4 साल बाद उसने बीते 17 नवंबर को शहर के सर्कुलर रोड पर एक निजी हास्पिटल में आपरेशन से दूसरी बेटी को जन्म दिया। 21 नवंबर को अस्पताल से छुट्टी हो गई। वंदना के भाई रानू पाठक का आरोप है कि दूसरी बेटी पैदा होने पर बहनोई नाराज था और बहन को परेशान कर रहा था। 26 नवंबर को वंदना के टांके दर्द होने लगे। संदीप अगले दिन 27 नवंबर को वंदना को निजी हास्पिटल ले गया, । जहां से बहन को हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया, लेकिन वहां जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। बकौल रानू शुक्रवार की रात वंदना की मौत होने की खबर सुनकर जब वह बरवन पहुंचा तो वहां वंदना का शव घर के बाहर गोड़े में जमीन पर पड़ा था और ससुराल वाले फरार थे। रानू के फोन करने पर वहां पहुंची पुलिस ने जब काफी दबाव बनाया तो आरोपी ससुरालीजन मौके पर पहुंचे। रानू का आरोप है कि उसकी बहन के पेट पर लात-घूंसे मारे गए। जिससे उसके टांके खुल गए। पति व ससुराल वालों की पिटाई से वंदना की मौत हुई। उसने पति, ससुर, चचेरे ससुर रामनरेश, नन्हे व ननद किरन को आरोपी ठहराया है।

तीन तलाक देकर की पिटाई, घर से निकाला

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। शादी में दहेज कम मिलने को लेकर हुए विवाद में युवक ने पत्नी को मार पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्र के गांव कुकुही निवासिनी ताजमीन ने बताया कि बीते तीन वर्ष पहले गांव के ही नफीस के साथ उसका निकाह हुआ था। पिता ले सामर्थ्य के अनुसार दहेज भी दिया था, लेकिन पति बुलेट बाइक, फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर न मिलने पर आये दिन प्रताड़ित करता था। बीते शुक्रवार की देर शाम जमकर मारा पीटा और तीन बार तलाक कहकर घर से निकाल दिया। उसने अपने पिता को बुलाया और घर जाने लगी तब पिटाई की और दो वर्षीय पुत्र को छीन लिया।

तहसील परिसर में पत्नी व परिजन को पीटा

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

पीड़ित महिला रोशनी।

- दंपति के बीच तलाक को लेकर चल रहा केस
- पंचायत में समझौता करने के बहाने बुलाकर पति व उसके परिजनों ने किया हमला

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के जरौली शेरपुर गांव की एक महिला के साथ शुक्रवार को तहसील परिसर में बड़ी वारदात हो गई। तलाक को लेकर बुलाई गई पंचायत में पहुंचे पति और उसके परिजनों ने महिला और उसके परिजनों पर हमला कर दिया। इस घटना से तहसील बिलग्राम में अफरा-तफरी मच गई, वहीं यह मामला लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला रोशनी की शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व हुई थी। विवाह के बाद से ही उसके पति की शराब खोरी और आए दिन होने वाली मारपीट से वह परेशान रहती थी। लगातार उत्पीड़न से तंग आकर रोशनी अपने मायके सहिमापुर थाना सुरसा में रहने लगी थी। शुक्रवार को रोशनी के पति ने तहसील बिलग्राम में तलाक को लेकर पंचायत बुलाई थी। रोशनी अपने चाचा अनंतराम, मां मीरा देवी और बहन आरती के साथ पहुंची थी, आरोप है कि जैसे ही रोशनी और उसके परिजन तहसील परिसर में पहुंचे, पति और उसके साथियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में रोशनी और उसके चाचा अनंतराम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और कई लोग बचाव के लिए दौड़े। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया।

प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और उन्हें सख्त सजा दिलाने की मांग की है।

पत्नी के मायके से न आने पर बिजली के टॉवर पर चढ़ा पति

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

विद्युत टॉवर पर चढ़ा युवक।

अमृत विचार। एक माह पूर्व पत्नी के मायके चले जाने से नाराज युवक शराब के नशे में हाई टेंशन लाइन के टॉवर पर चढ़ गया। करीब चार घंटे बाद पुलिस के समझाने के बाद टॉवर से उतरने को तैयार हुआ। मल्लावां क्षेत्र के सथरा बांसा निवासी अनुज (25) पुत्र सुबोध की पत्नी एक माह पूर्व मायके चली गई थी। पत्नी के न लौटने पर शनिवार को अनुज हाई टेंशन विद्युत टॉवर पर चढ़ गया और पत्नी को वापस बुलाने की मांग पर अड़ था। करीब चार घंटे उसका ड्रामा चलता रहा। पुलिलस ने जब उसकी पत्नी को बुलाने की बात कही तब जाकर युवक नीचे उतरा। कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि युवक शराब के नशे में बिजली के टावर पर चढ़ गया था। उसकी पत्नी के मायके से न आने से झुब्ध था।

बच्ची से दुष्कर्म में 20 साल की कैद

संवाददाता, हरदोई

विधवा महिला ने गैंगरेप का लगाया आरोप

- जंगल में गई महिला को बेटे के सामने ही उठा ले गए आरोपी

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। विधवा महिला शुक्रवार को गांव के बाहर जंगल में अपने बेटे के साथ लकड़ी बीनने गई थी। जहां से गांव निवासी दो युवक महिला को जबरन उठा ले गए और झाड़ियों में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। कछौना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 40 वर्षीया महिला के पति की पहले ही मौत हो चुकी है। आरोप है कि महिला बेटे के साथ जंगल में काम से गई थी, जहां गांव के ही रिंकू पुत्र राधेलाल और पप्पू पुत्र लव ने उसके पुत्र के सामने ही जबरन उठाकर थोड़ी दूर पर ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोप है कि महिला के पुत्र ने दरिंदों का विरोध किया तो उसे मारपीट कर वहां से भगा दिया। महिला ने इसकी जानकारी गांव वालों को दी। पीड़िता ने के अनुसार कि 8 साल पहले महिला के पति की मौत हो गई थी। महिला अपने दो पुत्रों के साथ रहती है। चौकी इंचार्ज विशाल पुंडीर ने बताया है कि तहरीर मिल गई है और दुष्कर्म का मामला नहीं है, जांच की जा रही है, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश पोक्सो एक्ट मनमोहन सिंह ने एक फैसले में एक मासूम बालिका के घर में घुसकर उससे दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर 20 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 25000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता कृष्ण गोपाल त्रिपाठी ने बताया कि थाना मल्लावां क्षेत्र के लक्सरी पुरवा मजरा बावटमऊ निवासी मुकद्दर ने 12 फरवरी 2023 की रात एक घर में घुसकर एक मासूम तीन वर्षीया बालिका के साथ जबरिया दुष्कर्म किया। इस मामले के रिपोर्ट बालिका की माता ने दर्ज कराई थी । घटना के दिन वह और उसका पति खेत पर जानवर रखाने गए थे। रात करीब 12 बजे उसके गांव का ही आरोपी घर में घुसा और बालिका के साथ बुरा काम किया।

डीजे मालिक हत्याकांड में दूल्हे का जीजा फरार, भाई को भेजा जेल

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के शाहपुर मजरा नेवादा विजय में हुए डीजे हत्याकांड के मामले में पुलिस ने आरोपित जीजा के भाई को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन अरोपी जीजा फरार है। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। इधर शादी का कार्यक्रम टल जाने से कन्या पक्ष में मायूसी छा गयी है। उधर डीजे मालिक के परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव का अन्तिम संस्कार कर दिया है।

बताते चलें कि शाहपुर मजरा नेवादा विजय में गुरुवार को टीकाराम की पुत्री की बारात आई थी। आधी रात को करीब 12 बजे के बाद जयमाल के बाद डीजे बंद करने के विवाद में डीजे मालिक अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदी पुत्तीलाल की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। शुक्रवार की रात पुलिस ने लखनऊ के जेहटा निवासी आरोपी जीजा आकाश गौतम के भाई अखिलेश गौतम को गिरफ्तार कर लिया। जबकि आकाश गौतम की तलाश की जा रही है।

भगवान की गूढ़ लीलाएं साधारण मनुष्य नहीं समझ सकता

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। मां इच्छापूर्णी रामजानकी मन्दिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के आठवें दिवस पर प्रकाश चंद्र महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि साधारण जीवों को श्रीकृष्ण के चरित्र पर संदेह हो सकता है, लेकिन यदि आप लीला पुरुषोतम को समझना चाहते हैं तो श्री राधा जी के चरणों में निष्ठ प्रेम होना चाहिए। आचार्य ने कहा कि भगवान की सभी लीलाओं में गूढ़ भाव होता है, जो साधारण मनुष्यों की समझ में आने वाला नहीं है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंदिर महंत वैष्णव हरिशरण महाराज, रामसेवक रस्तोगी, लल्लन रस्तोगी, जगदीश प्रसाद शुक्ला, कृष्णपाल जोशी, अखिलेश मिश्रा, धर्मेंद्र सोनी समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा के आठवें दिवस पर महोत्सव में सजी झांकी।

पुलिस ने रेस्टोरेंट पर छापेमारी की, 2 छात्राएं व 2 युवक मिले

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे के एक रेस्टोरेंट पर पुलिस ने छापा मारा तो एक पास कॉलेज की दो नाबालिग युवती और दो युवक मिले। पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद युवतियों को परिजनों को सौंप दिया गया।

शनिवार को एक विद्यालय की दो नाबालिक छात्राओं ने विद्यालय में न जाकर पड़ोस के रेस्टोरेंट में दो अलग-अलग युवकों के साथ मिली। उसी समय पुलिस को मिली शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस की छापेमारी के समय विद्यालय के शिक्षक और प्रधानाचार्य भी मौजूद रहे। बता दें कि स्कूल के पास स्थित रेस्टोरेंट और ओयो होटल में आए दिन नाबालिग युवतियां और युवकों का आना जाना रहता है। प्रशासन की सख्ती न होने से आस पड़ोस का माहौल खराब हो रहा है। ऐसे में लोगों तत्काल रेस्टोरेंट और ओयो को बंद कराने की मांग की है। कोतवाल शिवाकांत पांडेय ने बताया की पूछताछ के बाद में हिदायत देकर सभी को परिजनों को सौंप दिया गया।

कुएं में गिरने से युवक की मौत, निकाला गया शव

हरदोई, अमृत विचार। युवक गांव के पौराणिक कुएं के पास से निकल रहा था। उसी बीच ठोकर लगने से वह कुएं में जा गिरा। सूचना मिलने पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब 4 घंटे बाद शव बाहर निकाला। बघौली थाने के गोंडाराव निवासी विपिन (26) पुत्र टापू शुक्रवार की शाम अपने दरवाज़े के सामने पौराणिक कुएं के पास से निकल रहा था। उसी बीच पैर में ठोकर लगी और कुएं की जगत न होने से विपिन सीधे उसी कुएं में जा गिरा। विपिन के बड़े भाई श्रवण ने बताया कि चार भाइयों में दो की पहले ही मौत हो चुकी थी, विपिन सबसे छोटा था।

आयोजन

अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां

भावनाओं का हमारी अंत होता जा रहा है...

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

कविता पाठ करते डा. अतुल बाजपेई।

कविता प्रस्तुति करती दिव्यांशी अवस्थी।

अमृत विचार। नगर के सी.बी. जी इण्टर कालेज आफ साइंस मे 26वीं श्रीमद् भागवत के समापन के तत्पश्चात शुक्रवार देर शाम अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से पहुंचे कवियों ने अपनी अपनी रचनाओं का गुणगान कर समां बांधा।

कवि सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रधानाचार्य गिरजेश तिवारी व भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। लखनऊ से आए कवि सम्राट वीर रस के कवि डॉक्टर अतुल बाजपेयी ने अपनी रचना से युवाओं में जोश भर दिया। सीतापुर से पधारी कवियत्री दिव्यांशी अवस्थी, रायबरेली सम्राट सौरभ शुक्ला के साथ बाराबंकी से पधारे संदीप अनुरागी आदि ने अपनी रचनाओं से लोगों को खूब गुदगुदाया। डॉ. अतुल बाजपेयी लखनऊ ने बल, बुद्धि, पराक्रम के सागर, जिनके आयुध धनुसायक है, वह पुरुषोत्तम भारत गौरव, प्रभु राम हमारे नायक है..., दिव्यांशी अवस्थी सीतापुर ने भावनाओं का हमारी, अंत होता जा रहा है, मन कहीं लगता नहीं, वह संत होता जा रहा है..., सौरभ शुक्ला रायबरेली ने राघव का अनुयायी ये मन हो जाए, मेरी कविताई मेरा धन हो जाए, तुलसी जैसे भाव हमारे हो जाए, मानस की चौपाई जीवन हो जाए... तथा संदीप अनुरागी बाराबंकी ने अतना जादा चोटानि छोटे, सब खाना पानी भूला है, भोरहे सीसी मा मुंह देखिनि, तौ हनूमान कस फूला है... ने पढ़ा।

तेज़ रफ्तार गाड़ी की टक्कर से युवक की मौत

हरदोई, अमृत विचार। घरेलू सौदा खरीदने के लिए युवक गांव की मोड़ पर पहुंचा ही था, उसी बीच तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा और सिर में गहरी चोट से उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है। माधौगंज थाने के जूरा गांव निवासी 39 वर्षीय सर्वेश पेशे से मज़दूर था। शनिवार की देर शाम वह घरेलू सौदा खरीदने के लिए घर से निकला, वह जैसे ही वह माधौगंज-बघौली रोड पर गांव की मोड़ तक पहुंचा,उसी बीच तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। उसे सीएचसी माधौगंज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही मौत हो गई। उसके परिवार में पत्नी गुड्डी के अलावा दो बेटे और तीन बेटियां है।

डीएम ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

बूथों का स्थलीय निरीक्षण करते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने विधान सभा 161 सण्डीला की मतदेय संख्या 135, 136, 137, 138, 139 भगवान बुद्ध इण्टर कॉलेज सण्डीला का निरीक्षण किया गया।

इसके बाद उन्होंने 161 सण्डीला की मतदेय संख्या 123, 124, 140, 141, 142, 143, 144, प्राथमिक विद्यालय महत्वना सण्डीला राजाहाता संडीला का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर ईएफ फॉर्म भरने का तरीका बताया और संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया गया, मौके पर उपस्थित लोगों से अपील की अपने-अपने फार्म भरकर जल्द से जल्द अपने से संबंधित बीएलओ के पास जमा करे।

एसआईआर की प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश

हरदोई, अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की समीक्षा बैठक में रविवार को जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में एसआईआर सुगमता कैम्प का आयोजन करते हुए एसआईआर की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये है, जिसके अंतर्गत सभी बीएलओ सुबह 10 से सायं 4 बजे तक बूथ पर उपस्थित रहेंगे। साथ ही पंचायत सहायक, सफाईकर्मी, रोजगार सेवक एवं सचिव सुबह 7 बजे से टोली बनाकर घर घर जायेंगे एवं मतदाताओं को जागरूक करेंगे, ऐसे मतदाता जो बूथ तक पहुंचने में सक्षम नहीं है उनका फार्म भरवाकर सम्बन्धित यूथ पर जमा कराने में सहयोग प्रदान करेंगे।

न्यूज ब्रीफ

दबंगों ने घर में घुसकर परिवार को पीटा

हैदरगढ़, बाराबंकी : कोतवाली क्षेत्र में दबंगों ने घर में घुसकर परिवार की जमकर पिटाई की वहीं महिला का गला दबा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। पुलिस को बुलाने पर आरोपी मौके से भाग गए। क्षेत्र के ग्राम सुरिष्टिगंज मजरे बहुता गांव निवासी सविता देवी पत्नी अमित कुमार ने बताया कि गांव के ही कमलेश कुमार पुत्र कन्हैयालाल, अखिलेश कुमार, दुर्गेश कुमार पुत्र रामनरेश, व बृजेश कुमार पुत्र रामकुमार गत 25 नवम्बर की रात घर में घुसकर उसको जमीन पर गिराकर मारने लगे। यह सब देखकर जब उनकी देवरानी व बृद्ध सास ने चिल्लाते हुए विरोध किया तो विपक्षियों ने देवरानी व सास को भी मारा पीटा। दुर्गेश ने उनका गला दबाया जिससे वह बेहोश होने लगी। बाहर गये पति व ससुर शोरगुल सुनकर आये तो विपक्षी उनसे भी हाथापाई करने लगे। उसने पुलिस को काल की तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गये।

अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

देवा, बाराबंकी : कोतवाली क्षेत्र के पटना गांव में शुक्रवार को एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हल्का उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र यादव ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और कई दिनों से गांव के आसपास भटकता देखा जा रहा था। उन्होंने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी लोगों को बुलाया जा रहा है ताकि शिनाख्त हो सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है।

सड़क हादसों में 3 की मौत, 7 घायल

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुईं दुर्घटनाएं, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कुल सात घायलों को गंभीर दशा में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार सफदरगंज थाना क्षेत्र में चंदवारा, थाना सफदरगंज के मिथुन मौर्या (28) पुत्र सत्यनारायण रात करीब साढ़े 10 बजे जसमण्डा स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में सेल्समैन की ड्यूटी करके बाइक से घर लौट रहे थे। मुबारकपुर के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घायल अवस्था में 112 पुलिस द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरे हादसे में देवरिया जिला निवासी व वर्तमान में तकरोही कार्तिकेय नगर, थाना इंदिरा नगर लखनऊ में रहने वाले वीरेंद्र कुमार गौतम (44) पुत्र राम नक्षत्र प्रसाद टेल्को में मैकेनिकल इंजीनियर थे। वे शनिवार सुबह करीब चार बजे गोरखपुर में हुए तिलक समारोह से वैगनआर कार से लखनऊ लौट रहे थे। एनएस-27 ढाबा के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में वीरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार तीन अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक कार की आगे वाली सीट पर बैठा था। इसी क्रम में सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दादरा के रहने वाले कल्लू कुरैशी (65) सुबह करीब 7 बजे गत्ता खरीदने के लिए साइकिल से फेरी पर निकले थे। रसौली धर्मकांटा के पास तल्हा मोड़ पर पीछे से आए चार पहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी। घायल अवस्था में एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैदपुर थाना क्षेत्र के इधौलिया गांव के पास जैदपुर-सफदरगंज मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास दो मोटरसाइकिलें आमने-सामने भिड़ गईं। भीषण टक्कर में कोठी क्षेत्र के अमसेरुआ निवासी हरीश और पिपरहा निवासी शिवम पुत्र प्रेमचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। हरीश के साथ बैठी एक महिला को भी चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार हरीश की हालत ज्यादा गंभीर है। इसी तरह रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में अंदईपुर निवासी सीमा पत्नी अमर सिंह की साड़ी का पल्लू देवकली तिराहे के पास बाइक के पिछले पहिए में फंस गया, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

कैंडल मार्च निकालते लोग। अमृत विचार

पेंशनरों की उपेक्षा के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

बाराबंकी, अमृत विचार : सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसियेशन बाराबंकी द्वारा शनिवार शाम लखपेड़ाबाग चौराहा स्थित कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक कैंडल मार्च निकाला गया। 65 से 95 वर्ष आयु के तकरीबन सौ वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अधिकारों के प्रति सजगता दिखाते हुए सरकार के उस निर्णय का विरोध किया, जिसमें आठवें वेतन आयोग के संकल्प पत्र से पेंशन पुनरीक्षण का विषय बाहर कर दिया गया है। कई बुजुर्ग अस्वस्थ होने के बावजूद व्हीलचेयर पर मार्च में शामिल हुए। एसोसिएशन अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने नायह तहसीलदार राजीव वर्मा को ज्ञापन देकर मांग की कि आठवें वेतन आयोग में पूर्व पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के पेंशन पुनरीक्षण को फिर से शामिल किया जाए। कैंडल मार्च में महामंत्री अशोक कुमार सोनी, पूर्व न्यायाधीश रामचंद्र निगम, डॉ. एस.सी. सोनकर, सुशीला बाजपेई, मुन्नी सिंह, सुरेंद्र वर्मा सहित एक सैकड़ा वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे।

बैंक व विभागों को व्यापक प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश

बाराबंकी, अमृत विचार: उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर 13 दिसंबर 2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दो चरणों में बैठक आयोजित की गई। दोपहर डेढ़ बजे माननीय जनपद न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारित करने के निर्देश दिए। वहीं शाम साढ़े 4 बजे सभी बैंक प्रतिनिधियों, बीमा कंपनियों और विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। जिला न्यायाधीश ने बैंकों और विभागों को प्री-लीटिगेशन स्तर पर मामलों के चिन्हांकन एवं निस्तारण के साथ लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। प्रचार-प्रसार के लिए हैण्डबिल, बैनर, सोशल मीडिया और ग्राम स्तर पर पैरा लीगल वॉलंटियर, आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि का भी उपयोग किया जाएगा।

निवेश के नाम पर युवक से 3.26 लाख रुपये ठगे

बाराबंकी, अमृत विचार: बिटकॉइन में निवेश कर धन दुगुना करने का झांसा देकर साइबर ठगों ने बाराबंकी के एक युवक से 3.26 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगे जाने का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शहर कोतवाली क्षेत्र में उत्तर टोला बंकी निवासी मो. अरशद पुत्र सलीम अहमद ने बताया कि 23 अप्रैल को टेलीग्राम के माध्यम से जुड़े जालसाजों ने उसे एक फर्जी बिटकॉइन वेबसाइट पर निवेश करने को प्रेरित किया। उनके प्रभावशाली वार्तालाप में आकर अरशद ने 9 बार में कुल 3,26,900 की धनराशि अलग-अलग खातों में स्थानांतरित कर दी। पीड़ित के अनुसार, राशि एचडीएफसी बैंक खाते से आईएमपीएस द्वारा 2,00,000, यूपीआई से 68,100 तथा मित्र और भाई के खातों से 58,800 भेजी गई। जब ठगों ने और पैसे की मांग की तो अरशद को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। अरशद ने साइबर क्राइम पुलिस को शिकायती पत्र देकर अपनी धनराशि वापस दिलाने की मांग की है।

निकाह का झांसा देकर युवती का तीन दिन तक शोषण

रामनगर, बाराबंकी: थाना क्षेत्र में निकाह के नाम पर युवती को बहला-फुसलाकर भगाने और शारीरिक शोषण करने का गंभीर मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार युवती तीन दिन से घर से लापता थी। खोजबीन के दौरान पता चला कि आरोपी वकार निवासी भैरमपुर उसे अपने साथ ले गया है। परिजन जब आरोपी के घर पहुंचे तो युवती बाहर रोती हुई मिली। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने निकाह का झांसा देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। परिजनों ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है।

क्रीड़ा स्पर्धा में आर्यन, प्रिया व सनी ने मारी बाजी

कार्यक्रम में मौजूद बीईओ, विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

देवा, बाराबंकी : शिक्षा क्षेत्र देवा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा उप्राविगढ़ी छतेना में हुई। बीईओ सुनील कुमार गौड़ व जिला व्यायाम शिक्षिका ने स्पर्धा का शुभारंभ किया। ब्लॉक व्यायाम शिक्षिका ने बीईओ को पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। मिशन हरियाली संयोजक और पर्यावरण प्रेमी विजय प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। 50 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में सनी ने प्रथम, ऋषभ ने द्वितीय और आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 50 मीटर बालिका वर्ग में पारुल प्रथम, रागिनी द्वितीय और सोनाली तृतीय रहीं। 100 मीटर बालक वर्ग में आर्यन ने बाजी मारी, जबकि आशिक द्वितीय और सनी तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर बालिका वर्ग में प्रिया ने प्रथम स्थान हासिल किया और सोनाली वर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं।

भारत की संस्कृति में विज्ञान स्वत: निहित

कार्यक्रम में मौजूद डॉ. अच्युतानंद मिश्र, राज्यमंत्री सतीश शर्मा व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी : जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज (जनेस्मा) में शनिवार को हिंदुस्तानी एकेडमी प्रयागराज और प्रज्ञा प्रवाह के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। ज्ञान पुनर्जागरण एवं नवाचार पर केंद्रित इस संगोष्ठी में उच्च शिक्षा में स्वदेशी दृष्टिकोण को नई दिशा देने पर जोर दिया गया। उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष डॉ. अच्युतानंद मिश्र ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) उच्च शिक्षा का बड़ा नवाचार है, जिसे भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़कर उपयोग करना चाहिए। राममनोहर लोहिया अवध विवि के वीसी डॉ. ब्रिजेन्द्र सिंह ने उच्च शिक्षा में एआई के अनुप्रयोग और स्वदेशी ज्ञान में नवाचार पर विस्तृत विचार साझा किए। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि भारत की संस्कृति में विज्ञान स्वत: निहित है। प्राचार्य प्रो. डॉ. सीताराम सिंह ने महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

गुरु तेग बहादुर के आदर्श आज भी प्रासंगिक

कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

रामसनेहीघाट, बाराबंकी : गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा रामसनेहीघाट के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सुमेरगंज में गुरु तेग बहादुर साहेब जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश शर्मा शामिल हुए। समारोह की शुरुआत ज्ञानी जगजीत सिंह याचक द्वारा गुरु तेग बहादुर साहेब जी के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए हुई। प्रोफेसर डॉ. रंजीत कौर ने मानवता, धर्म और सत्य की रक्षा के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन सद्भाव और साहस का अनुपम उदाहरण है। मुख्य अतिथि ने गुरु तेग बहादुर साहेब जी के आदर्शों को वर्तमान सामाजिक परिवेश में अत्यंत प्रासंगिक बताया। समारोह में डॉ. रंजीत कौर द्वारा लिखी पुस्तक ''सिक्ख धर्म दर्शन एवं अन्य धर्म दर्शन'' का विमोचन भी किया गया। समारोह में नरेंद्र सिंह सलूजा, आत्मजीत सिंह सलूजा, निर्मल सलूजा, महेंद्र सलूजा, हरजोत सिंह, रिंकल सलूजा, गुरमीत सिंह, मनमीत सिंह, रवी सिंह सलूजा सहित क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मतदाता सूची में किसी का नाम न छूटने दें: गोप

प्रचार वाहन को रवाना करते अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी : सपा द्वारा संचालित एसआईआर को गति देने के लिए जिला सपा कार्यालय पर समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद व संचालन जिला महासचिव हिमांशु यादव ने किया। मुख्य अतिथि एसआईआर जिला प्रभारी व सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने पार्टी पदाधिकारियों का आह्वान किया कि प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा के लिए सभी को अपने-अपने बूथों पर पूर्ण जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए, यह सुनिश्चित करना हम सबका कर्तव्य है। सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा जिन पदाधिकारियों को पूर्व में जिम्मेदारी दी गई थी, वह अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के साथ बूथ स्तर की हर समस्या जिला कार्यालय पर बताएं।

नाबालिग से दुष्कर्म में 20 साल का कारावास

बाराबंकी, अमृत विचार : नाबालिग से दुष्कर्म के प्रकरण में न्यायालय ने अभियुक्त को 20 साल कठोर कारावास व साढ़े दस हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जैदपुर थाना पर नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत भादवि व पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त लवकुश पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम टेसुआ थाना जैदपुर को विभिन्न धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट संख्या-44 द्वारा दोष सिद्ध करार दिया गया और 20 वर्ष कठोर कारावास के अर्थदण्ड से दण्डित किया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार 24 जुलाई 2019 को वादी ने अभियुक्त के विरुद्ध वादी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किये जाने के सम्बन्ध में सूचना दी। सूचना के आधार पर थाना जैदपुर पर भादवि व पॉक्सो एक्ट बनाम लवकुश पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक हरिवंश यादव द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

बेटी ने जन्म लिया तो विवाहिता को निकाला

फतेहपुर, बाराबंकी : दहेज न लाने को लेकर प्रताड़ित की जा रही महिला ने बेटी को जन्म दिया तो ससुरालियों के सितम और बढ़ गए। डिलीवरी में खर्च रुपया मांगने के साथ ही बेटी जनने का ताना देकर घर से निकाल दिया गया। कोतवाली क्षेत्र में कस्बा के नालापार की सबीहा पत्नी रियाज ने पुलिस को बताया कि ग्राम सद्दीपुर स्थित ससुराल में एक माह तक ही सबका व्यवहार सही रहा। इसके बाद पति रियाज, सास, जेठ, देवर तथा ननद द्वारा मोटरसाइकिल न मिलने पर दहेज की कमी का ताना देकर उसे परेशान व मारपीट की जाने लगी। इसी बीच एक बालिका ने जन्म लिया, उसकी तबीयत खराब होने पर जिला अस्पताल ले जाने पर खून की जरूरत पड़ी लेकिन ससुराल पक्ष के किसी भी सदस्य ने खून नहीं दिया। ससुराल वालों ने ताना मारा दहेज नहीं लाई और लड़की पैदा की है, इसे खून नहीं चढ़ाएंगे। सितंबर महीने में जब उसके माता-पिता उसे लेने ससुराल पहुंचे, तो ससुराल पक्ष ने डिलीवरी में खर्च हुए रुपये की मांग करते हुए भेजने से मना कर दिया।

एआईसीएस फुटबॉल प्रतियोगिता में दो कर्मचारियों का हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

गौरव वर्मा।

सुनील कुमार।

अमृत विचार: वर्ष 2025-26 की अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज (एआईसीएस) फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता के लिए बाराबंकी जनपद के दो कर्मचारियों का चयन होने पर जिले में खुशी की लहर है। पशुपालन विभाग में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत गौरव वर्मा तथा पंचायत विभाग के सुनील कुमार कनौजिया का चयन खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा किया गया है। यह प्रतियोगिता 8 से 15 दिसंबर 2025 तक सांता कुंज फुटबॉल ग्राउंड एथलेटिक स्टेडियम तथा कैमपाल फुटबॉल ग्राउंड, गोवा में आयोजित होगी। चयनित टीम में कुल 22 पुरुष खिलाड़ी, एक टीम मैनेजर और एक टीम प्रशिक्षक सहित 24 सदस्य शामिल हैं। इनमें बाराबंकी से गौरव वर्मा और सुनील कुमार कनौजिया प्रतिभाग करेंगे। चयन की सूचना मिलते ही जिले के कर्मचारियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। सभी ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए खेल निदेशालय का आभार व्यक्त किया। बताया गया कि इस टीम में प्रदेश के विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं, जिनमें उन्नाव जनपद के जिलाधिकारी भी टीम का हिस्सा हैं। खिलाड़ियों के चयन को विकास भवन कर्मचारी परिषद बाराबंकी के अध्यक्ष मुस्तफा खान ने जिले के लिये गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि वे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बाराबंकी का नाम रोशन करेंगे।

विद्युत विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

मसौली, बाराबंकी : शनिवार को विद्युत विभाग ने कस्बा मसौली और आसपास के गांवों में बिजली बिल राहत योजना के लिए जागरूकता रैली निकाली। रैली में विभाग के उपखंड अधिकारी विमलेश कुमार मौर्य ने लोगों को योजना का लाभ और पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना का पंजीकरण दो हजार रुपये से होगा, जिसे कुल बिल में समायोजित कर दिया जाएगा और पंजीकरण के 30 दिन के भीतर एकमुश्त भुगतान की सुविधा रहेगी। उपभोक्ता विभागीय खंड, उपखंड कार्यालय, कैश काउंटर, जनसेवा केंद्र, मीटर रीडर और ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। योजना का पहला चरण एक दिसंबर से शुरू होगा, जिसमें ब्याज पर 100 फीसदी और मूलधन पर 25 फीसदी की छूट मिलेगी। रैली में लाल जी सिंह, सतेन्द्र वर्मा रहे।

रैली में मौजूद कर्मचारी व अन्य। अमृत विचार

रैली निकाल उपभोक्ताओं को किया जागरूक

बनीकोडर, बाराबंकी : विकास खंड बनीकोडर के अंतर्गत विद्युत उपखंड कार्यालय देवीगंज में शनिवार को ओटीएस जनजागरण रैली का आयोजन किया गया। अधिशासी अभियंता रमेश कुमार, विद्युत वितरण खंड हैदरगढ़ तथा उपखंड अधिकारी शैलेंद्र गुप्ता के निर्देश पर उपभोक्ताओं को बिजली बिल राहत योजना के प्रति जागरूक करने हेतु रैली निकाली गई। अवर अभियंता उपेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में निकली रैली देवीगंज चौराहे से होकर गुजरी। इस दौरान उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना के लाभों से अवगत कराते हुए प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस बार की ओटीएस योजना विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं के लिए अधिक फायदेमंद है जिन्होंने अब तक बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया है। जागरूकता रैली में फील्डर मैनेजर धीरेंद्र वर्मा, मो. अहमद रज़ा, आनंद यादव तथा संविदा कर्मियों सहित दीपक सिंह, राजेंद्र, संजय और अन्य लाइनमैन शामिल रहे।

लोधेश्वर महादेवा में पूजा- अर्चना करते डॉ. चिन्मय पंड्या। अमृत विचार

प्रति कुलपति ने लोधेश्वर महादेव में किया जलाभिषेक

रामनगर, बाराबंकी : देव संस्कृति विवि हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक व पूजन-अर्चन किया। पूजन पंडित अनिल शास्त्री द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच कराया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. संजय तिवारी तथा गायत्री चिल्ड्रेन एकेडमी के कोऑर्डिनेटर प्रखर तिवारी ने डॉ. पंड्या का स्वागत करते हुए उन्हें अंगवस्त्र व प्रतीक-चिन्ह भेंट किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. चिन्मय पंड्या 28 नवंबर को जेब्रा पार्क, पल्हरी चौराहा, बाराबंकी में चल रहे 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए थे। इस मौके पर विपुल कुमार सिंह एवं पंडित अनिल शास्त्री को माता गायत्री, गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी का संयुक्त चित्र भेंट करते हुए शांतिकुंज, हरिद्वार आने का निमंत्रण दिया गया। मंदिर परिसर में अयोध्या जोन प्रभारी देशबंधु तिवारी, संजय चतुर्वेदी, बांके बिहारी तिवारी, बाबा आदित्य तिवारी आदि मौजूद रहे।

पीएम सूर्य घर योजना के लिए बनी हेल्प डेस्क

बाराबंकी, अमृत विचार : प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्युत वितरण खंडों में सोलर आवेदकों और उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए सोलर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। इन डेस्क पर विशेष रूप से प्रशिक्षित कार्मिकों को तैनात किया गया है, ताकि शिकायतों और आवेदन प्रक्रियाओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। विद्युत वितरण खंड बाराबंकी में हेल्प डेस्क के लिए हर्षवर्धन गुप्ता और मोहम्मद शाहबाज की ड्यूटी लगी है। हैदरगढ़ खंड में पुष्पेंद्र कुमार और सुजीत कुमार, रामसनेहीघाट में विष्णु यादव (कार्यकारी सहायक), रामनगर में राजमणि सिंह (कार्यकारी सहायक), फतेहपुर में सुरेश कुमार यादव (कार्यकारी सहायक) और आलोक वर्मा (कंप्यूटर ऑपरेटर) उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए हेल्प डेस्क पर कार्य करेंगे।

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

सांसद को ज्ञापन सौंपते शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार: अनिवार्य टीईटी के विरोध में शनिवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद तनुज पुनिया से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने सांसद से आगामी संसद सत्र में टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे को मजबूती से उठाने तथा इसके कानूनी समाधान की दिशा में पहल करने की मांग की। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार और महामंत्री संतोष वर्मा के नेतृत्व में ओबरी स्थित सांसद आवास पहुंचे शिक्षकों ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के अनुसार सभी सेवारत शिक्षकों के लिए नियुक्ति तिथि चाहे जो भी हो, टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। दो वर्ष की अवधि में परीक्षा पास न करने की स्थिति में उनकी सेवा पर प्रभाव पड़ सकता है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इस निर्णय से देशभर के लगभग 20 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं, जिनकी सेवा सुरक्षा, पदोन्नति और आजीविका पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। महासंघ की मांग है कि उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से लागू हुई टीईटी बाध्यता के अनुसार, इससे पहले नियुक्त किए गए सभी शिक्षकों को अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए। सांसद तनुज पुनिया ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए आश्वासन दिया कि शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा हमेशा प्राथमिकता रही है।

एसआईआर में लापरवाही सहन नहीं

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार: मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने शनिवार को बनीकोडर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सनौली में बूथ संख्या 347 और 349 समेत कई बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूथ 347 पर 100 फीसदी डिजिटाइजेशन और बूथ 349 पर 95 फीसदी डिजिटाइजेशन कार्य पूरा पाया गया। दोनों बूथों में मैपिंग कार्य भी जारी है। मुख्य विकास अधिकारी ने कर्मचारियों से कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय पर कार्य पूर्ण करना आवश्यक है। उन्होंने भरे हुए आवेदन फॉर्मों का अवलोकन किया और बीएलओ एप्प पर फीडिंग की स्थिति जानने के बाद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस प्रक्रिया में मतदाता भी अपनी जिम्मेदारी समझकर बीएलओ का सहयोग करें। उन्होंने यह भी बताया कि अब एप्प सही ढंग से कार्य कर रहा है जिससे फॉर्म फीडिंग में तेजी आई है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद स्तर पर अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, कस्तूरबा बालिका विद्यालय, सनौली, विकास खंड बनीकोडर का निरीक्षण भी उन्होंने किया।

एसआईआर फार्म भरने में असमंजस

फतेहपुर, बाराबंकी: मोहल्ला काजीपुर, मौलवीगंज और नाला पार दक्षिणी में विशेष मतदाता पुनरीक्षण में कई मतदाताओं के नाम 2003 की वोटर लिस्ट में नहीं होने के कारण फार्म भरने में असमंजस का सामना करना पड़ रहा है। बाहर से विवाह करके आई महिलाओं को अपने माता-पिता की विवरण देने की आवश्यकता है। कई मतदाताओं ने गणना फार्म लेने के बाद जमा नहीं किया है। नगर पंचायत ने अनाउंसमेंट के जरिए फार्म जमा करने की अपील की है। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि रविवार को सभी बीएलओ अपने कार्यस्थल पर काम करेंगे और जिन मतदाताओं ने फार्म नहीं भरा, वह भरकर अवश्य जमा कर दें।

नवविवाहित जोड़े को प्रमाण-पत्र देते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

183 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

बाराबंकी, अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को राजकीय इण्टर कालेज ऑडीटोरियम में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें 178 हिन्दू जोड़े ने सात फेरे लिये। साथ ही 5 मुस्लिम जोड़ों ने निकाह पढ़ा। कार्यक्रम में एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह, पूर्व एमएलसी व भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री हरगोविंद सिंह सहित क्षेत्र पंचायत और नगर पंचायत के अध्यक्ष, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत ने कहा कि यह योजना गरीबी के कारण अविवाहित रह गई बेटियों के लिए वरदान साबित हुई है।

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार, 30 नवंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

यातायात माह का समापन आज

रायबरेली : यातायात माह का समापन 30 नवंबर को किया जाएगा। इसका आयोजन पुलिस लाइन मैदान में होगा। समापन समारोह में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह शामिल होंगे। गौरतलब है कि यातयात माह में लगातार वाहन चालकों को जागरूक किया गया।

सामूहिक विवाह पर भ्रष्टाचार का साया

रायबरेली : प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह पर भ्रष्टाचार का साया मंडरा रहा है। विवाह समारोह से पहले ही टेंडर को लेकर उठा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर पर मौके की नजाकत को भांपते हुए जांच टीम जरूर गठित कर दी है, लेकिन जिस तरह से टेंडर में मनमानी का आरोप लगाया गया है, इससे कहीं ना कहीं विभाग की साख जरूरत प्रभावित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आयोजन और सामग्री को लेकर भ्रष्टाचार का मामला बढ़ता जा रहा है। टेंडर को लेकर दावेदारी करने वाले फर्म संचालकों ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। आयोजन में अधिकतम दर वाली फर्म को कार्य देने की खबर चलने के बाद आनन फानन में डीएम के सख्त तेवर पर मुख्य विकास अधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी। इसके बाद सामूहिक विवाह का लक्ष्य जिले का पूरा हो गया, लेकिन अभी तक अभी तक जांच चल रही है। इतना ही नहीं समाज कल्याण के संबंधित पटल सहायक पर भी गंभीर आरोप लग रहे हैं। उधर, समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी का कहना है कि आरोप की जांच हो रही है। फर्म का चयन कमेटी द्वारा किया गया।

बच्चों ने दिया नशा मुक्त समाज का संदेश

रायबरेली : जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत ऑपरेशन मुक्ति अभियान का आयोजन विबग्योर पब्लिक इंटर कॉलेज में किया गया। इसमें बच्चों ने नशा मुक्त समाज का का संदेश दिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के मार्गदर्शन में यह अभियान 21 नवम्बर से 30 नवम्बर तक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाल विवाह एवं बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा आवश्यकतानुसार रेस्क्यू की कार्यवाही करना है। इस दौरान बाल विवाह एवं बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान का आयोजन किया गया। शिवशंकर पाल, शशि सिंह, मान सिंह कुशवाहा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सदस्य बाल कल्याण समिति मिलिंद द्विवेदी, संरक्षण अधिकारी वीरेंद्र पाल, हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमन से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शेफाली सिंह, पूजा तिवारी ने लोगों को बाल विवाह एवं बाल श्रम के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधानों एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

सफाई कर्मी पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

महराजगंज : कपूरपुर मजरे जमुरावा निवासी सफाई कर्मी सिद्धार्थ पर उसकी पत्नी काजल ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी ही। महिला का आरोप है कि दहेज में कार के अलावा उचित दान दहेज दिया। दहेज से उसके पति संतुष्ट नहीं रहे। मांग नहीं पूरी करने पर उसके साथ आए दिन मारपीट करता है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि सफाई कर्मी सिद्धार्थ के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। साक्ष्य के आधार पर कार्यवाही होगी।

सीडीओ ने शिकायतों के निस्तारण कराने के दिए निर्देश

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता द्वारा ग्राम पंचायत मदुरी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

चौपाल के दौरान शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, व वरासत से संबंधित कुल 06 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका निस्तारण तत्काल कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिया गया। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्रत्येक लाभकारी योजना का लाभ समयबद्ध रूप से पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाए तथा ग्राम विकास से जुड़ी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए। कार्यक्रम में ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर गगनदीप सिंह, ग्राम सचिव बुधराम, प्रधान वंश बहादुर, पूर्ति निरीक्षक लालगंज रहे।

बिजली विभाग पर बोझ बने उपभोक्ता, 41 करोड़ बिजली बिल बकाया

राघवेंद्र शुक्ला, जगतपुर

बकायेदारों को राहत

- एक दिसंबर से एकमुश्त समाधान योजना का मिलेगा लाभ

अमृत विचार। उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान न हो इसके लिए विभाग निरंतर प्रयासरत रहता है। वहीं कई ऐसे उपभोक्ता हैं, जो विभाग पर बोझ बने हुए हैं। वजह, बिजली बिल का समय से नहीं जमा करना। बात करें जगतपुर विद्युत उपकेंद्र की तो क्षेत्र में बिजली बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं पर विभाग का करोड़ों रुपये बकाया हो गया है। उपकेंद्र क्षेत्र में 14 हजार 250 बकायेदार उपभोक्ताओं पर लगभग 41 करोड़ रुपये बकाया है। ऐसे में एक दिसंबर से शुरू होने वाली एकमुश्त समाधान योजना उनके लिए बेहतर अवसर है। इससे उन्हें आर्थिक लाभ मिलेगा। वहीं विभाग का कोष भी बढ़ेगा।

बिजली विभाग की ओर से बकायेदारों को राहत दिलाने के लिए हर साल एकमुश्त समाधान योजना

लाया जाता है। इसका उद्देश्य बड़े बकायेदारों को बिना किसी अड़चन के बिल को आसानी से जमा कराने की सुविधा उपलब्ध कराना। यह योजना 1 दिसंबर से लागू होगी। योजना के तहत उपभोक्ताओं को सरचार्ज माफ करने के साथ ही मूलधन पर भी 25 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी, जो उपभोक्ता पहले रजिस्ट्रेशन कराएंगे उन्हें अधिक छूट का लाभ मिलेगा।

> बिजली उपभोक्ता एकमुश्त समाधान योजना का लाभ रजिस्ट्रेशन करा कर ले सकते हैं। पहले रजिस्ट्रेशन कराने वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज में पूरी छूट के साथ ही मूलधन पर भी 25 प्रतिशत का लाभ मिलेगा।
>
> -विशाल सिंह कुशवाहा, उपखंड अधिकारी जगतपुर।

कनेक्शन के बाद बिल देना भूल गए 4707 उपभोक्ता: बिजली कनेक्शन के बाद कई उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन्होंने बिल नही नहीं जमा किया। इसमें कुछ तो कई वर्ष पुराने हो गए। विभागीय अधिकारियों की माने तो 4707 उपभोक्ताओं जो कभी बिल ही नहीं जमा किए, उन पर ही करीब 30 करोड़ रुपये का बकाया है। वहीं नौ हजार 543 लम्बे समय से बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं पर 11 करोड़ रुपये की बकाया राशि है। लगातार बढ़ते बकाये को देखते हुए विभाग ने वसूली के लिए तैयारी तेज कर दी है।

मील का पत्थर साबित हुआ कूड़ा निस्तारण प्लांट

स्वच्छता की राह में हटा गंदगी का कलंक ▶ जिलाधिकारी के निर्देशन में ईओ की मेहनत लाई रंग

- कई सालों से प्लांट पर डंप 35 हजार टन कूड़ा निस्तारित

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। पिछले करीब दस सालों से नगर पालिका की स्वच्छता पर धब्बा बना कूड़ों का पहाड़ा आखिरकार हट गया। जिले की मुखिया जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन और अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह की दृढ़ इच्छाशक्ति का असर अब देखने को मिला रहा है। करीब दस सालों से डंप पड़े कूड़े से आखिरकार पालिका को छुटकारा मिल गया। वर्तमान में जिस मैदान में गंदगी का पहाड़ लगा हुआ था, वह अब पूरी तरह से स्वच्छ और समतल हो गया है।

नगर पालिका परिषद की ओर से कूड़ा निस्तारण प्लांट स्थापित किया गया है। शुरुआत में प्लांट तो कुछ महीनों तक चला, लेकिन इसके बाद आए दिन व्यवधान आने लगा। नतीजतन देखते ही देखते लाखों टन

कूड़ा निस्तारण होने से पहले प्लांट में लगा कचरे का ढेर।

कूड़ा निस्तारण के बाद प्लांट में समतल मैदान।

कूड़ा एकत्र हो गया। निस्तारण को लेकर पूर्व में तैनात जिम्मेदारों द्वारा पत्राचार तो किया गया, लेकिन उसका कोई खास असर नहीं देखने को मिला। जिले में अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह की तैनाती हुई तो सबसे बड़ी चुनौती प्लांट पर डंप कूड़ा निस्तारण को दूर करने की ठानी। जिलाधिकारी के निर्देशन में बंद पड़े प्लांट को पहले संचालन कराया। इसके बाद निस्तारण की प्रक्रिया को शुरू किया। देखते ही देखते 35 हजार टन कूड़ा निस्तारण करके गंदगी और दुर्गंध से आसपास के लोगों को छुटकारा दिला दिया। इसके साथ ही पालिका पर लगे वर्षों से कूड़े का कलंक भी हटा दिया। इसे कहीं ना कहीं स्वच्छता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम भी माना जा रहा है।

स्वच्छता की ओर एक मजबूत कदम: नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद रायबरेली द्वारा संचालित एमएसडब्ल्यू (म्यूनिसपल सालिड वेस्ट) प्लांट में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य निरंतर रूप से किया जा रहा है। वर्तमान में पुराना कचरा वैज्ञानिक विधि से निस्तारण किया जा चुका है।

कई बार प्लांट का हो चुका है विरोध: प्लांट के आसपास कई मुहल्ले हैं। कचरे का निस्तारण नहीं होने से बारिश में दुर्गंध से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो जाता था। इस प्रकरण को ऊंचाहार विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय ने भी प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद पालिका ने निस्तारण में तेजी दिखाई। बंद प्लांट को चालू करके कूड़ा निस्तारण कराया।

> जिलाधिकारी के निर्देशन में प्लांट में कई सालों से एकत्र करीब 35 हजार टन कूड़े का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण किया जा रहा है। वर्तमान में लगभग प्लांट कूड़ा मुक्त हो चुका है। शहर को स्वच्छ और बेहतर बनाना एक मात्र उद्देश्य है।
>
> -स्वर्ण सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद।

हर दिन 70 टन कूड़ा हो रहा निस्तारित

वर्तमान में हर दिन करीब 70 टन कूड़ा प्रतिदिन निस्तारित किया जा रहा है। इसका संचालन प्रतिदिन प्रात: आठ बजे से सायं चार बजे तक किया जाता है। इससे नगर क्षेत्र से एकत्रित कचरे की छंटाई, प्रसंस्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण किया जाता है। गीले कचरे से जैविक खाद (कम्पोस्ट) तैयार की जाती है, जबकि सूखे कचरे को रीसायकल के लिए अलग किया जाता है।

बाइक से टक्कर लगने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या

मृतक युवक के गमगीन परिजन। अमृत विचार

संवाददाता, बछरावां (रायबरेली)

- मामूली दुर्घटना बनी युवक की मौत का कारण, पिता ने हत्या का लगाया आरोप

अमृत विचार। महज बाइक की टक्कर लगने से मामला इतना बिगड़ गया कि एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली घटना थाना क्षेत्र के इंचौली गांव में होने से दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उन्नाव जिले के मौरावां थाना क्षेत्र के दिरपालगंज मजरे लउवा हड़हरा निवासी शैलेंद्र कुमार पुत्र सुरजू प्रसाद अपनी बाइक से हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ा पूरा गाँव मे शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह बछरावां-मौरावा मार्ग पर इचौली गांव के मुख्य चौराहे पर पहुंचा, तभी उसकी बाइक से वहां पर मौजूद एक युवक की मामूली टक्कर हो गई। टक्कर के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घेर लिया। इससे वह भयभीत हो गया। उसकी लोगों से कहासुनी होने लगी। इसी दौरान भीड़ में मौजूद एक युवक ने उसे मारपीट करने लगा। देखते ही देखते उसकी इतनी पिटाई कर दी कि मौत हो गई। मृतक के पिता सुरजू प्रसाद ने बताया कि उसका पुत्र कुछ देर पहले बड़ा पूरा गांव मे निमंत्रण में जाने के लिए घर से निकला था। कुछ देर बाद उनके पास खबर पहुंची कि उसके पुत्र की मौत हो गई है। वह जब मौके पर पहुंचे तो उन्हें पता चला कि मामूली दुर्घटना में भीड़ में मौजूद एक व्यक्ति ने उसके पुत्र को पीट-पीट कर मार डाला है। साथ ही साथ मृतक के पिता का कहना है कि केवल मामूली दुर्घटना हुई थी, बाइक टकराने के बाद किसी को कोई चोट नहीं आई थी, न कोई बाइक से गिरा था। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। परिजनों के द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ. राजेश गुप्ता व डॉ. डीआर मौर्या को मिला फेलोशिप अवार्ड

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। जिले के चिकित्सकों ने एक बार फिर बड़े मंच पर मान बढ़ाया है। रमाडा होटल लखनऊ में आयोजित कॉन्फ्रेंस में एशियन पैसिफिक सोसाइटी ऑफ हाइपरटेंशन के तत्वाधान में आयोजित 35वी कॉन्फ्रेंस में डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ. राजेश गुप्ता और डॉ. डीआर मौर्या को फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। चिकित्सा क्षेत्र और हाइपरटेंशन के लिए किए गए कार्यों के लिए चिकित्सकों को सम्मान मिला है। गौरतलब है कि इससे पहले डॉ. बृजेश सिंह को चंडीगढ़ मे आयोजित इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लीनिकल मेडिसिन (आईएसीएम) के 31वें वार्षिक सम्मेलन में 'प्रेसीडेन्ट एप्रीसियेशन अवार्ड' से सम्मानित किया जा चुका है। जिले में आयुष क्लीनिक के संचालक डॉ. ब्रजेश सिंह ख्यातिलब्ध चिकित्सक तो हैं ही, उनका व्यक्तित्व, व्यवहार व सरलता सभी को प्रभावित करती है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व सचिव डॉ. ब्रजेश सिंह इस समय इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लीनिकल मेडिसिन (आईएसीएम) के जिला अध्यक्ष हैं। डॉ. ब्रजेश सामाजिक सरोकारों से जुड़े संगठनों में भी वरिष्ठ जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। चिकित्सकों के सम्मानित होने पर जिले के लोगों ने खुशी जताई है। डॉ. बीरबल, डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. रोहित हसानी, डॉ. मनीष चौहान, डॉ. केपी वर्मा, डॉ. एआर त्रिपाठी, डॉ. विपिन गुप्ता आदि ने चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि बताया है।

सम्मानित किए गए डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. राजेश कुमार गुप्ता व डॉ. धर्मराज मौर्या। अमृत विचार

जिला प्रचारक ने व्यापार मंडल महामंत्री को दिया संघ का साहित्य

लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज नगर के महामंत्री और समाजसेवी शिवम गुप्ता को संघ के जिला प्रचारक अजीत ने संघ साहित्य भेंट कर वर्तमान में चल रहे गृह संपर्क अभियान के बारे में जानकारीदी। जिला प्रचारक ने बताया कि वर्तमान में संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा गृह संपर्क अभियान के तहत घर-घर संपर्क कर संघ साहित्य दिया जा रहा है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए शताब्दी वर्ष के बाबत बताया भी जा रहा है। इस मौके पर कार्यालय प्रमुख रविशंकर बाजपेई, प्रिशू दीक्षित, नगर प्रचारक पुष्पम आदि मौजूद रहे।

बायोमेट्रिक मशीन ने दिया धोखा क्रय केंद्र पर धान खरीद ठप

महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार। धान खरीद केंद्रों पर इस बार लगाए गए अत्याधुनिक बायोमेट्रिक सिस्टम किसानों और केंद्र संचालकों दोनों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। शासन ने इस बार किसानों की पहचान पुतलियों (आईरिस स्कैन) के माध्यम से सुनिश्चित करने की व्यवस्था लागू की है, लेकिन मशीनों के सही से काम न करने के कारण खरीद प्रक्रिया लगातार बाधित हो रही है। स्थिति यह है कि कई किसानों को बार-बार केंद्र का चक्कर लगाने के बावजूद प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा है। इससे किसानों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के बी-पैक्स सेंटर कोटवा मोहम्मदाबाद में 1 नवम्बर से मात्र 36 क्विंटल धान खरीद हुई है। समिति के सचिव व केंद्र प्रभारी रामशरन यादव ने बताया कि मशीन ख़राब होने के कारण अब तक खरीद नहीं हो पायी है। विभाग को खराब मशीन की सूचना कई बार दिया गया परन्तु मशीन उपलब्ध नहीं हो पायी है।

स्कूटी सवार को बचाने में ओवरब्रिज रेलिंग से टकराया ट्रेलर

हादसा टला

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के न्यू बाईपास ओवर ब्रिज पुल पर उस समय तफरी का माहौल हो गया, जब तेज रफ्तार टेलर ट्रेलर हादसा होते-होते बच गया। स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में रेलवे ओवर ब्रिज रोड की रेलिंग से जा टकराया और बीच पुल से लटक गया। रेलिंग से ट्रक के टकराने पर राहगीरों में भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई गंभीर रूप से हताहत नहीं हुआ। पंजाब प्रांत निवासी ट्रेलर चालक अरविंद कुमार ने बताया कि कपूरथला से रेलकोच फैक्ट्री का सामान लेकर फैक्ट्री जा रहे थे। तभी अचानक एक स्कूटी सवार सामने आ गया। उसे बचाने के दौरान यह हादसा हो गया। वही एनएच के अधिकारियों ने कहा है कि क्षतिग्रस्त रेलिंग के बाबत मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा घायल, बछरावां: थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां-मौरावा मार्ग पर शनिवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक साइकिल सवार छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल छात्रा सृष्टि पुत्री कुलदीप निवासी नीमटीकर कोचिंग पढ़कर वापस अपने घर जा रही थी। जैसे ही वह उक्त मार्ग पर आरडीआरके स्कूल से थोड़ा सा आगे बढ़ी तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। वहीं आसपास मौजूद लोगों के द्वारा गंभीर रूप से घायल छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का मिला शव

- मां ने गांव के चार लोगों को मौत का बताया कारण, जांच शुरू

संवाददाता, बछरावां (रायबरेली)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिलेडा गांव में 20 वर्षीय युवती का शव कमरे में लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की देर रात थाना क्षेत्र के तिलेडा गांव निवासी लक्ष्मी पुत्री स्व. बैजनाथ ने अपने घर के कमरे के अंदर दरवाजा बंद कर छत में लगे हुक में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी मां जब घर पहुंची तो वह उसे कहीं नहीं दिखी। मां ने खिड़की से शव लटकता देखा तो होश उड़ गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और सूचना ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान धर्मपाल पटेल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से युवती के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां राजवती ने बताया कि लक्ष्मी ने शाम को खाना बनाया। उसके बाद मैं थोड़ी देर के लिए घर से बाहर चली गई। तभी उसने यह कदम उठाया है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि उनकी चार बेटियां हैं, उन्होंने अपनी इस बेटी लक्ष्मी की शादी तय की थी। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। पीड़ित पक्ष के द्वारा जो भी तहरीर प्राप्त होगी उसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

युवती की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल

महराजगंज। कस्बे के वार्ड नंबर नौ प्रकाश नगर निवासी रामजी व रमना मजरे जिहवा गांव निवासी संत बहादुर बाइक से महराजगंज की ओर आ रहे थे। विपरित दिशा से आ रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने पाली गांव के पास उन्हें टक्कर मार दी। घटना में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। रामजी की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

सदर विधायक ने 1.41 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। सदर विधायक ने शहर के विकास के लिए एक करोड़ 41 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। शुक्रवार को इंदिरा नगर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए लोगों से विकास पर चर्चा की। साथ ही आश्वस्त किया कि सड़क, बिजली, पानी आदि की मूलभूत समस्याओं से नहीं जूझने दिया जाएगा।

सदर विधायक अदिति सिंह का सभासद सबिस्ता ब्रजेश और पूर्व सभासद एसपी सिंह ने स्वागत किया। वहीं मुहल्ले की महिलाओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। सदर विधायक ने इस दौरान इंदिरा नगर में सात सड़कों के बेहतर करने की घोषणा करते हुए विकास कार्यों के शिलान्यास किया। उन्होंने करीब एक दर्जन पार्क जो बदहाल हो चुके हैं, उन्हे इस बजट से संवारा जाएगा। सभासदों के साथ ही स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि जब भी कोई जरूरत होगी वह साथ रहेंगी।

प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में बताया कि सरकार का मुख्य लक्ष्य योजनाओं का सही व्यक्ति को दिलाना है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार सरकार सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने इस दौरान राणा बेनी माधव की प्रतिमा पर छत्र निर्माण के लिए बजट की घोषणा की।

इंदिरा नगर में विकास कार्यों के शिलान्यास के दौरान सभासदों से बातचीत करतीं सदर विधायक अदिति सिंह व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

- शहर के इंदिरा नगर की सात सड़कों की सुधरेगी दशा

आयोजन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में राज्यमंत्री ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद, उपहार देकर किया विदा

सतांव में मंत्रोच्चारण के बीच 287 जोड़ों ने लिए सात फेरे

संवाददाता, सतांव (रायबरेली)

अमृत विचार। विकासखण्ड के गन्ना कांटा मैदान सतांव में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अर्न्तगत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 288 जोड़े वैवाहिक बंधन में बँधकर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सभी नवविवाहित जोड़ों को शुभाशीष देते हुए उनके मंगलमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। साथ ही उन्हें उपहार देकर सरकार की योजनाओं से लाभांवित किया।

शनिवार की सुबह से ही गन्ना कांटा मैदान में सुसज्जित वृहद पंडाल में दूल्हा, दुल्हन और उनके परिवारजनों का हुजूम लगना शुरू हो गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के साथ कार्यक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद मंत्रोच्चारण के बीच विवाह समारोह शुरू हो गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी स्रष्टि अवस्थी ने बताया कि इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के बछरावां ,हरचन्दपुर, सतांव, लालगंज, सरेनी, खीरो, महराजगंज, शिवगढ़, सतांव, नगर पंचायत शिवगढ़, नगर पंचायत बछरावां, नगर पंचायत लालगंज से पंजीकृत कुल 315 जोड़ों में से 288 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंध गये।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित समारोह में दीप प्रज्ज्वलित करतीं डीएम हर्षिता माथुर और राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह। अमृत विचार

गायत्री चेतना केन्द्र गुरुबक्शगंज के आचार्यों के वैदिक मंत्रोचार के मध्य जहां 287 हिन्दू जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। वहीं एक मुस्लिम जोड़े ने मौलवी की उपस्थिति में मुस्लिम रीति-रिवाज से निकाह कुबूल किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अर्न्तगत प्रत्येक कन्या के खाते में डीबीटी के माध्यम से 60 हजार रुपये के साथ 25 हजार के गहने, कपड़े और गृहस्थी का सामान प्रदान किया गया। दूल्हे-दुल्हन के साथ उनके 10 सम्बन्धियों को लंच बाक्स वितरित किये गये। कार्यक्रम उपरान्त सभी आगन्तुकों ने भोजन का भी आनन्द लिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, परियोजना निदेशक सतीशचन्द्र मिश्र, नोडल अधिकारी कमलराज पाल, एसडीएम चन्द्रप्रकाश गौतम आदि उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

योजनाओं को लेकर हुई बैठक

संग्रामपुर (अमेठी) : शनिवार को विकासखंड संग्रामपुर सभागार में अग्रणी बैंक प्रबंधक अमेठी राजीव पाण्डेय एवं आईएसबी सुरेश कुमार की उपस्थिति में बीएलबीसी की बैठक हुई। बैठक में बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष रोजगार योजना समूह के सीसीएल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग कार्यान्वित किए जाने पर विचार-विमर्श हुआ। इस बैठक में बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा प्रबंधक संग्रामपुर उपेंद्र यादव,महिमा सिंह , हेमंत कुमार (आरसेटी गौरीगंज) संग्रामपुर में तैनात बीएमएम त्रिलोचन सिंह, महिला बीएमएम नीरज स मौजूद रहे।

एसआईआर की हर दिन हो रही समीक्षा

सरेनी (रायबरेली) : खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि मतदाता पुनरीक्षण विशेष अभियान एसआईआर की हर दिन समीक्षा हो रही है। ब्लॉक सरेनी में बीएलओ, सुपरवाइजर लगाए गए हैं। बीएलओ को प्रतिदिन की रिपोर्ट ली जाती है। फॉर्म ग्रामीणों को वितरित कर भरवाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। बीएलओ को लगातार बैठकों में बताया जा रहा है कि पारदर्शिता के साथ एसआईआर फॉर्म को भरवाने का कार्य सुनिश्चित करें, ताकि कोई मतदाता वंचित न रहे। मतदाता मनीष यादव ने बताया कि बीएलओ रानी देवी गांव में भ्रमणकर लोगों के फॉर्म भर रही है। किरण देवी, मायावती, पूजा आदि ने बताया कि एसआईआर काम तेजी से किया जा रहा है।

जानलेवा हमले के आरोपी शादाब खां पर आरोप तय

सुलतानपुर : जानलेवा हमले के मामले में अमेठी जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र स्थित इटरौर गांव निवासी आरोपी शादाब खां के खिलाफ जिला जज सुनील कुमार ने आरोप तय कर दिए हैं। अदालत ने अभियोजन गवाह को बयान के लिए आगामी 2 दिसंबर को तलब किया है।

खो-खो प्रतियोगिता में मिला तीसरा स्थान

सुलतानपुर : सीता देवी महाविद्यालय बरौलिया, बाराबंकी में आयोजित अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक डॉ. ओम प्रकाश पांडेय 'बजरंगी', सदस्य आशीष पांडेय 'सनी' व प्राचार्य प्रो. अंग्रेज़ सिंह 'राणा' ने टीम को बधाई दी और आगे बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा दी।

पुलिस टीम के हमलावर को राहत

सुलतानपुर : पुलिस टीम पर फायरिंग के आरोप में गिरफ्तार अखंडनगर थानाक्षेत्र के खुशामदपुर निवासी आरोपी आशीष व विवेक उर्फ पुल्ली को सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार की अदालत ने जमानत दे दी। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा के मुताबिक 22 अक्टूबर की कथित घटना में प्रभारी निरीक्षक अखंडनगर ने पकड़े जाने के दौरान आरोपियों द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर किए जाने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

विधिक कार्यशाला का आयोजन

सुलतानपुर : दीवानी न्यायालय में शनिवार को जूनियर अधिवक्ताओं के लिए विधिक कार्यशाला का आयोजन बार अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने विधिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विजय गुप्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता आदि रहे।

धर्मार्थ चिकित्सालय पर स्वास्थ्य विभाग ने की छापेमारी

किसान मजदूर सेवा संस्थान की ओर से की गई शिकायत पर सीएमओ के निर्देश पर की गई जांच, तैयार की जा रही है रिपोर्ट

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। दुर्गापुर रोड बाईपास पर स्थित एक कथित धर्मार्थ चिकित्सालय पर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ी छापेमारी की। यह कार्रवाई 'किसान मजदूर सेवा संस्थान' द्वारा की गई शिकायत के बाद की गई। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए सीएमओ के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. राम प्रसाद मिश्र ने टीम के साथ छापेमारी करके जांच-पड़ताल की।

धर्मार्थ चिकित्सालय पर छापेमारी करते एसीएमओ। अमृत विचार

जानकारी के मुताबिक अस्पताल पर बिना पंजीकरण और आवश्यक अनुमति के अवैध रूप से संचालित होने का गंभीर आरोप लगने की के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम की छापेमारी की गई। छापेमारी टीम ने बताया कि मामले की अभी जांच चल रही है। वहीं शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि चिकित्सालय बिना किसी सरकारी पंजीकरण के चलाया जा रहा है। अस्पताल में अयोग्य डॉक्टर और स्टाफ मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। मरीजों से खून जांच और पंजीकरण के नाम पर अवैध वसूली की जा रही थी। छापेमारी टीम का नेतृत्व एसीएमओ डॉ. राम प्रसाद मिश्र और पी.के. उपाध्याय ने किया। टीम ने अस्पताल के सभी कमरों का निरीक्षण किया, जहां कई मरीज भर्ती मिले। वार्ड में एक मरीज को तो ग्लूकोज भी चढ़ाया जा रहा था।

टीम ने अस्पताल के पंजीकरण प्रमाण पत्र, स्टाफ के योग्यता प्रमाणपत्र, दवाओं के स्टॉक का विवरण, मरीज रजिस्टर और लैब उपकरणों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की। वहीं एसीएमओ डॉ. मिश्र ने बताया कि टीम द्वारा प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है और नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं शिकायतकर्ता विनोद कुमार ने इस जांच को दिखावटी करार दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा अस्पताल के खिलाफ उचित और ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वे धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

वहीं इस संबंध में सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह का कहना है कि छापेमारी के बाद अभी जांच प्रक्रिया प्रचलित है। दो दिन बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सालय पर कार्रवाई की जाएगी।

गोरखापुर धान केंद्र का विपणन अधिकारी ने किया निरीक्षण

संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार। शनिवार को अमेठी जिले में तैनात जिला खाद विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र के विशेश्वरगंज-कालिकन मार्ग पर स्थित राजकीय क्रय धान केंद्र गोरखापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धान तौल कराया साथ ही किसानों से भी बात की गई। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र के राजकीय धान क्रय केंद्र गोरखापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि अभी इस केंद्र पर 17 किसानों ने कल 739 क्विंटल धान की तौल कराई है। जिनका धान खरीद की धनराशि खातों में भेज दिया गया है। यहां के किसानों को कहना है कि और केंद्र खोला जाए जिसे जल्द खरीद हो सके। निरीक्षण अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करता है कि धान की खरीद सरकारी नियमों के अनुसार पारदर्शी और सुगम तरीके से हो रही है कि नहीं। बताया कि गोरखापुर धान क्रय केंद्र पर गुणवत्ता मापदंडों की जांच की गई और यह सुनिश्चित किया गया कि नियमों का पालन किया जा रहा या नहीं किया जा रहा है।

निरीक्षण करतीं विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा। अमृत विचार

दो वर्ष से फरार दुष्कर्म का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

शुकुल बाजार (अमेठी)। थाना बाजार शुकुल पुलिस ने दुष्कर्म एवं एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त सोनू उर्फ इसराक पुत्र इसरार खान, निवासी बदलगढ़, थाना बाजार शुक्ल, उम्र करीब 30 वर्ष, पिछले दो वर्षों से फरार था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस की तत्परता से अभियुक्त को जाखन चौराहा कैनाल रोड कोठ बंगला थाना राजपुर जनपद देहरादून से 28 नवंबर को लगभग साढ़े तीन बजे पकड़ लिया गया। थाना बाजार शुकुल पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। यह गिरफ्तारी पुलिस की सक्रियता का स्पष्ट प्रमाण है।

प्रशिक्षण में दी गई योजनाओं की जानकारी

कार्यक्रम

जगदीशपुर, अमेठी

अमृत विचार। कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), भारत सरकार के सहयोग से एवं अमेठी हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के आयोजन में रोड नंबर 4, विकासखंड जगदीशपुर में 20 आर्टिजन क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए चल रहे छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को महत्वपूर्ण सत्र आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार से आए अधिकारी विनय सिंह ने प्रतिभागियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मूंज से बने उत्पादों की देशभर में तेजी से बढ़ती मांग आर्टिजनों के लिए बड़े अवसर का संकेत है। उन्होंने बताया कि मूंज क्राफ्ट का कच्चा माल स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध है, इसलिए आवश्यक है कि कारीगर कौशल, गुणवत्ता और डिजाइन पर विशेष ध्यान दें। गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के माध्यम से आर्टिजन स्थानीय से राष्ट्रीय स्तर तक अपना बाजार विस्तारित कर सकते हैं। मुख्य वक्ता के रूप में हस्तशिल्प भारत की डिजाइनर आयुषी श्रीवास्तव ने डिजाइन संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण अवधारणाओं पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने डिजाइन डेवलपमेंट, डिजाइन प्रोसेस, कलर थ्योरी, प्रकृति प्रेरित डिजाइन, आकार प्रेरित डिजाइन, एब्स्ट्रैक्ट डिजाइन और स्व-प्रेरित डिजाइन पर प्रतिभागियों को गहन जानकारी दी। उन्होंने मर्चेंडाइजिंग, गुणवत्ता, समय-प्रबंधन और सेवा के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की। साथ ही प्रतिभागियों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मार्केटिंग के बारे में प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी राकेश शुक्ला, सुशीला, सरिता, माया, दीपा, मीरा, खुशमता, रेखा, सुमन देवी, नारायणी, नीलम, केश कुमारी, शशि, रामरती, विमला, श्यामपती, सावित्री सहित अनेक महिलाएँ उपस्थित रहीं।

डिजाइन अवधारणाओं की जानकारी देतीं आयुषी श्रीवास्तव। अमृत विचार

अनियंत्रित बाइक गड्ढे में पलटी, युवक की मौत

कोहराम

- तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह, एक अन्य गंभीर

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। सामने से आ रहे अज्ञात वाहन को बचाने के चक्कर में शनिवार को दोपहर तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

शान की फाइल फोटो।

जानकारी के मुताबिक भीषण जामो थाना क्षेत्र के हेरुआ गांव के पास का है। जहां शनिवार दोपहर करीब 12 बजे तेज रफ्तार बाइक सामने से आ रही अज्ञात कार से बचने के चक्कर में सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में बाइक चला रहा युवक शान के सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा फुरकान गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने दोनों को जामो सीएचसी पहुंचाया, जहां घायल का इलाज जारी है। वहीं जामो थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि अस्पताल से मेमो मिला था, जिसके बाद पुलिस बल मौके पर मौजूद है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गंभीर रूप से घायल किशोरी की एम्स में मौत

मुसाफिरखाना, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के गौरीगंज रोड स्थित दक्खिन गांव के पास शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शाम करीब 7 बजे यात्रियों से भरी ऑटो और एक ट्रैक्टर में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में अमन, विमला, रोशनी और भोला शामिल थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। इसी बीच रोशनी की हालत बेहद गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें रायबरेली के एम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह रोशनी की मौत हो गई। हादसे की खबर और फिर रोशनी की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी मातम फैल गया है।

रोशनी की फाइल फोटो।

सेंट पीटर्स में नर्सरी से होगी पढ़ाई

संवाददाता, रायबरेली। आईसीएसई संचालित सेंट पीटर्स स्कूल एंड कालेज में अब नर्सरी की कक्षाएं भी संचालित होंगी। यह जानकारी फादर जैकब बोला डीसूजा ने दी है। विद्यालय की शिक्षिका जाग्रति ने बताया कि अभी तक कक्षा छह से 12 तक की पढ़ाई होती थी। इस बार नर्सरी का भी एडमिशन किया जा रहा है। आगामी सत्र 2026-27 से नर्सरी कक्षा प्रारंभ हो जाएगा। नर्सरी ओर एलकेजी के पंजीकरण फार्म एक दिसंबर से विद्यालय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अन्य कक्षाओं के पंजीकरण फार्म पांच जनवरी 2026 से मिलेगा।

राजकीय हाईस्कूल में पंख करियर का आयोजन

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। ऊंचाहार तहसील क्षेत्र के राजकीय हाई स्कूल रोहनिया में पंख करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश यादव, सामूहिक चिकित्सा केंद्र डॉ. अखिलेश, बैंक ऑफ बड़ौदा ऊंचाहार शाखा प्रबंधक रजत सक्सेना, स्वामी दयानंद इंटर कॉलेज प्रबंधक राम नारायण सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमरन रणजीत सिंह सहित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि परसीपुर संजय कुमार अतिथियों के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संयोजक साधना सिंह, प्रधानाध्यापिका ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। नोडल शुभानंद पटेल व प्रियंका, पूजा सरोज एवं संदीप गौतम ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। विशेषज्ञों ने छात्रों को करियर विकल्पों, कौशल विकास और भविष्य की तैयारियों पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया। बताया कि सही दिशा, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ छात्र अपनी उड़ान को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर अपने संदेह दूर किए और यही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, छात्राओं सहित अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

डॉ. अरविंद बने अमेठी विस के समन्वयक

अमेठी, अमृत विचार। कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से अपनी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम कर रहे वरिष्ठ नेता प्रोफेसर डॉ. अरविंद कुमार चतुर्वेदी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने उन्हें अमेठी विधानसभा का समन्वयक (कोआर्डिनेटर) नियुक्त किया है। डॉ. चतुर्वेदी अमेठी जिला कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत थे और पूर्व में जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। उन्होंने विगत विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान विभिन्न टीवी चैनलों पर डिबेट्स में कांग्रेस पार्टी की नीति और सिद्धांतों का बेहतर तरीके से पक्ष रखकर एक मिसाल कायम की थी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव फरहान वारसी ने डॉ. चतुर्वेदी को समन्वयक बनाए जाने पर कहा कि इससे अमेठी में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

छात्रवृत्ति भुगतान की संशोधित समय-सारिणी निर्धारित

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग पूर्वदशम (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योनान्तर्गत कक्षा 11-12 के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान हेतु संशोधित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने बताया है कि विद्यालय द्वारा प्रोफाइल लॉक करना 25 नवम्बर 2025 से 1 दिसम्बर 2025 तक प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिये आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही किया जाना, जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करना तदोपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करना (नवीन संस्थायें) एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनायें भरकर अपलोड करके प्रमाणित करना।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन 25 नवम्बर से 08 दिसम्बर तक, अल्पसंख्यक वर्ग हेतु एल०एस०पी० पोर्टल पर पंजीकृत निजी क्षेत्र के विद्यालयों की मार्किंग किया जाना 02 जुलाई से 14 दिसम्बर तक निर्धारित किया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने छात्र स्तर से ऑनलाइन आवेदन/भुगतान आदि की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि छात्रों द्वारा रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन आवेदन 25 नवम्बर से 06 दिसम्बर तक, छात्रों द्वारा फाइनल प्रिन्ट आउट निकालना 25 नवम्बर से 07 दिसम्बर तक है। हार्ड कॉपी को छात्रों द्वारा वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में जमा किया जाना 25 नवम्बर से 09 दिसम्बर तक, शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना 25 नवम्बर से 13 दिसम्बर तक, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन करना 15 से 20 दिसम्बर तक, त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों/संस्था के स्तर से सही करना 23 से 28 दिसम्बर तक, संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित कराना 23 से 31 दिसम्बर तक किया गया है। जनपदीय समिति द्वारा डाटा लॉक करना 23 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित किया गया है।

सिटी डायरी

व्यास गद्दी से आशीर्वाद प्राप्त करते भाजपा नेता अनूप पांडे।

श्रीराम कथा से सत्मार्ग पर चलने की मिलती है प्रेरणा

लालगंज (रायबरेली)। सरेनी विधानसभा क्षेत्र के घुरवारा में आयोजित श्री राम कथा के समापन पर पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे ने व्यास गद्दी की आरती व पूजन कर जहां आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं श्री राम कथा कह रही वैदेही सुरभि ने उनका श्री राम नाम की पट्टिका से स्वागत भी किया। कथा व्यास ने भक्तों को श्री राम कथा सुनाते हुए कहा कि कलियुग में भगवान श्री राम की कथा सुनने से जहां आनंद की प्राप्ति होती है, वहीं मनुष्य को सत्मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी प्राप्त होती है। श्री राम कथा के समापन पर साध्वी ने सुंदरकांड और उत्तरकांड की कथाओं का बड़ा ही मार्मिक ढंग से वर्णन किया। राम रावण युद्ध और लंका विजय के पश्चात भगवान श्री राम के अयोध्या पहुंचने की भी कथा सुनायी। आयोजक जेपी सिंह, सुशील शुक्ला, शिवम गुप्ता, मनोज मिश्रा ,जितेंद्र पटेल ,राजेंद्र अग्रहरि, धर्मेंद्र त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

दिसम्बर माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने माह दिसम्बर 2025 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गांव की समस्याएं, गांव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 5 दिसम्बर को परियोजना निदेशक, जिग्राविअभि विकास खण्ड डलमऊ में, जिला विकास अधिकारी विकास खण्ड डीह में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड दीनशाहगौरा में एवं विकास खण्ड हरचन्दपुर में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इसी प्रकार 12 दिसम्बर को परियोजना निदेशक, जिग्राविअभि रोहनियां में, जिला विकास अधिकारी अमावां में, उपायुक्त, श्रम रोजगार सलोन में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार ऊंचाहार में। 19 दिसम्बर को परियोजना निदेशक, जिग्राविअभि सतावं में, जिला विकास अधिकारी बछरावां में, उपायुक्त, श्रम रोजगार लालगंज एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार शिवगढ़ में 26 दिसम्बर को परियोजना निदेशक, जिग्राविअभि छतोह में, जिला विकास अधिकारी राही एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

साइकिल रैली निकालते लोग।

नशा मुक्ति के लिए निकाली गई साइकिल यात्रा

अमेठी। जिले में नशे के बढ़ते खतरे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज एक प्रेरक साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा पूरे हरिराम तिवारी के पुरवा से शुरू होकर प्रसिद्ध स्वामी परमहंस टीकर माफी आश्रम तक पूरी की गई। गैरीकपुर ग्राम सभा के मूल निवासी और मुंबई से पधारे जाने-माने लेखक, चिंतक व शिक्षाविद डॉ. रमाकांत क्षितिज ने अपने सहयोगियों के साथ इस यात्रा का नेतृत्व किया। साइकिल यात्रा महना, हारीपुर, कस्तूरीपुर, बालीपुर, टीकर माफी बाजार होते हुए आश्रम पहुंची।

विवाद में दबंगों ने किया हमला, घर में घुसकर वृद्धा को पीटा

संग्रामपुर (अमेठी), अमृत विचार। थाना क्षेत्र के बरुईपुर पोस्ट मिश्रौली बड़ागांव में ज़मीन विवाद को लेकर दबंगों द्वारा एक परिवार पर जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। हमले में एक वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बढ़ईपुर मिश्रौली निवासी सुमित्रा देवी ने बताया कि 29 नवंबर की सुबह लगभग 8 बजे, गांव की उर्मिला गुप्ता, उनके बेटे मुकेश, और नीलम (पत्नी प्रमोद) ने उनकी सास वृद्धि देवी (सीता पति देवी) पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर चोटों और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण वृद्धा मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। सुमित्रा देवी ने आरोप लगाया कि जब वह सास को बचाने पहुंचीं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की, अशोभनीय गालियां दीं और धमकी देते हुए कहा कि जमीन हम कब्जा करेंगे, कोई रोक नहीं पाएगा। पीड़िता के घर के भीतर जाने पर भी दबंग घर में घुस गए, उनका मंगलसूत्र छीन लिया, धक्का देकर गिरा दिया। पीड़िता के अनुसार, दबंग विवादित ज़मीन पर ईंट-पत्थर और पैरा डालकर अवैध कब्ज़े की कोशिश कर रहे थे, जिसका विरोध करने पर यह हमला किया गया। शोरगुल सुनकर पड़ोसी हेमराज सरोज, हरि सरोज, मंगल सरोज, उर्मिला सरोज और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिन्होंने किसी तरह दोनों पीड़ित महिलाओं की जान बचाई।सूचना पर एंबुलेंस 108 को बुलाया गया, जिसके माध्यम से गंभीर रूप से घायल वृद्धा वृद्धि देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर पहुंचाया गया। हालत नाज़ुक होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल सैदपुर रेफर कर दिया। सुमित्रा देवी को भी प्राथमिक उपचार दिया गया है।

आक्रोश सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने कहा-पेंशन पुनरीक्षण और अन्य लाभों से वंचित न करें

मांगों को लेकर पेंशनर्स ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आह्वान पर भारत सरकार द्वारा केंद्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन वित्त मंत्रालय के द्वारा जारी संकल्प पत्र को देखते हुए पूरे देश के पेंशनरों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

शनिवार को पेंशनर भवन से पुलिस ऑफिस होते हुए डिग्री कॉलेज चौराहे पर मोमबत्ती जलाते हुए शहीद चौक पर पेंशनर्स प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए हक के लिए आवाज उठाई।

कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

पूर्व प्राचार्य फिरोज गांधी महाविद्यालय प्रो. आरपी सिंह, राम बहादुर वर्मा, प्रो. ओम जी गुप्ता, प्रो. भूपेंद्र देव सिंह ने कहा कि पांचवें, छठे और सातवें वेतनमान में पैरा 3 के बिंदु च में पेंशनरों का स्थान पेंशन पुनरीक्षण और अन्य लाभों के लिए सुरक्षित रखा गया था, लेकिन यह पहली बार वर्तमान केंद्रीय सरकार द्वारा आठवें वेतनमान से पेंशनरों को विलग करने पर पेंशनर्स में नाराजगी है। प्रो. राजेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, प्रो. चंपा श्रीवास्तव, बीएन यादव, संरक्षक दयाराम यादव, बीएस सक्सेना ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को मोमबत्ती जलाकर ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि यह राष्ट्र के बुजुर्ग हैं, जब अंग्रेजों ने उनके बुढ़ापे का ध्यान रखते हुए पेंशन की व्यवस्था की थी तो इस प्रकार आप भी अपने बुजुर्गों का और पेंशनरों का ध्यान रखते हुए आठवें वेतन आयोग के गठन में पेंशनरों के पेंशन पुनरीक्षण और अन्य लाभों से वंचित न करें। संकल्प पत्र में संदर्भित किया जाए।

इस मौके परइंद्रपाल सिंह, सियाराम वर्मा, आरबी वर्मा, आरबी यादव, सच्चिदानंद शुक्ला, राजेंद्र सिंह, दीपक कुमार श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, राज नारायण निर्मल, भैयादीन, केके तिवारी, रामासरे यादव, राजकुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



दया धर्म का मूल है पाप मूल अभिमान।
तुलसी दया न छोड़िये जब तक घट में प्राण।।

तुलसीदास जी कहते हैं, धर्म का असली मूल दूसरों पर दया करना है और अभिमान नहीं करना चाहिए। अभिमान ही पाप की बुनियाद है। जब तक जीवन है इंसान को दया करना नहीं छोड़नी चाहिए।

वाक् स्वातंत्र्य का अधिकार बड़ा पर शब्द संयम भी जरूरी

सोशल मीडिया पुराकथाओं जैसा हीरो बन गया है। यह दोधारी तलवार है। जानकारियों का स्रोत है। भौतिक जीवन के प्रपंच सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनों तक पहुंचते हैं। उन्हें जरूरी या गैरजरूरी मानना व्यक्तिगत पसंद की बात हो सकती है। कुल मिलाकर सोशल मीडिया अनिवार्य बुराई के रूप में लिया जा रहा है। सोशल मीडिया में मनोरंजन है। ज्ञान है। पुस्तकें हैं। गीत-संगीत भी हैं। जीवन को सुखमय बनाने वाले तमाम तत्व सोशल मीडिया का अंग हैं। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब सोशल मीडिया नहीं था, तब मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वालों की संख्या बहुत कम थी। घर में बहुधा एक या दो फोन होते थे। अब परिवार में सभी के पास अपना मोबाइल है। मोबाइल केवल दूरभाष वार्ता का काम नहीं देता। वह चलता फिरता टीवी है। बहुत सुंदर नोटबुक है। ज्ञात विश्व के सभी अनुशासनों का जीवन तंत्र है।

सोशल मीडिया पुराकथाओं जैसा हीरो बन गया है। सोशल मीडिया में मनोरंजन है। जानकारियों का स्रोत है। ज्ञान है। पुस्तकें हैं। गीत संगीत भी है। जीवन को सुखमय बनाने वाले तमाम तत्व सोशल मीडिया का अंग हैं। यह दोधारी तलवार है। भौतिक जीवन के प्रपंच सोशल मीडिया के माध्यम से आमजनों तक पहुंचते हैं। उन्हें जरूरी या गैरजरूरी मानना व्यक्तिगत पसंद की बात हो सकती है। कुल मिलाकर सोशल मीडिया अनिवार्य बुराई के रूप में लिया जा रहा है।

विश्व का समूचा ज्ञान सोशल मीडिया का भाग है। इसका एक बड़ा हिस्सा मनुष्य जीवन को क्षति पहुंचा रहा है। छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल से चिपके रहते हैं। इस नुकसान को लेकर अनेक शोध हुए हैं। मैंने निजी जीवन में देखा है कि एक ही परिवार के सात सदस्यों के पास अलग-अलग मोबाइल हैं। किसी के पास दो या तीन मोबाइल भी हैं। मैं ऐसे ही एक मित्र के घर में मेहमान था। मैंने उनको बताया कि चाय में शक्कर नहीं रहेगी। उन्होंने हमारे पास बैठे-बैठे अपनी पत्नी को फोन मिलाया। हमने पूछा चाय कहां बन रही है। उन्होंने कहा, पीछे कमरे में। मैंने कहा, आप जाकर भी बता सकते थे। उन्होंने कहा, फोन है, तो क्यों जाएं?

सोशल मीडिया से प्रसारित झूठी सूचनाएं समाज को क्षति पहुंचती हैं। दंगे फसाद भी हो जाते हैं। सोशल मीडिया से पुलिस और प्रशासन को सुविधा हो रही है। वहीं अपराधी भी इसी के दुरुपयोग से बड़ी घटनाएं करके निकल जाते हैं। सोशल मीडिया में अराजकता है। कोई अपना नंगा चित्र पोस्ट करता है। कोई अश्लील चैट करता है। कोई देवी-देवताओं पर अपनी भड़ास निकालता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस अराजकता के विरुद्ध केंद्र से कहा है कि कोई नियामक संस्था बनाई जाए। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को चार सप्ताह का समय दिया है। इस सूचना से लोगों को राहत मिली है, लेकिन यह आसान नहीं है। भारतीय संस्कृति के पक्षधर तो सोशल मीडिया के नियमन की खबर से खुश हैं, लेकिन वामपंथी ऐसी किसी नियामक आयोग जैसी संस्था का विरोध करेंगे।

हम ऑस्ट्रेलिया से सीख सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया की संसद ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने वाले कानून पर एक साल पहले सम्यक विचार किया था। अधिनियम पारित किया था। अगले महीने से कानून प्रभावी होने जा रहा है। भारत में अधिकांश परिवारों के बच्चे पूरी रात मोबाइल से चिपके रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने उचित समय पर अपना निर्देश दिया है। सोशल मीडिया के विनियमितिकरण पर ठोस विचार समय की मांग है।

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। संविधान निर्माताओं ने आदर्श लोकतंत्र के लिए अभिव्यक्ति की आजादी को मौलिक अधिकार बनाया है, लेकिन यह अधिकार असीम नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 19 में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन इसी अनुच्छेद के खंड-2 में इस अधिकार की मर्यादा भी बताई गई है। इसमें कहा गया है कि भारत की संप्रभुता, अखंडता, सुरक्षा, दुनिया के अन्य देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, लोक व्यवस्था, शिष्टाचार या सदाचार के हितों में अथवा न्यायालय अवमान के संबंध में विद्यमान किसी भी विधि के प्रवर्तन पर फर्क नहीं पड़ेगा। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग हो रहा है।

भारत प्राचीन राष्ट्र है। भारत के लोगों के परिश्रम से राष्ट्र का सतत् विकास हो रहा है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की घोषणा की है। सरकार अपना काम कर रही है। समाज भी अपना काम करे। देश के सभी नागरिकों से भाषा संयम की न्यूनतम अपेक्षा तो कर ही सकते हैं। निःसंदेह विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का स्वागत होना चाहिए, लेकिन अभिव्यक्ति में सुंदरता चाहिए। वाक् संयम चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आदरणीय है, लेकिन इसके साथ ही संयम में रहने की भी आवश्यकता है।

यह अस्तित्व सुंदर है। हमारे होने का स्रोत और आधार यही संसार है। अस्तित्व प्रतिपल व्यक्त हो रहा है। प्रकृति में फूलों का खिलना, शिशुओं का हंसना, सूर्य का आना जाना, रात और दिन की गति अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा है। गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को बताया, "संसार का जितना व्यक्त भाग है, उतना ही अव्यक्त भी है। व्यक्त, अव्यक्त होता रहता है और अव्यक्त से व्यक्त।" इसीलिए मनुष्य को व्यक्ति कहते हैं। प्रकृति की सारी शक्तियां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आनंद उठाती प्रतीत होती हैं, इसलिए प्रकृति की कोई भी शक्ति नियम नहीं तोड़ती। सूरज निर्धारित समय पर उदित होता है। निर्धारित समय पर अस्त होता है। चंद्रमा भी नियम नहीं तोड़ता। पूर्णमासी से अमावस्या तक सारी गति नियमित है। हम मनुष्यों को भी जीवन का आनंद लेते हुए अपना कर्तव्य पालन करते रहना चाहिए।

वाक् स्वातंत्र्य का अधिकार बड़ा है। शब्द सत्ता बड़ी है- शब्द संयम में प्रीति होती है, रस होता है। शब्द दुरुपयोग में उत्तेजना है, भावना और आस्था पर आक्रमण है। विश्वविख्यात कलाकार एमएफ हुसैन ने सरस्वती व सीता के अश्लील चित्र बनाए थे। इसे विचार अभिव्यक्ति कहेंगे या विकार अभिव्यक्ति? सोशल मीडिया में आपत्तिजनक सामग्री की आंधी है। शब्द संयम में ही सौंदर्य प्रकट होता है और शब्द अनुशासनहीनता में अश्लीलता। सर्वोच्च न्यायालय ने 2005 में मौन रहने को भी अनुच्छेद 19(1क) के अधीन विचार अभिव्यक्ति का अधिकार बताया था। राजनीति शब्दों का ही खेल है, लेकिन राजनीतिक शब्दकोष से शालीनता के तत्व गायब हैं। यहां आरोप-प्रत्यारोप हैं। संसद और विधानमंडल में बोले गए शब्दों पर न्यायालय कार्रवाई नहीं कर सकते, इसलिए संसदीय शब्द अराजकता अपनी सीमा पार कर गई है।

वाक् स्वातंत्र्य के अधिकार का सदुपयोग सामाजिक परिवर्तन में होना चाहिए। वाद-विवाद में मधुमय संवाद की प्राचीन संस्कृति को बढ़ाना चाहिए। समाज के छोटे से हिस्से की भी भावनाओं को आहत करने वाले शब्दों का प्रयोग अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग है। इसी तरह बात-बे-बात किसी विचार, संगीत, कला, काव्य या फिल्म को लेकर हल्ला बोलना भी स्वतंत्र समाज के लिए बहुत घातक है। राष्ट्र राज्य अपना कर्तव्य निभाए और नागरिक अपना।

आधुनिकता सच्चाई है। समाज जड़ नहीं होते। गतिशील होना जगत का मूल गुण है। भारती समाज भी आधुनिक है, उसे और भी आधुनिक होना चाहिए, लेकिन आधुनिकता का अर्थ जीवन मूल्यों का यूरोपीयकरण या अमेरिकीकरण नहीं होता। कपड़ा-लत्ता, भाषा, व्यवहार और खानपान, रहन-सहन का अंधानुकरण ही आधुनिक नहीं कहा जा सकता। आखिरकार छात्रों को सोशल मीडिया को ही पूरा समय देना कहां तक उचित है? इसके व्यवस्थित संचालन के लिए नियामक आयोग जैसी संस्था अति आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट की पहल स्वागत योग्य है। भारत शब्द अराजकता से निपट सकता है। केवल सांस्कृतिक परंपरा को ही मजबूत करते हुए स्वस्थ वातावरण बनाया जा सकता है।

मोबाइल फोन बच्चों को बना रहा है आक्रामक

राजस्थान के धौलपुर जिले के कुरेंद्रा गांव में 13 साल के विष्णु ने पिता की मामूली डांट के बाद आत्महत्या कर ली। वजह सिर्फ इतनी थी कि वह मोबाइल गेम खेल रहा था और पिता ने टोक दिया। धौलपुर का यह अकेला मामला नहीं है। मध्यप्रदेश के झांसी में एक महिला ने अपने आठवीं में पढ़ने वाले बेटे की मोबाइल गेम की लत से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। मोबाइल में उलझा बच्चा पढ़ाई नहीं करता था, जिससे उसकी मां डिप्रेशन में थी। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में नौवीं कक्षा की एक लडक़ी ने मोबाइल चलाने से रोके जाने पर नदी में कूदकर जान दे दी। थाणे में मोबाइल छीनने पर 16 वर्षीय लड़के ने सुसाइड कर लिया। यूपी के आजमगढ़ के एक गांव में 14 साल का किशोर मात्र इस वजह से फंदे पर झूल गया कि उसे गेम खेलने के लिए फोन नहीं मिला। पिछले साल जयपुर में एक महिला ने बेटी का मोबाइल छिपा दिया। इस बात पर मां-बेटी का झगड़ा हो गया। इसी दौरान मां ने रॉड उठा कर दे मारी, जिससे बेटी की जान चली गई।

अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

मोबाइल फोन की वजह से ऐसे मामले अब हर महीने, हर जिले और हर शहर से सामने आ रहे हैं। स्मार्टफोन अब एक उपकरण मात्र नहीं रहा, बल्कि वह बच्चों के दिमाग का मालिक बन गया है और बच्चों के दिमाग को बदल रहा है। इसकी वजह से बच्चों में शारीरिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के एक अध्ययन के मुताबिक भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चे औसतन 2.22 घंटे रोज स्क्रीन पर बिताते हैं। ये समय विश्व स्वास्थ्य संगठन और इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सुझाए गए समय से दोगुना है।

यह भी चिंताजनक है कि दो साल से कम उम्र के बच्चे भी स्क्रीन पर रोज 1.23 घंटे बिता रहे हैं, जबकि इस उम्र के बच्चों के लिए डॉक्टर पूरी तरह नो स्क्रीन के पक्ष में हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों में रोज 1-1.5 घंटे से ज्यादा स्क्रीन टाइम उनके दिमाग के विकास को धीमा कर देता है। इससे भाषा सीखने की गति कम होती है। ध्यान और समझने की क्षमता घटती है, सामाजिक कौशल कमजोर पड़ते हैं और मोटापा और नींद आने की दिक्कतें बढ़ती हैं।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सहयोग से दिल्ली के दो प्राइवेट स्कूलों के छात्रों पर दो वर्ष तक किए गए अध्ययन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार बच्चे और किशोर झुककर घंटों मोबाइल या टैबलेट चला रहे हैं। क्लास रूम में भी छह से सात घंटे बैठने और शारीरिक व्यायाम न के बराबर होने से पॉश्चर और मांसपेशियों और हड्डियों की समस्याएं आ रही हैं।

> पिछले कुछ महीनों में मोबाइल फोन की वजह से कई बच्चों ने जान दे दी। इन सभी को मोबाइल फोन के इस्तेमाल से रोका गया था। यही नहीं, एक मां ने इसलिए खुदकुशी कर ली, क्योंकि उसका बच्चा मना करने के बावजूद लगातार फोन यूज कर रहा था।

विशेषज्ञों के अनुसार स्मार्टफोन के कारण व्यवहार में आक्रामकता, एकाकीपन, देर रात जागना, ऑनलाइन चैटिंग और वर्चुअल दुनिया में जीना अब 'सामान्य' बनता जा रहा है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मोबाइल दिमाग में वही रिएक्शन पैदा करता है, जो नशे में होता है। बार-बार डोपामाइन रिलीज होने से बच्चा वास्तविक दुनिया से कटने लगता है।

सामाजिक समरसता की प्रेरक भूमि

श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दिव्य स्वर्णमंडित शिखर पर लहराता भगवा ध्वज हमें अपनी गौरवशाली परंपरा का स्मरण करा रहा है। इस ध्वज के नीचे हमें राम मंदिर के लिए हुए असंख्य बलिदानों का स्मरण हो जाता है। यह ध्वज भारत की आशाओं-आकांक्षाओ का ही नहीं अपितु हिंदू राष्ट्र के तेज पुंज का प्रतीक है। राम मंदिर का पावन प्रांगण सामाजिक समरसता की दिव्यता का अनुभव कराता है।

जाति-पांति पूछे नहिं कोई हरि को भजे सो हरि को होई। यह पंक्ति राम मंदिर में चरितार्थ होती है। रामलला के दर्शन का स्थान नियत है, वहीं से सबको दर्शन करना होता है। श्याम वर्ण की रामलला की मूर्ति जो गर्भगृह में स्थापित है, वह सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

श्रीराम मंदिर के परकोटे में महर्षि अगस्त्य व महर्षि वाल्मीकि के अलावा देवी अहिल्या , निषादराज गुहा और माता शबरी का मंदिर बना है। संत तुलसीदास का मंदिर है, तो जटायु और गिलहरी की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं। इस नाते श्रीराम की जन्मभूमि सामाजिक समरसता की दिव्य भूमि व एकात्मता की सामार्थ्य भूमि बन गई है। यह संतों की पूजा भूमि, हिंदुओं की पुण्यभूमि, कारसेवकों की शौर्य भूमि, जन-जन की श्रद्धा भूमि, जन कल्याण की प्रेरणा भूमि और भारतीयता की आदर्श भूमि है।

अब यहां से युगों-युगों तक समरसता की सरिता प्रवाहित होती रहेगी। रघुवंश के परम रक्षक व राम के कुलगुरु गुरु वशिष्ठ ने परशुराम के कोप से रघुवंश की रक्षा की थी। राम के समय तक वह सशरीर अयोध्या में रहे। परकोटे में ही महर्षि विश्वामित्र का मंदिर है। यज्ञ की रक्षा के लिए राम व लक्ष्मण को वही वन में लेकर गए। सब प्रकार के अस्त्र-शस्त्र संचालन की विद्या राम को विश्वामित्र ने ही दी। भगवान शंकर से प्राप्त समस्त दिव्यास्त्र उन्होंने ही श्रीराम को दिए।

बृजनंदन राजू
वरिष्ठ पत्रकार

भगवान राम के जीवन चरित्र को सबसे पहले महर्षि वाल्मीकि ने ही देवर्षि नारद की प्रेरणा से रामायण के रूप में लिपिबद्ध करने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ध्वजारोहण के दिन सबसे पहले महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर समरसता का संदेश दिया। निषाद राज गुह और राम की मित्रता से कौन परिचित नहीं है। वह राम के सखा हैं, इसलिए उनको भी स्थान दिया गया है।

देवी अहिल्या का उद्धार श्रीराम ने किया था। राम की अनन्य भक्त मां शबरी ने वनवास के दौरान श्रीराम को मीठे बेर खिलाए थे, तो शबरी का भी मंदिर है। म सेतु बंधन के समय गिलहरी ने अपना योगदान दिया था। मंदिर परिसर में एक टीले पर गिलहरी की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। इसके अलावा परिसर में पक्षीराज जटायु की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। लंकाधिपति रावण जब माता जानकी का हरण कर आकाश मार्ग से लंका की ओर जा रहा था, तब गिधराज जटायु ने सीता का विलाप सुनकर रावण से घनघोर युद्ध किया था। रावण ने जटायु के पंख काट दिए थे। राम की आंखों के सामने उनका शरीर छूटा। राघव ने अपने हाथों से उनकी अंतिम क्रिया संपनन्न की और पिता का दर्जा उन्हें दिया।

सभी की भूमिका से होगा लोकतंत्र स्वस्थ

देश की सुदृढ़ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए मतदाता सूचियों का सटीक व वास्तविक होने के लिए चुनाव प्रक्रिया का पारदर्शी होना अतिआवश्यक है। सरकार मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण व हर समय किसी न किसी निकाय, विधानसभा, या लोकसभा के चुनाव चलते रहने के कारण आचार संहिता के लागू रहते विकास कार्यों के बाधित होने के प्रति एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा को स्पष्ट कर चुकी है। एक राष्ट्र एक चुनाव पर निश्चित स्तर पर संगोष्ठियां, बैठकें आयोजित कर जनता का नजरिया प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराकर बिहार का चुनाव कराया। विपक्ष के तमाम तर्क-कुतर्क को दर किनार कर बिहार विधानसभा का चुनाव हुआ और उल्लेखनीय बात यह रही कि किसी भी पोलिंग बूथ पर पुनः मतदान की नौबत नहीं आई। एसआईआर के बाद बिहार चुनाव से उत्साहित राष्ट्रीय चुनाव आयोग कई प्रदेशों में एसआईआर करा रहा है। बीएलओ को एसआईआर के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। विपक्ष एसआईआर को वर्ग विशेष को परेशान करने वाली कार्रवाई बता रहा है, जबकि सत्ता पक्ष इसके माध्यम से घुसपैठियों को चिन्हित कर बाहर करने व एक ही व्यक्ति के एक से अधिक स्थान पर वोट न बनने के लिए उचित व आवश्यक मानता है।

नोटा को प्रभावी बनाने के लिए एक मत प्रतिशत निर्धारण किया जाना चाहिए और निर्धारित मत प्रतिशत नोटा का होने पर उस क्षेत्र का चुनाव रद्द घोषित कर प्रत्याशियों की पार्टियों से चुनाव व्यय वसूल कर नए प्रत्याशियों के बीच चुनाव का प्रावधान करना चाहिए।

देश की लोकसभा में नेता विपक्ष सारे देश में वोट चोरी का राग अलापते व इसके लिए जेन जी को आगे आने का आह्वान करने से भी नहीं हिचकते। मतदाता सूचियों की अशुद्धि पर हाइड्रोजन बम फोड़ रहे हैं, लेकिन एसआईआर में पार्टी कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता की अपील नहीं करते। देश का सर्वोच्च न्यायालय एसआईआर के प्रति अपना नजरिया स्पष्ट कर चुका है तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी निर्गत कर चुका है, जिसके परिणामस्वरूप एसआईआर का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर में बेसिक शिक्षा राजस्व विभाग और निकाय कर्मी बतौर बीएलओ जुटे हैं और घर-घर जाकर मतदाताओं की पुष्टि, मृतकों का सत्यापन व पलायन करने वाले मतदाताओं को सूचियों से बाहर कर रहे हैं, क्योंकि पारदर्शी व वास्तविक मतदाता सूची समयबद्ध चुनाव आयोग को सौंपनी है।

सवाल यह है कि विशेष गहन पुनर्रीक्षण की आवश्यकता क्यों है? देश के लोकतंत्र के स्थायित्व के लिए मतदाता सूची निर्माण में जुटे कर्मियों का दायित्व निर्धारण कर सेवा शर्तों में दायित्व संयोजन के अनुरूप गांव, नगर पंचायत, नगर पालिका, महापालिका वार्ड नगर निगम में नागरिक रजिस्टर पर जन्म मृत्यु और मतदान की आयु प्राप्त करने वालों को मताधिकार प्रदान करने की प्रक्रिया यदि निरंतर चलाई जाए तो इस कार्य में जुटे किसी भी कर्मचारी अथवा अधिकारी पर न तो अतिरिक्त मानसिक दबाव पड़ेगा और न ही कोई अतिरिक्त व्यय होगा।

ओमकार सिंह रघुवंशी
अधिवक्ता

लोकतंत्र को स्वस्थ रखना हम सभी का दायित्व है। इसके लिए देश के प्रत्येक नागरिक से इसमें योगदान की अपेक्षा की जाती है। प्रत्येक नागरिक को मतदान के प्रति जागरूक होना ही चाहिए और मतदान न करने वालों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। कुछ बुद्धिजीवी तर्क देते हैं कि वोट देना या न देना, उनका मौलिक अधिकार है, तो उनसे निवेदन है कि वे नकारात्मकता को त्याग कर अपने वोट देने को ही मालिक अधिकार मानें।

चुनाव में भाग लेने वाले सभी राजनीतिक दल राजनीतिक व जातीय समीकरण के आधार पर अपना प्रत्याशी उतारते हैं और कभी-कभी तो ऐसा भी देखा गया है कि मतदाता को कोई भी प्रत्याशी चुने जाने के योग्य नहीं लगता, तो उसका चुनाव में भाग लेने का रुझान ही नहीं रहता और वह मतदान से दूर रहकर अपनी हताशा को जाहिर करता है। चुनाव आयोग ने ऐसे लोगों की मनोदशा का आकलन करने से लिए 'नोटा' का विकल्प दिया।

नोटा के विकल्प से यह तो पता चला कि क्षेत्र विशेष में कितने मतदाता किसी प्रत्याशी को चुने जाने के योग्य नहीं समझते, लेकिन नोटा का मत व्यक्त करने वालों को नजरअंदाज कर डाले गए मतपत्रों की गणना के आधार पर बहुमत पाने वाले प्रत्याशी को चयनित घोषित कर दिया जाता है। इस तरह नोटा का कोई अर्थ ही नहीं है, तो ऐसा मतदाता लाइन में अपनी बारी का इंतजार कर मतदान करे ही क्यों?

अंतरशक्तियों के जागरण से मीरा अमृत की तरह पी गईं जहर

भक्तिकाल की कवयित्री तथा संतों की सूची में 'मीराबाई' का नाम शामिल है। मीरा थीं तो राजघराने की, लेकिन मीरा की स्थिति-परिस्थिति देखकर तो प्रतीत होता है कि उनमें शिवत्व का वास था, क्योंकि धर्मग्रंथों में विष का संबंध या तो देवाधिदेव शिव से मिलता है या मीरा से। जहां देव-समूह की रक्षा के लिए शिवजी बड़े आह्लाद के साथ विषपान करते हैं, वहीं कृष्ण की भक्ति के बल पर उन्हें विष दिया गया, तो उसे उसमें देव-तत्व का अमृत मिलाकर मीरा पी गईं।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

मीरा के जीवन का इतिहास है कि उच्चस्तरीय परिवार में उनका विवाह हुआ। राजमहल में रहने वाली मीरा पर जन्म-जन्मांतर की भक्ति का असर था, लिहाजा वह जोगन (योगी) बन गईं। इस कथ्य पर गौर किया जाए तो मनुष्य का शरीर किसी राजमहल से कम नहीं है। इस महल में दस द्वार और सात झरोखे हैं। द्वार के रूप में दस ज्ञानेंद्रियां और कर्मेन्द्रियां हैं तो सात झरोखों में मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा और सहस्रार चक्र शामिल हैं।

मीरा का जोगन बनना यह प्रमाणित करता है कि बाह्यजगत के बजाय अंतर्जगत में स्थित होकर इन चक्रों को उन्होंने जागृत कर लिया। योग दर्शन में इन चक्रों को साधने को ही कुंडलिनी जागरण भी कहते हैं। मीरा के अत्यंत प्रचलित भजन में एक पद 'महलों में पली बन के जोगन चली, मीरा गली गली हरि गुण गाने लगी...' का उल्लेख है, जिसका सीधा अर्थ है कि मीरा ने अंतर्जगत में स्थित आह्लाद रूप में स्थित ईश्वरीय शक्तियों से जब संबंध बनाया तो शरीर की नस-नाड़ियों के रूप में जितनी गलियां हैं, सब से गोविंद शब्द स्वतः निकलने लगा।

योग की सिद्धि में रोम-रोम से 'ऊँ' और 'राम' की गूंज होने लगती है। इसी 'राम' गूंज को डाकू जीवन जी रहे रत्नाकर को महर्षि नारद ने बताया और इसकी साधना कराई तो डाकू प्रवृत्ति छूट गई तथा ऋषित्व भाव जागृत हो गया। फिर तो वाल्मीकि होकर रामायण की रचना की तथा प्रथम कवि कहलाए।

मीरा की अंतरशक्तियों के जागरण का यह परिणाम रहा कि वह जहर को अमृत की तरह पी तो गईं ही, साथ ही समुद्र के खारापन को दूर करने के लिए मीठी सरिता का मिलन करा दिया।

कंपनियों के 'लचीलेपन' से दबाव में काम कर रहे कर्मचारी

दफ्तर अब चहारदीवारों तक सीमित नहीं रह गए हैं। कभी कंप्यूटर स्क्रीन के सामने, तो कभी फोन के कैमरे पर, तो कभी घर के डाइनिंग टेबल पर ही मीटिंग शुरू हो जाती है। वैश्विक प्रतिस्पर्धा, तकनीकी क्रांति और कारोबारी प्राथमिकताओं के बदलते समीकरण ने नौकरी और करियर की दुनिया को बिल्कुल नई शक्ल दी है। एक पीढ़ी पहले जिन अवसरों की कल्पना भी मुश्किल थी, वे आज दरवाज़े पर दस्तक दे रहे हैं, लेकिन इस उजली तस्वीर के पीछे एक साया भी है। लगातार बढ़ता दबाव, अस्थिरता का डर और वह असर, जो हमारे जीवन के बाकी हिस्सों तक पहुंच रहा है।



कभी 'पक्की नौकरी' सुनकर मन में एक सुकून उतर आता था। आज यह शब्द बहुतों के लिए बीते समय की कहानी हो चुका है या मूल रूप से सरकारी नौकरियों के संदर्भ में ही उचित लगता है। स्थायी पदों की जगह अब ठेका, कॉन्ट्रैक्ट, आउटसोर्सिंग और गिग वर्कर ने ले ली है। कंपनियां इसे 'लचीलापन' कहती हैं, लेकिन इस लचीलेपन की कीमत कर्मचारी अपने भविष्य की अनिश्चितता और लगातार बढ़ते दबाव से चुकाते हैं। हर समय यह चिंता साथ रहती है, कहीं प्रदर्शन में कमी न रह जाए, कहीं पद न चला जाए। शहरों में लाखों लोग ऊंची डिग्री लेकर भी ऐसे काम कर रहे हैं, जो उनके ज्ञान और योग्यता से मेल नहीं खाते, जबकि दूसरी तरफ़ कंपनियां कहती हैं कि उन्हें सही कौशल वाले लोग नहीं मिल रहे। यह असंगति न केवल नौकरी के आनंद को कम करती है, बल्कि आत्मविश्वास को भी चोट पहुंचाती है।

डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर
मथुरा

दफ्तर के माहौल में भी बदलाव साफ़ है। अब समय पर काम पूरा करना 'बेसिक' है। असली अपेक्षा है हर वक्त उपलब्ध रहना, हर संदेश का जवाब तुरंत देना और हर कॉल उठाना। चाहे वह रात हो या छुट्टी का दिन। वर्क-फ्रॉम-होम और तेज़ डिजिटल कनेक्टिविटी ने काम को घर का स्थायी मेहमान बना दिया है। जो मोबाइल और ईमेल कभी सुविधा के प्रतीक थे, अब दबाव के प्रतीक बन चुके हैं।

कहानी यहीं खत्म नहीं होती। इसका असर हमारे परिवार, रिश्तों और सामाजिक जीवन तक जाता है। क्वालिटी ऑफ वर्क लाइफ का मतलब सिर्फ़ अच्छा वेतन या सुविधाजनक दफ्तर नहीं है। इसमें शामिल है सम्मानजनक माहौल, प्रबंधन का व्यवहार, सीखने और आगे बढ़ने के मौके और सबसे अहम, निजी समय का सम्मान। जब काम की मांग इन सब पर हावी हो जाती है, तो घर के दृश्य भी बदल जाते हैं। बच्चों के साथ खेलने का वक़्त, बुजुर्ग माता-पिता की बातें सुनने का सुकून, पति-पत्नी के बीच का खुला संवाद, दोस्तों से मिलने-जुलने का मौका, सब धीरे-धीरे सिमटने लगता है।

दुनिया में इस प्रवृत्ति को बदलने की कोशिशें हो रही हैं। फ्रांस और स्पेन में 'राइट टू डिस्कनेक्ट' कानून है, जो कर्मचारियों को कार्य समय के बाद डिजिटल रूप से अलग रहने का अधिकार देता है। जापान में 'प्रोडक्टिविटी विद वेल-बीइंग' मॉडल पर काम हो रहा है, जिसमें कर्मचारियों का स्वास्थ्य कंपनी की प्रतिस्पर्धा का हिस्सा माना जा रहा है। आइसलैंड और ब्रिटेन में 'फोर डे वीक' के प्रयोग से पता चला कि कार्य-दिवस कम करने से उत्पादन और रचनात्मकता घटती नहीं, बल्कि कई बार बढ़ती है।

भारत के लिए यह चर्चा और भी अहम है, क्योंकि यहां कार्यबल का बड़ा हिस्सा युवा हैं और देश की आर्थिक रफ्तार इन्हीं कंधों पर टिकी है। ऐसे में वर्क-लाइफ़ बैलेंस का सवाल सिर्फ़ कर्मचारियों की सुविधा का नहीं, बल्कि आने वाले दशकों की आर्थिक स्थिरता का है। समाधान के तीन बड़े स्तंभ हैं, शिक्षा और उद्योग के बीच कौशल का मेल, श्रम नीतियों में स्पष्ट और मानवीय सीमाएं और कंपनियों में कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देना, लेकिन बात केवल नीतियों तक सीमित नहीं है। असली बदलाव तब होगा जब दफ्तर की संस्कृति बदले, प्रबंधन की सोच में परिपक्वता आए और कर्मचारियों के समय और ऊर्जा का सम्मान किया जाए। संतुलन सिर्फ़ व्यक्तिगत आदत नहीं है, यह उस पूरे माहौल का परिणाम है जिसमें व्यक्ति काम करता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

इस सर्दी ट्रेंड में रहेंगे ये
ड्रीमी हेयर कलर

सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है। इस मौसम में वूमेन फैशनेबल गर्म कपड़ों पर खूब ध्यान देती हैं, लेकिन हेयर कलर को लेकर वह ज्यादा नहीं सोचतीं। यह आपको एक नया और शानदार लुक देने का भी सही समय है। इस सर्दी में हेयर कलरिंग की दुनिया में कुछ रोमांचक बदलाव देखने को मिलेंगे। इस बार सारा जोर ऐसे रंगों पर होगा, जो आपके प्राकृतिक रूप को निखारते हुए शानदार लुक दें। इस सीजन के ट्रेंड्स गहरे, चमकदार रंगों के साथ ही सोच-समझकर किए गए फ्यूजन पर होगा। हेरिटेज गोल्ड (सर्दियों की धूप से प्रेरित) से लेकर गॉथिक ब्रुनेट तक, हर किसी के लिए एक नया हेयर कलर है।



नूर हिना खान
लेखिका

ख्याल रखने वाली बातें

सर्दियों के महीनों में रंगीन बालों को अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता होती है, ताकि वे स्वस्थ और जीवंत बने रहें।

- अपने बालों के रंग को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए सल्फेट-मुक्त शैंपू और कंडीशनर का उपयोग करें।
- सर्दियों की शुष्क हवा बालों को सुखा सकती है। हाइड्रेटिंग हेयर मास्क और तेलों का नियमित रूप से उपयोग करें।
- अत्यधिक हीट स्टाइलिंग से रंग फीका पड़ सकता है और बाल खराब हो सकते हैं। हीट प्रोटेक्टेंट स्प्रे का उपयोग करें और कम तापमान पर स्टाइल करें।

गोल्डन स्ट्रॉबेरी ब्लोंड

यह एक ऐसा हेयर कलर है, जिसकी चमक और धूप वाली वाइब्स की वजह से कुछ ऐसा लुक आता है, जो सर्दियों के फीके महीनों को चटख बना देगा। यह शेड ब्लोंड की चमक को कॉपर वार्मथ के साथ मिलाता है, जिससे एक ग्लोइंग लुक मिलता है, जो फ्रेश लगता है। यह उन लोगों के लिए बहुत अच्छा है, जो वार्मथ और डेप्थ चाहते हैं, या उन ब्रुनेट्स के लिए जो थोड़ा लाइटर होना चाहती हैं। बस गोल्डन कॉपर अंडरटोन या फेस-फ्रेमिंग पीस वाला वार्म हनी बेस मांगें।

हेरिटेज गोल्ड

यह हेयर कलर ट्रेंड पुराने ज़माने से लिया गया है। यह एक हल्का ब्लॉन्ड है, जो रेट्रो और नॉस्टैल्जिक लगता है, फिर भी फ्रेश है। ठंडे महीनों के लिए यह एकदम सही है। यह हल्की गर्माहट देता है। यह नेचुरल ब्लॉन्ड या ब्रुनेट के लिए सबसे अच्छा काम करता है, जो डेप्थ और मीडियम कंट्रास्ट बनाए रखते हुए मैच्योर, एलिगेंट तरीके से गर्माहट जोड़ना चाहते हैं। अपने कलरिस्ट से हाइलाइट्स के बाद म्यूट गोल्डन बैलेज या वार्म ग्लॉस लगाने के लिए कहें, ताकि आपके बालों में रिचनेस वापस आ सके।

म्यूटेड मिड

म्यूटेड मिड असल में सॉफ्ट, न्यूट्रल-वार्म शेड्स जो ब्लॉन्ड, ब्रुनेट और कॉपर के बीच आते हैं, सबसे ऊपर रहेंगे। यह सभी हालिया ट्रेंड्स का एक फ्यूज़न है, लेकिन जानबूझकर हल्का और बिना किसी शर्त के। इस तरह के शेड्स कम मेंटेनेंस वाले, वर्सेटाइल और शानदार होते हैं। बस अपनी पसंद के शेड के लिए एक नेचुरल मिट्टी जैसा अंडरटोन मांगें और इसे ग्लॉसिंग ट्रीटमेंट से बनाए रखें, ताकि फिनिश रिफाइंड रहे और रंग चमकदार और खास दिखे।

मशरूम मोका

यह अर्थियर शेड एक कूल-न्यूट्रल ब्लेंड है, जो डायमेंशन जोड़ता है और ब्रुनेट बालों को एक क्लासी लुक देता है। यह कई तरह की स्किन टोन पर अच्छा लगता है और आसानी से बढ़ता है, जिससे यह उन लोगों के लिए परफेक्ट है, जो कम मेंटेनेंस वाला कलर चाहते हैं। आप अपने कलरिस्ट से पूरे बालों में ऐश बैलेज के साथ एक न्यूट्रल ब्रुनेट बेस मांगें। इससे मोचा-टोंड ट्रांजिशन में आसानी होगी।

हनी बटर ब्लोंड

हनी बटर ब्लोंड सर्दियों में छा जाने वाला है, क्योंकि वार्म, क्रीमी शेड्स आखिरकार फिर से स्पॉटलाइट में आ रहे हैं। इस शेड को सॉफ्ट कैंडललाइट ग्लो से डिफाइन किया जाता है, जो मूडी मौसम में बालों में चमक और शाइन लाता है। लुक पाने के लिए, अपने कलरिस्ट से वार्म-न्यूट्रल ब्लोंड के लिए कहें, जिसमें हल्का गोल्डन डायमेंशन और ग्लॉसी फिनिश हो, ताकि बटर जैसी गर्माहट बढ़े।

चेरी कोला ब्रुनेट

चेरी कोला ब्रुनेट इस सर्दी में खास तौर से देखने लायक शेड है। यह सब चेरी टोन की गहरी और हल्के हिंट की वजह से है। यह गहरे बालों को बिना पूरी तरह लाल हुए एक मूडी, पॉलिश्ड ग्लो देता है, जो इसे उन ब्रुनेट्स के लिए एक बढ़िया ऑप्शन बनाता है, जो कुछ नया चाहती हैं। अच्छी बात यह है कि चेरी कोला ब्रुनेट सभी पर सूट करता है। अपने स्टाइलिस्ट से डीप ब्रुनेट बेस के लिए कहें, जिसे सॉफ्ट वायलेट-रेड लोलाइट्स या चेरी-टोंड ग्लॉस से बेहतर बनाया गया हो, ताकि कोला जैसी रिचनेस मिल सके।

गॉथिक ब्रुनेट

गॉथिक ब्रुनेट शेड उन लोगों के लिए सबसे अच्छा काम करता है, जिनका बेस नैचुरली डार्क होता है। आप अपने कलरिस्ट से एस्प्रेसो या ब्लैक चेरी-टोंड ग्लॉस मांगें, ताकि आपका नैचुरल कलर एक या दो शेड और गहरा हो जाए। बाल जितने डार्क होंगे, लाइट में उतने ही ग्लॉसी दिखेंगे।

जिंदगी का सफर

बॉलीवुड के हीमैन 'गरम धरम'

धर्मेंद्र सिंह देओल बॉलीवुड के 'हीमैन' थे। फिल्मों में उनके गुस्से से भरी खास डायलॉग डिलीवरी की वजह से ही उन्हें 'गरम धरम' भी कहा जाता था। वह भारतीय सिनेमा के सबसे लोकप्रिय और प्रभावशाली अभिनेताओं में से एक थे। पंजाब के एक छोटे से गांव से आकर फिल्मी दुनिया में आला मुकाम बनाना उनकी दृढ़ता और जुनून की कहानी है।

धर्मेंद्र का जन्म आठ दिसंबर, 1935 को पंजाब के लुधियाना जिले के नसराली गांव में हुआ था। उनके पिता, केवल कृष्ण सिंह देओल, सरकारी स्कूल में हेडमास्टर थे। धर्मेंद्र ने अपनी मैट्रिक तक की पढ़ाई पंजाब में ही पूरी की। बचपन से ही उन्हें फिल्मों का शौक था और दिलीप कुमार की फिल्म 'शहीद' देखकर उन्होंने अभिनेता बनने का सपना देखा। अपने सपने को पूरा करने के लिए, वह फिल्मफेयर की 'न्यू टैलेंट' प्रतियोगिता में चुने जाने के बाद मुंबई आ गए। मुंबई में शुरुआती संघर्ष के बाद, धर्मेंद्र ने 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। 1960 के दशक में उन्होंने रोमांटिक हीरो की भूमिकाएं निभाईं, लेकिन 1970 के दशक में वह एक्शन हीरो के रूप में उभरे। उनकी बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें हर तरह की भूमिकाओं में चमकने का मौका दिया।

धर्मेंद्र के करियर में मील का पत्थर साबित हुई 1975 की ब्लॉक बस्टर फिल्म 'शोले'। इसमें 'वीरू' का उनका किरदार आज भी अमर है। उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया, जिनमें 'सत्यकाम', 'चुपके चुपके', 'यमला पगला दीवाना' जैसी कई सफल फिल्में शामिल

हैं। धर्मेंद्र ने आखिरी समय तक अभिनय नहीं छोड़ा था। उनके निधन के बाद उनकी आखिरी फिल्म रिलीज होगी। उसका नाम है 'इक्कीस'। उन्हें 1997 में भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा साल 2012 में उन्हें भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया था।

धर्मेंद्र ने दो शादियां कीं। उनकी पहली पत्नी प्रकाश कौर हैं, जिनसे उन्हें सनी देओल, बॉबी देओल और दो बेटियां हैं। बाद में, उन्होंने अभिनेत्री हेमा मालिनी से शादी की, जिनसे उनकी दो बेटियां ईशा और अहाना देओल हैं। अभिनय के अलावा, वह एक सफल निर्माता और राजनीतिज्ञ भी रहे। उन्होंने 2004 से 2009 तक बीकानेर से संसद सदस्य के रूप में कार्य किया।

मॉडल आफ द वीक

नाम: आंचल स्वरूप

टाउन: कानपुर

एजुकेशन: स्नातक

अचीवमेंट: मिस ग्लैम ऑफ उत्तर प्रदेश 1st रनर अप

ड्रीम: प्रोफेशनल मॉडलिंग, एक्टर

इंडिगो शुरू करेगी कई नई उड़ानें

नई दिल्ली। इंडिगो ने शनिवार को नवी मुंबई एयरपोर्ट से अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा की। वाणिज्यिक उड़ानें 25 दिसंबर से शुरू होंगी। इंडिगो ने बताया कि वह 26 दिसंबर से नवी मुंबई से उत्तरी गोवा (मोपा) के लिए उड़ान शुरू करेगी जो सोमवार और गुरुवार छोड़कर सप्ताह में पांच दिन उपलब्ध होगी। 29 दिसंबर से कोयंबटूर और चेन्नई के लिए दैनिक उड़ानें शुरू की जाएंगी।

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार ,30 नवंबर 2025

www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

कॉरपोरेट प्रावधानों का पालन न करने पर जीआरएसई को नोटिस

कोलकाता। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) को शनिवार को बताया कि उसे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई से नोटिस मिला है। ये नोटिस 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही में सेबी के सूचीबद्धता नियमों के तहत कंपनी प्रशासन के कई प्रावधानों का पालन न करने के कारण मिला है। शेयर बाजार को दी जानकारी में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने कहा कि दोनों शेयर बाजारों ने विनियम 17(1), 18(1) तथा 19(1)/19(2) के उल्लंघन को चिह्नित किया है। इन उल्लंघनों में स्वतंत्र निदेशकों की अनिवार्य उपस्थिति, लेखा परीक्षा समिति तथा नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति के गठन से जुड़े नियम शामिल हैं।

लेंसकार्ट का मुनाफा दूसरी तिमाही में 20 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। चश्मे और आंखों की देखभाल से जुड़े उत्पाद बेचने वाली कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस ने शनिवार को बताया कि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त हुई चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 19.8 प्रतिशत बढ़कर 103.4 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 86.3 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। लेंसकार्ट ने समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन से एकीकृत आय में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। यह आंकड़ा सालाना आधार पर 1,735.68 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,096.14 करोड़ हो गया।

तेलंगाना को 1.39 लाख मेगावाट बिजली की जरूरत

हैदराबाद। तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस सरकार के लक्ष्य के अनुसार तेलंगाना को 2047 तक तीन हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए राज्य को 1,39,310 मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य को हर साल 13 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि और 10 प्रतिशत बिजली मांग वृद्धि दर्ज करनी होगी।

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात के लिए 80 करोड़ डॉलर का ऋण देगा एडीबी

परियोजनाओं के लिए होगा इस्तेमाल, भारत सरकार के साथ एमओयू पर साइन

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में विभिन्न परियोजनाओं के लिए लगभग 80 करोड़ डॉलर का ऋण देगा। एडीबी ने इस संबंध में शुक्रवार को भारत सरकार के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये। वार्ता के दौरान केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व आर्थिक मामलों के विभाग के संयुक्त सचिव (एडीबी और जापान) ने किया।

भारत की ओर से विभाग के उपसचिव सौरभ सिंह और एडीबी की ओर से भारत में मिशन की निदेशक मियो ओका ने समझौतों पर हस्ताक्षर किए। एक समझौता महाराष्ट्र में बिजली वितरण से जुड़ा है जिसके लिए 50 करोड़ डॉलर का ऋण दिया जायेगा। इंदौर में मेट्रो रेल परियोजना के लिए 19.06 करोड़ डॉलर और गुजरात कौशल विकास कार्यक्रम के लिए करीब 11 करोड़ डॉलर का कर्ज मिलेगा। इसके अलावा, 10 लाख डॉलर की तकनीकी सहायता अनुदान पर भी हस्ताक्षर किए गए जो असम में आगामी सस्टेनेबल वेटलैंड एंड इंटिग्रेटेड फिशरीज ट्रांसफ़ॉर्मेशन (स्विफ्ट) परियोजना के कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करेगा। यह परियोजना राज्य के वेटलैंड पारिस्थितिक तंत्र और मत्स्य संसाधनों को सुदृढ़ करने के लिए बनाई गई है।

● महाराष्ट्र को मिलेगा सर्वाधिक 50 करोड़ डॉलर का ऋण

महाराष्ट्र में बिजली परियोजना के तहत ग्रामीण बिजली अवसंरचना का आधुनिकीकरण करना, विकेन्द्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों को सिंचाई के लिए दिन में सौर ऊर्जा आधारित विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादकता में सुधार करना है। इंदौर मेट्रो परियोजना के तहत 27,14,72,00,000 जापानी येन (19.06 करोड़ डॉलर) से 8.62 किमी लंबी भूमिगत मेट्रो लाइन के निर्माण के लिए धन उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें सात स्टेशन होंगे। यह लाइन इंदौर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को हवाई अड्डे से जोड़ेगी। परियोजना में बस और फीडर सेवाओं के साथ मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन शामिल है, जिससे शैक्षणिक संस्थानों और बाजारों तक पहुंच आसान होगी।

गुजरात कौशल विकास कार्यक्रम के तहत राज्य की कार्यशक्ति को ऐसे उन्नत, उद्योग-उन्मुख कौशल प्रदान किया जायेगा जो उच्च-विकास वाले क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाते हैं। इन क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स, ऑटोमोबाइल, विनिर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और एग्री-टेक शामिल हैं।

अक्टूबर में हवाई यात्रा की मांग 6.6 % बढ़ी

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर अक्टूबर में हवाई यात्रा की मांग में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मांग 8.5 प्रतिशत और घरेलू यात्रा की मांग 3.4 प्रतिशत बढ़ी है। हवाई यात्रा की मांग को राजस्व यात्री किमी के रूप में मापा जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में 2024 के मुकाबले अक्टूबर 2025 में मांग 6.6 प्रतिशत बढ़ी है। कुल क्षमता (उपलब्ध सीट किमी) 5.8 और लोड फैक्टर (भरी सीटों का अनुपात) 84.6 प्रतिशत पर पहुंच गया जो एक साल पहले के मुकाबले 0.7 प्रतिशत अधिक है।

टीयर-2 शहरों में घरों की बिक्री चार प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। देश के 15 प्रमुख टीयर-2 शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में घरों की बिक्री मूल्य के लिहाज से चार प्रतिशत बढ़कर 37,409 करोड़ रुपये हो गई, जबकि बिकने वाली इकाइयों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई।

रियल एस्टेट डेटा मंच प्रॉपइक्विटी के आंकड़ों के मुताबिक इन 15 शहरों में कुल घरों की बिक्री पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में चार प्रतिशत घटकर 39,201 रह गई। इन 15 टीयर-2 शहरों में अहमदाबाद, सूरत, गांधीनगर, वडोदरा, जयपुर, नासिक, नागपुर, मोहाली, भुवनेश्वर, लखनऊ, भोपाल, कोयंबटूर, गोवा, तिरुवनंतपुरम और कोच्चि शामिल हैं। नए आवास आपूर्ति में सालाना 10 प्रतिशत की गिरावट आई और यह सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही में 28,721 इकाइयों तक रह गई। प्रॉपइक्विटी के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी समीर जसूजा ने कहा, टीयर-2 शहर भारत की विकास गाथा के प्रमुख इंजन बने हुए हैं।

एसुस दूसरी तिमाही में भारत की दूसरी सबसे बड़ी कंज्यूमर नोटबुक कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी

ताइवान की प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनी एसुस इंडिया ने वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए भारत में कंज्यूमर नोटबुक कंपनी के रूप में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। आईडीसी क्वार्टरली पर्सनल कम्प्यूटिंग डिवाइस ट्रैकर, 2025 क्यू3 की रैंकिंग में उसने यह उपलब्धि हासिल की है।

कंपनी ने कहा कि इस बात से स्पष्ट है कि एसुस हर साल उल्लेखनीय वृद्धि कर रहा है। यह वृद्धि ब्रांड के प्रति ग्राहकों के भरोसे को बनाए रखने, प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के विस्तार और देश के 600 से अधिक जिलों में खुदरा टचपॉइंट्स बढ़ाने के प्रयासों का परिणाम है। कहा गया है कि एसुस इंडिया ने एसुस एआई पीसी, कंज्यूमर और गेमिंग नोटबुक्स के साथ-साथ एआईओ, डेस्कटॉप और एक्सेसरीज़ श्रेणियों में महत्वपूर्ण नवाचार पेश किए हैं। इस साल कंपनी ने मल्टी-कलर विवोबुक, आरओजी एली एक्स और कई सफल अभियानों की शुरुआत की जो काफी लोकप्रिय हुए। एआईओ सेग्मेंट में भी इसने बाजार में दबदबा बनाये रखा और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर सबसे ज्यादा बिकने वाले उत्पाद में शामिल रहा। एसुस इंडिया ने सबसे हल्का कोपायलट प्लस पीसी, आरओजी एली ज़ेनबुक ए14 लॉन्च किया और भारत में एनवीडिया आरटीएक्स 5000 सीरीज़ में नंबर एक बाजार हिस्सेदारी हासिल की।

मछली पालन पर आधारित स्टार्ट अप व इनोवेशन के लिए साझेदारी

कोच्चि। मत्स्य पालन पर आधारित स्टार्टअप्स और इस क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज टेक्नोलॉजी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस साझेदारी के तहत आईसीएआर-सीआईएफटी का जेडटीएम-एबीआई सेंटर राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय केंद्र (नेशनल-लेवल कोऑर्डिनेशन हब) की भूमिका निभाएगा। यह केंद्र योग्य उद्यमियों की पहचान करेगा तथा उन्हें तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और मेंटरिंग प्रदान करेगा।

जेडटीएम-एबीआई में पंजीकृत स्टार्टअप्स को एसबीआई से वित्तीय सहायता प्राप्त करने में प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें वर्किंग कैपिटल, टर्म लोन तथा स्टार्टअप फाइनेंसिंग जैसी सुविधाएँ शामिल हैं, जो प्रोजेक्ट की पात्रता और बैंक के मानदंडों के अधीन होंगी। अधिकारियों के अनुसार इस सहयोग से मत्स्य पालन क्षेत्र में नवाचार को गति मिलेगी तथा स्टार्टअप्स की वृद्धि और इंडस्ट्री के विकास को मजबूत बढ़ावा मिलेगा।

सरकारी सुधारों, विनिर्माण प्रोत्साहन से दूसरी तिमाही की वृद्धि दर 8.2% हुई

वडोदरा, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से उठाए गए अनेक कदमों और सुधारों की वजह से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में अर्थव्यवस्था ने 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। गोयल ने कहा कि वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता के बावजूद देश का निर्यात भी अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहा है।

उन्होंने यहां सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय पदयात्रा में भाग लिया और इस दौरान कहा, 8.2 प्रतिशत की यह वृद्धि सरकार द्वारा किए गए ढेर सारे सुधारात्मक उपायों को दर्शाती है। घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और कारोबार में सुगमता लाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। गुजरात सरकार इस पदयात्रा का आयोजन करमसद से राज्य के नर्मदा जिले स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में कर रही है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि दर उन दावों का खंडन करती है जो कुछ वर्गों द्वारा किए जा रहे थे, और यह दर्शाती है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। गोयल ने कहा, हम निरंतर और मजबूत वृद्धि देखते रहेंगे।

● वडोदरा में आयोजित कार्यक्रम में बोले वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान भारत के माल और सेवाओं के निर्यात ने भी उच्च वृद्धि दर्ज की है। अप्रैल-अक्टूबर अवधि में माल निर्यात मामूली 0.63 प्रतिशत बढ़कर 254.25 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 6.37 प्रतिशत बढ़कर 451.08 अरब डॉलर रहा।

क्रिसिल ने जीडीपी वृद्धि अनुमान बढ़ाकर सात प्रतिशत किया

कोलकाता। क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष के लिए देश की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। यह फैसला पहली छमाही में अपेक्षा से ज्यादा आठ प्रतिशत वृद्धि के बाद लिया गया है। क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही, जो अनुमान से अधिक है। हालांकि मुद्रास्फीति में नरमी के कारण चालू कीमतों पर जीडीपी वृद्धि 8.7 प्रतिशत ही रही। जोशी ने बताया कि पहली छमाही में आठ प्रतिशत वृद्धि हुई है और दूसरी छमाही में अमेरिकी शुल्क बढ़ने के असर से वृद्धि के 6.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। क्रिसिल के अनुसार वास्तविक जीडीपी की ऊंची वृद्धि की मुख्य वजह निजी खपत रही। आपूर्ति पक्ष से देखें तो विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की वृद्धि में उल्लेखनीय तेजी आई। जोशी ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति कम होने से देश में वैकल्पिक खर्च बढ़ा है।

राष्ट्रीय

शीतकालीन सत्र में भी सुनाई देगी एसआईआर की गूंज

दिल्ली में विस्फोट, वायु प्रदूषण और नए श्रम कानूनों के मुद्दे भी विपक्ष की लिस्ट में, भाजपा बना रही जवाबी रणनीति

नई दिल्ली, एजेंसी

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्ष के मौजूदा तेवरों को देखते हुए संसद के शीतकालीन सत्र में भी इसके छाए रहने की संभावना है। इस सत्र में विपक्ष दिल्ली कार विस्फोट, राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की समस्या और नए श्रम कानूनों जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाएगा। विपक्ष और सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संक्षिप्त सत्र के लिए कमर कस ली है और दोनों पक्ष अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं।

शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा और इस दौरान केवल 15 बैठकें होंगी। विपक्ष सत्र को संक्षिप्त रखे जाने पर भी सरकार पर हमलावर है। सरकार ने जहां इस सत्र में कॉरपोरेट कानून, परमाणु ऊर्जा और शिक्षा सहित दस विधेयकों को पारित कराने का एजेंडा तैयार किया है वहीं विपक्ष एसआईआर, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगातार किए जा रहे दावों, चीन के साथ संबंधों, आतंकवाद, प्रदूषण और अन्य मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, समाजवादी पार्टी और कुछ अन्य दलों ने एसआईआर के मुद्दे पर सरकार और चुनाव आयोग के बीच सांठ-गांठ का आरोप लगाते हुए इसे संसद में जोर शोर से उठाने का संकेत दिया है। एसआईआर के मुद्दे पर तृणमूल के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात भी की है।

विपक्ष एसआईआर के दौरान बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) पर दबाव का मुद्दा भी उठा रहा है। कांग्रेस ने शीतकालीन सत्र से पहले संसद में पार्टी की रणनीति बनाने के लिए रविवार को पार्टी संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर 'संसदीय रणनीतिक समूह' की बैठक बुलाई है। संकेत है कि कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों के साथ राज्यसभा और लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बार-बार किये जा रहे दावों, चीन के साथ व्यावसायिक संबंधों तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग करेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दिल्ली में प्रदूषण को गंभीर मुद्दा बताते हुए सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस पर संसद में चर्चा कराने की मांग कर चुके हैं। दूसरी ओर सत्तारूढ़ भाजपा ने भी सत्र की रणनीति बनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर बुधवार को पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने संसद सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार की ओर से रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

● कल से शुरू होने जा रहे सत्र के लिए बनाई जा रही है रणनीति

एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा कराने से इन्कार कर चुकी है सरकार

सरकार की ओर से बार-बार यह स्पष्ट किया जा चुका है कि वह राष्ट्रीय हित के सभी मुद्दों पर नियमानुसार संसद में चर्चा कराने को तैयार है। एसआईआर के मुद्दे को चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक निकास की प्रक्रिया का हिस्सा बताते हुए सरकार का कहना है कि इस पर संसद में चर्चा नहीं कराई जा सकती। सरकार का यह भी कहना है कि एसआईआर का मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष भी है। पिछले सत्र में भी इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने संसद की कार्यवाही में बाधा डाली थी। सत्र के दौरान सरकार के एजेंडे में 12 विधेयक विचार के लिए सूचीबद्ध हैं जिनमें से दो जनविश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025 और दिवालिया एवं दिवालियापन संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पहले से ही लोकसभा की प्रवर समिति के पास हैं।

इन विधेयक पर होगा फैसला

सत्र के दौरान पेश किये जाने वाले विधेयकों में कॉरपोरेट कानून (संशोधन) विधेयक 2025, सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड विधेयक 2025, बीमा कानून (संशोधन) विधेयक 2025, मणिपुर जीएसटी (संशोधन) विधेयक 2025, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा आयोग विधेयक 2025, परमाणु ऊर्जा विधेयक 2025, राष्ट्रीय राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 2025, निरसन एवं संशोधन विधेयक 2025, मध्यस्थता एवं सुलह (संशोधन) विधेयक 2025 शामिल है।

पुतिन के आने से पहले रूसी संसद भारत के साथ दे सकती है सैन्य समझौते को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अगले महीने होने वाली बहुप्रतीक्षित भारत यात्रा से पहले रूसी संसद के निचले सदन स्टेट डूमा में भारत के साथ एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौते को मंजूरी दिए जाने की संभावना है। पुतिन 23 वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए चार से पांच दिसंबर तक भारत की दो दिन की यात्रा पर आ रहे हैं।

दोनों देशों के बीच पारस्परिक लॉजिस्टिक्स समर्थन समझौते (आरईएलओएस) को लेकर लंबे समय से बातचीत चल रही है। इसका उद्देश्य लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक सैन्य सहयोग को और सुदृढ़ करना है। इस समझौते पर गत 18 फरवरी को मास्को में भारत के राजदूत विनय कुमार और रूस के तत्कालीन रक्षा उप मंत्री अलेक्ज़ेंडर फोमिन ने हस्ताक्षर किए थे। रूस की आधिकारिक समाचार एजेंसी इतर तास के अनुसार रूसी सरकार ने स्टेट डूमा में इस समझौते के अनुमोदन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। इस समझौते में दोनों देश एक-दूसरे की भूमि पर सैन्य कर्मियों, युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों की पारस्परिक तैनाती की प्रक्रिया को निर्धारित किया गया है। इस प्रस्ताव में रूस और भारत के बीच उस समझौते को मंजूरी देने की बात कही गई है जिसके तहत रूसी सैन्य इकाइयों, युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों की तैनाती भारतीय ठिकानों पर और भारत की सैन्य इकाइयों, युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों की तैनाती रूसी ठिकानों पर की जा सकती है साथ ही उन्हें तकनीकी और लॉजिस्टिक सहयोग भी प्रदान किया जाएगा।

प्रस्ताव के अनुसार सैन्य बलों को संयुक्त अभ्यासों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों, मानवीय सहायता, आपदा राहत तथा दोनों पक्षों द्वारा सहमत अन्य परिस्थितियों में भेजा जा सकता है। रूसी सरकार का मानना है कि इस दस्तावेज के अनुमोदन से भारत और रूस के बीच सैन्य क्षेत्र में सहयोग और मजबूत होगा। भारत इससे पहले अमेरिका के साथ भी इसी तरह का समझौता कर चुका है।

● लॉजिस्टिक समर्थन समझौते पर लंबे समय से चल रही है बातचीत

भारत-रूस के बीच पहले से है सशक्त रक्षा साझेदारी

भारत और रूस के बीच सशक्त रक्षा साझेदारी है जिसे नियमित त्रि-सेवा अभ्यास इंद्र और कई उच्च-स्तरीय संयुक्त सैन्य कार्यक्रमों जैसे ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल परियोजना, पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान (एफजीएफए) कार्यक्रम, और सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान कार्यक्रमों से मजबूती मिल रही है।भारतीय सेनाओं के पास रूसी मूल के अनेक प्लेटफॉर्म जिनसे दोनों देशों के बीच दशकों पुराने घनिष्ठ सहयोग का पता चलता है। इनमें एस- 400 ट्रायंफ वायु रक्षा प्रणाली, मुख्य युद्धक टैंक टी-90, विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और ए के-203 असॉल्ट राइफल शामिल हैं। इसके अलावा, भारत मेक इन इंडिया पहल के तहत 200 कामोव केए -226 हेलीकॉप्टरों का विनिर्माण करने जा रहा है जो द्विपक्षीय सैन्य-प्रौद्योगिकी सहयोग को और मजबूत करता है।

सिद्धरमैया और शिवकुमार ने एक साथ नाश्ता कर अटकलों को किया खारिज

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को एक साथ नाश्ता किया। इस मुलाकात से कर्नाटक के दोनों कद्दावर नेताओं के बीच सत्ता की खींचतान कम होती दिखी। शिवकुमार शनिवार को सिद्धरमैया के आवास 'कावेरी' पर नाश्ते के लिए पहुंचे थे, जिसके बाद दोनों नेताओं ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित किया।

दोनों नेताओं ने जोर देकर कहा कि उनके बीच कोई मतभेद नहीं है और भविष्य में भी वे एकजुट रहेंगे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि वे पार्टी आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे। ढाई साल का कार्यकाल पूरा करने वाली कांग्रेस सरकार को परेशान करने वाले इस मुद्दे पर गतिरोध को खत्म करने के लिए कांग्रेस आलाकमान के कहने पर मुख्यमंत्री ने नाश्ते पर शिवकुमार को मिलने के लिए बुलाया था। विपक्षी भाजपा ने चेतावनी दी थी कि अगर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बीच सत्ता संघर्ष जारी रहा तो पार्टी अविश्वास प्रस्ताव लाएगी। सिद्धरमैया ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने शिवकुमार के साथ नाश्ते पर मुलाकात की क्योंकि कुछ भ्रम पैदा किया गया था। यह मीडिया द्वारा फैलाया गया था। उन्होंने कहा, हमारे बीच कोई मतभेद नहीं हैं। आज भी कोई मतभेद नहीं हैं, भविष्य में भी नहीं होंगे। वे एकजुट हैं और मिलकर 2028 का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

शिवकुमार ने कहा कि जनता ने कांग्रेस का समर्थन कर उसे सत्ता सौंपी है इसलिए पार्टी को उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री के साथ मतभेदों को खारिज करते हुए कहा, हमारे बीच कोई गुटबाजी नहीं है। हम साथ चलेंगे, सबको साथ लेकर चलेंगे और पार्टी आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे। शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने 2028 के विधानसभा चुनावों में विपक्षी दलों और बेलगावी में कर्नाटक विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र में भाजपा द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश किए जाने की स्थिति में निपटने के तरीकों पर भी चर्चा की।

● कहा- हमारे बीच कोई मतभेद नहीं भविष्य में भी रहेंगे एकजुट

लेह हिंसाः आयोग ने बयान दर्ज कराने का समय 10 दिन बढ़ाया

लेह/जम्मू। लेह हिंसा की जांच कर रहे न्यायिक जांच आयोग ने बयानों को दर्ज कराने और सबूत जमा कराने की समय-सीमा लेह एपेक्स बॉडी के अनुरोध के बाद 10 दिन बढ़ा दी है।

गृह मंत्रालय ने 17 अक्टूबर को इस उद्देश्य से आयोग का गठन अधिसूचित किया था कि 24 सितंबर को लेह में कानून-व्यवस्था संबंधी गंभीर स्थिति पैदा होने से जुड़े हालात की जांच की जाए, इस स्थिति के दौरान पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाए और उन घटनाओं का मूल्यांकन किया जाए जिनमें 1999 के कारगिल युद्ध के एक पूर्व सैनिक सहित चार लोगों की मौत हुई थी। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए राज्य के दर्जे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई झड़पों में चार आम नागरिकों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हुए थे।

दिल्ली विस्फोटः न्यायिक हिरासत में भेजे गए तीन डॉक्टर और एक मौलवी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली विस्फोट मामले में गिरफ्तार तीन डॉक्टरों और एक मौलवी को शनिवार को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इन आरोपियों में मुजम्मिल गनई, अदील राठेर और शाहीना सईद के साथ मौलवी इरफान अहमद वागय शामिल था जिन्हें प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना के समक्ष पेश किया गया। उन्होंने चारों को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब तक, एनआईए ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से भंडाफोड़ किए गए एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं।

एनआईए ने कहा, एजेंसी आत्मघाती बम विस्फोट के सिलसिले में विभिन्न सुरागों की तलाश जारी रखे हुए है तथा इस बर्बर हमले में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए संबंधित पुलिस बलों के साथ समन्वय में विभिन्न राज्यों में तलाशी अभियान चला रही है। दस नवंबर को लाल किले के बाहर विस्फोटकों से लदी आई20 कार में विस्फोट हुआ था, जिसे डॉ. उमर-उन-नबी चला रहा था।

सीमा पर सजग प्रहरी

दिल्ली में लाल किले पर आत्मघाती हमले के बाद हाई अलर्ट के दौरान जम्मू के बाहरी इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर गश्त करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान।

ए 320 : सुरक्षा पर फिर उठे सवाल

दुनिया भर की विमानन कंपनियों ने शनिवार को वाणिज्यिक विमान ए320 के सॉफ्टवेयर को अपडेट किया, जिसके चलते कई उड़ानों में देरी हुई और कई को रद्द करना पड़ा। पिछले महीने जेटब्लू के एक विमान के ऊंचाई से अचानक नीचे आ जाना इसके पीछे वजह बताई जा रही है। जेटब्लू की उस घटना को लेकर विमानों के साफ्टवेयर को अपडेट करने के निर्देश दिए गए जिसके बाद अमेरिका सहित तमाम देशों में संचालित इन विमानों के साफ्टवेयर अपडेशन का काम शुरू कर दिया गया जिसका असर विमानों के संचालन पर पड़ा। भारत में भी इसका प्रभाव पड़ा। भारत में एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइन एयरबस का संचालन करती हैं।

भारत में 462 एयरबस हो रहे संचालित

भारत सहित दुनिया भर में एयरबस के ए320 परिवार के विमानों के लिए अनिवार्य हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अपडेट के आदेश जारी किए गए जिससे उड़ानें प्रभावित हुई हैं। एयर इंडिया के बेड़े में ए320 परिवार के 104 विमान हैं। इंडिगो के पास 318 और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 40 विमान ए320 परिवार के हैं। इस प्रकार देश में इस समय ए320 परिवार के कुल 462 विमान परिचालन में हैं। 300 विमानों पर मॉडिफिकेशन की जरूरत होगी।

लोकप्रिय विमान की सुरक्षा पर सवाल

एयरबस 320 का निर्माता यूरोपीय विमान निर्माता कंपनी एयरबस है, जो दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी विमान निर्माता कंपनी है। एयरबस 320 एक विश्वसनीय विमान है, लेकिन वर्तमान सॉफ्टवेयर संकट ने इसकी सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। भारत में कई एयरलाइन्स एयरबस 320 का संचालन करती हैं, और वर्तमान सॉफ्टवेयर संकट के कारण कई फ्लाइट्स रद्द या देरी से चल रही हैं। डीजीसीए ने आवश्यक कदम उठाए हैं और एयरलाइन्स को सॉफ्टवेयर अपडेट करने के लिए कहा गया है।

सॉफ्टवेयर वर्तमान संकट की वजह

विमानों के सॉफ्टवेयर में अपडेशन वर्तमान संकट का कारण रहा। जिसके चलते कई उड़ानों में देरी हुई और कई को रद्द करना पड़ा। जांच में पता चला कि पिछले महीने जेटब्लू के एक विमान के ऊंचाई से अचानक नीचे आने में कंप्यूटर कोड की गड़बड़ी शामिल हो सकती है। एयरबस ने बताया कि जेटब्लू की उस घटना की जांच से पता चला कि सूरज की तेज किरणें (सोलर रेडिएशन) ए320 बेड़े के विमानों के उड़ान नियंत्रण को खराब कर सकती हैं। संघीय विमानन प्रशासन ने यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) के साथ मिलकर विमानन कंपनियों को नया सॉफ्टवेयर अपडेट करने का निर्देश दिया है।

6000 विमान प्रभावित

छह हजार विमानों को वापस बुलायाएक रिपोर्ट के मुताबिक 30 अक्तूबर को जेटब्लू की एक फ्लाइट कैनकन, मेक्सिको से नेवार्क, न्यू जर्सी जा रही थी। अचानक फ्लाइट काफी तेजी से ऊंचाई से गिरने लगी। इसकी वजह से कई यात्री घायल हो गए थे। फ्लाइट 1230 ने जहाज के कंट्रोल में दिक्कत और अचानक बिना किसी कंट्रोल के ऊंचाई गिरने के बाद टैम्पा, फ्लोरिडा में इमरजेंसी लैंडिंग की, जिसके बाद यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने जांच शुरू की। एयरबस के मौजूदा समय में करीब 11,300 ए320 विमान संचालित हो रहे हैं, जिनमें से कंपनी करीब 6000 ए320 विमानों को वापस बुलाया है।

वर्ल्ड ब्रीफ

नेपाल में विमान से पक्षी टकराया, यात्री सुरक्षित

काठमांडू। नेपाल में पोखरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को उतरते समय एक निजी एयरलाइन के विमान से एक पक्षी टकरा गया। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हवाई अड्डा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि काठमांडू से पोखरा जा रहा बुद्धा एयरलाइंस का 9एन एओसी विमान अपराह्न 3 .45 बजे उतरते समय एक पक्षी से टकरा गया। घटना में विमान का प्रोपेलर ब्लेड थोड़ा क्षतिग्रस्त हो गया।

पाकिस्तान में भारतीय नागरिक गिरफ्तार

लाहौर। पाकिस्तान की पंजाब पुलिस ने अनजाने में देश में घुसे एक कथित भारतीय नागरिक को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पाकिस्तान रेंजर्स ने बिना किसी कानूनी औपचारिकता के उसे 100 दिनों से अधिक समय तक हिरासत में रखा। पुलिस के अनुसार, कथित भारतीय नागरिक बी जे सिंह 16 अगस्त को भारतीय बचन सिंह पोस्ट के सामने अजमल शहीद पोस्ट के पास से पाकिस्तान में प्रवेश कर गया। सिंह (31) असम का रहने वाला है।

धुरंधर के ट्रेलर पर आपत्ति जताई

कराची। कराची में आतंकवादी और आपराधिक गिरोहों के खिलाफ अपनी बहादुरी और एनकाउंटर विशेषज्ञ के रूप में मशहूर हुए पाकिस्तानी पुलिस अधिकारी दिवंगत चौधरी असलम की पत्नी ने धमकी दी है कि अगर उनके पति को आगामी बॉलीवुड फिल्म धुरंधर में गलत और नकारात्मक तरीके से चित्रित किया गया तो वह कानूनी कार्रवाई करेंगी। रणवीर सिंह अभिनीत और आदित्य धर द्वारा निर्देशित यह फिल्म जासूसी पर आधारित है। इस महीने की शुरुआत में जारी किया गया फिल्म का आधिकारिक ट्रेलर कराची के कुख्यात त्यारी इलाके की कहानी की झलक पेश करता है। फिल्म में दिग्गज अभिनेता संजय दत्त चौधरी असलम का किरदार निभा रहे हैं।

बदमाशों ने एटीएम से 12 लाख रुपये लूटे

जयपुर। राजस्थान के नागौर जिले में अज्ञात बदमाशों ने शनिवार को एक सार्वजनिक बैंक की स्वचालित गणक मशीन (एटीएम) से 12 लाख रुपये लूट लिए और वहां से भागते समय मशीन में आग लगा दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना पंचोड़ी पुलिस थाने के भेड़ गांव में हुई। इसने बताया कि जब स्थानीय लोगों ने शनिवार सुबह जले हुए एटीएम को देखा तो बैंक और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

तूफान दितवा ने पकड़ी गति, आज आधी रात पहुंचेगा तमिलनाडु तट

श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा आगे

- रविवार तड़के आंध्र, पुडुचेरी और बंगाल की खाड़ी तक पहुंचेगा

चेन्नई, एजेंसी

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती तूफान 'दितवा' अब तेज हो गया है और 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। यह चेन्नई से लगभग 350 किलोमीटर दूर केंद्रित है और शनिवार आधी रात तक तमिलनाडु के तट से टकरा सकता है। मौसम कार्यालय ने नवीनतम जानकारी में बताया कि यह इस तूफान ने पहले श्रीलंका में तबाही मचाई थी जहां 100 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ था। यह तूफान पहले 8 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा था लेकिन अब इसने रफ्तार पकड़ ली है।

दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी श्रीलंका के ऊपर स्थित चक्रवाती तूफान पिछले 6 घंटों के दौरान 10 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर की ओर बढ़ा और शनिवार सुबह 11:30 बजे उसी क्षेत्र पर केंद्रित था। यह अब जाफना (श्रीलंका) से लगभग 80 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व, वेदारन्नियम (तमिलनाडु) से 110 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व, कराईकल (पुडुचेरी) से 150 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व, पुडुचेरी से 250 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व और चेन्नई (तमिलनाडु) से 350 किलोमीटर दक्षिण में केंद्रित है। इसके उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और रविवार सुबह तड़के उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और आस-पास के दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों के पास दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने की अत्यधिक संभावना है।

श्रीलंका में मृतकों की संख्या 123 हुई : उष्णकटिबंधीय चक्रवात 'दितवा' के श्रीलंका से टकराने के बाद 120 से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जबकि 130 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने पुष्टि की है कि अब तक 123 मौतें दर्ज की गई हैं, और देश भर में 3,73,430 लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें 43,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं और वर्तमान में 488 अस्थायी आश्रयों में रह रहे हैं। चक्रवात 'दितवा' शनिवार तड़के श्रीलंका से निकल गया, लेकिन गंभीर मौसम अभी भी द्वीप को प्रभावित कर रहा है।

चक्रवात दितवा के मद्देनजर तेज हवाओं के बीच शनिवार को चेन्नई के कासिमेदु बंदरगाह तट पर खड़ी मछली पकड़ने वाली नावें।

आंध्र प्रदेश के कई जिलों में हाईअलर्ट

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश में साइक्लोन दितवा के मद्देनजर राज्य के मुख्य सचिव पी. विजयानंद ने चित्तूर, तिरुपति, अन्नामाया, श्री सत्य साईं, नेल्लोर, बापटला और प्रकाशम जिलों के जिलाधीशों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश जारी किया है। विजयानंद ने शनिवार को जिलाधीशों के साथ वीडियो पर बातचीत कर साइक्लोन के दौरान अगले मंगलवार तक किसी भी मछुआरे के समुद्र क्षेत्र में नहीं जाने का निर्देश दिया।

वायु सेना ने 21 टन राहत सामग्री पहुंचाई : भारतीय वायु सेना ने श्रीलंका में विनाशकारी बाढ़ से विस्थापित लोगों की सहायता के लिए शनिवार को 21 टन राहत सामग्री, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के 80 से अधिक कर्मियों एवं आठ टन उपकरण पहुंचाए। भारतीय वायु सेना ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्रीलंका में चक्रवाती तूफान दितवा के कारण मची तबाही के मद्देनजर भारत ने राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया।

बांग्लादेश लौटने का फैसला अकेले मेरे बस में नहीं

ढाका/नई दिल्ली। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के स्व निर्वासित कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को कहा कि बेहद गंभीर बीमारी से जूझ रहीं उनकी मां और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया से मिलने के लिए उनका वतन वापस लौटना पूरी तरह उनके हाथ में नहीं है। बीएनपी की 80 वर्षीय प्रमुख जिया को छाती में संक्रमण के कारण हृदय और दोनों फेफड़े प्रभावित होने के बाद 23 नवंबर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

साल 2008 से लंदन में रह रहे रहमान (60) ने शनिवार को फेसबुक पर कहा कि किसी भी बच्चे की तरह वह इस मुश्किल समय में मां के पास रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन दूसरों की तरह, इस बारे में एकतरफा फैसला लेना सिर्फ मेरे हाथ में नहीं है और न ही केवल मेरे बस में है। इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए ज्यादा बात नहीं कही जा सकती। रहमान ने कहा कि उनके परिवार को अब भी उम्मीद है कि एक बार राजनीतिक उथल-पुथल शांत हो जाए तो उनका स्वदेश लौटने का इंतजार खत्म हो जाएगा।

भारत ने सबसे अधिक वोट के साथ एक बार फिर आईएमओ परिषद का चुनाव जीता

लंदन, एजेंसी

- भारत पर भरोसा करने के लिए उच्चायोग ने अदा किया धन्यवाद

भारत आगामी दो वर्षों के लिए एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) की 40 सदस्यीय परिषद के लिए के लिए चुना गया है। लंदन में आईएमओ की सभा के दौरान हुए चुनाव में भारत को उसकी श्रेणी में सबसे अधिक वोट मिले।

भारत ने शुक्रवार को 'बी' श्रेणी में चुनाव जीता है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड्स, स्पेन, स्वीडन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल हैं। आईएमओ ने कहा कि नव निर्वाचित परिषद का 136वां सत्र चार दिसंबर को होगा, जिसमें अगले दो साल के लिए अध्यक्ष और सह अध्यक्ष चुने जाएंगे। लंदन में स्थित भारतीय उच्चायोग ने चुनाव के बाद कहा, भारत बी श्रेणी में सबसे अधिक 154 वोट हासिल कर दोबारा आईएमओ परिषद के लिए चुना गया है। उच्चायोग ने कहा, हम भारत पर भरोसा करने के लिए अपने साझेदारों को धन्यवाद देते हैं, और वैश्विक समुद्री क्षेत्र के लिए काम करते रहने का वादा करते हैं।

आईएमओ दुनिया की सबसे बड़ी संस्था है जो दुनिया के समुद्री क्षेत्र की देखरेख करती है। परिषद आईएमओ का कार्यकारी अंग है जो संगठन के काम की देखरेख के लिए जिम्मेदार है।

इस्कॉन ब्रिटेन ने ऐतिहासिक लंदन स्थल प्राप्त करने का जश्न मनाया

लंदन। ब्रिटेन में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) इस सप्ताह एक नीलामी में लंदन में अपने मूल मंदिर स्थल को प्राप्त करने का जश्न मना रहा है। मध्य लंदन के ब्लूम्सबरी क्षेत्र में 7 बरी प्लेस स्थित ऐतिहासिक इमारत का इतिहास 1968 से जुड़ा हैं, जब इस्कॉन के संस्थापक श्रील प्रभुपाद ने तीन अमेरिकी दम्पतियों को ब्रिटेन में एक मिशन स्थापित करने के लिए भेजा था। अंतत: बीटल गायक जॉर्ज हैरिसन जैसे समर्थकों की मदद से इसे हासिल किया गया, जिन्होंने मूल पट्टे पर सह-हस्ताक्षर किए थे और यह ब्रिटेन में इस्कॉन के शुरुआती कार्यों का आधार बना। इस्कॉन ब्रिटेन के शासी निकाय आयोग (जीबीसी) के प्रघोष दास ने कहा, सात बरी प्लेस को पुन: प्राप्त करना, ब्रिटेन में हमारे आध्यात्मिक जन्मस्थान को पुन: प्राप्त करना है।

इंडोनेशिया में मृतक संख्या 279 हुई

अगम। इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन के कारण जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 279 हो गई है तथा अधिकारियों ने मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई है। उत्तरी सुमात्रा प्रांत में सड़कें खराब होने और संचार बाधित होने से इन इलाकों से संपर्क कट गया है और राहत सामग्री पहुंचाने के लिए विमानों पर निर्भर रहना पड़ा। भारी उपकरणों की कमी के कारण बचाव कार्य भी बाधित हुए। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता फेरी वालिंटुकन ने बताया कि उत्तरी सुमात्रा में बचावकर्मियों ने शनिवार को 31 शव बरामद किए, जिससे मृतकों की संख्या 279 हो गई। लापता लोगों की तलाश हो रही है।

इमरान खान के जीवित होने का सरकार दे सबूत

लाहौर, एजेंसी

- बेटे कासिम खान ने सोशल मीडिया पर लिखी पोस्ट

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे ने सरकार से इसका सबूत पेश करने की मांग की है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक जिंदा हैं। खान के बेटे कासिम खान ने शुक्रवार शाम एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हम इमरान खान के जीवित होने का सबूत मांगते हैं।

ऐसी अटकलें हैं कि क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान (73) की जेल में हत्या कर दी गई है, क्योंकि ना तो उनके परिवार के सदस्यों और ना ही उनके वकीलों एवं पार्टी के लोगों को एक महीने से उनसे मिलने दिया गया है। खान कई मामलों में दो साल से अधिक समय से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। खान की तीन बहनें, पीटीआई के कार्यकर्ता और खैबर पख़्तूनख़्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफ़रीदी कुछ दिनों से अदियाला जेल के बाहर डेरा डाले हुए हैं और शहबाज शरीफ सरकार पर खान के परिवार के सदस्यों को उनसे मिलने की इजाजत देने का दबाव बना रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीस ने किया विवाह

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने शनिवार को राजधानी केबनरा में अपने आधिकारिक आवास पर करीबी लोगों की मौजूदगी में अपनी संगिनी जोडी हेडन से विवाह कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की संघीय सरकार के 124 साल के इतिहास में वह ऐसे पहले व्यक्ति हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री पद पर रहने के दौरान विवाह किया है। विवाह समारोह में ऑस्कर पुरस्कार विजेता अभिनेता रसेल क्रो और कई कैबिनेट मंत्रियों समेत करीब 60 मेहमान शामिल हुए। अल्बनीस और हेडन ने कहा कि हम अपने परिवार के साथ खुश हैं।

जी-20 में अफ्रीका को न बुलाना अनुचित

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

- राष्ट्रपति रामाफोसा ने की ट्रंप के फैसले की निंदा

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा है कि अमेरिका की अध्यक्षता के दौरान दक्षिण अफ्रीका को जी-20 में आमंत्रित नहीं किए जाने की उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा अफसोसजनक है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में घोषणा की कि दक्षिण अफ्रीका को अगले वर्ष फ्लोरिडा में उनके देश की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण नहीं मिलेगा।

अमेरिका ने दक्षिण अफ्रीका से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है और वह एक दिसंबर, 2025 से 30 नवंबर, 2026 तक इस समूह का नेतृत्व करेगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अमेरिका ने दक्षिण अफ्रीका में जी-20 में भाग नहीं लिया क्योंकि दक्षिण अफ्रीका पुर्तगाली, फ्रांसीसी तथा जर्मन प्रवासियों के मानवाधिकार हनन को स्वीकार नहीं करता है।

अमेरिका ने किया था बैठक का बहिष्कार

परंपरा के अनुसार, मेजबान देश जी-20 की अगली अध्यक्षता संभालने वाले राष्ट्र को लकड़ी का एक प्रतीकात्मक हथौड़ा सौंपता है लेकिन बैठक के बहिष्कार के कारण दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा से इसे लेने के लिए कोई अमेरिकी अधिकारी मौजूद नहीं था। अमेरिका अपने दूतावास से एक प्रतिनिधि भेजना चाहता था। दक्षिण अफ्रीका ने इसे अस्वीकार कर दिया था कि रामाफोसा के लिए एक कनिष्ठ अधिकारी को प्रतीक सौंपना अपमानजनक होगा। दक्षिण अफ्रीका द्वारा राजनयिक संबंधों को पुनर्स्थापित करने तमाम प्रयासों के बावजूद ट्रंप दंडात्मक कदम उठाते रहे हैं।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 नवंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- मार्गशीर्ष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 21.29 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम, **ऋतु**- हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृतिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तर भाद्रपद 01 दिसंबर 01.11 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज आपसे लोग नाराज हो सकते हैं। अपने बड़ों की अवमानना न करें। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद होगा। स्वास्थ्य को लेकर बिल्कुल लापरवाही न करें। निम्न रक्तचाप के कारण समस्या हो सकती है। शाम को मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

वृष — आज व्यवसाय में आय बढ़ सकती है। आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जीवनसाथी से सलाह ले सकते हैं। लंबित पड़ी योजनाओं को दोबारा क्रियान्वित करने के अवसर मिलेंगे। आपका पूरा ध्यान घर-परिवार पर रहेगा।

मिथुन — आज परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। प्रेम संबंधों में एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। मानसिक रूप से शांति महसूस करेंगे। आपको अपने आत्मसम्मान की चिन्ता रहेगी।

कर्क — आज विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश के अवसर मिल सकते हैं। कारोबारी यात्रा से लाभ प्राप्त होगा। उच्चाधिकारियों के बीच आपकी काफी चर्चा होगी। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी।

सिंह — आज व्यापार को लेकर अधिक सावधानी रखें। इसीलिए थोड़ा सोच-विचारकर ही काम करें। भावनात्मक रूप से थोड़ा कमजोर रहेंगे। बीमारियों पर धन खर्च अचानक से बढ़ सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं।

कन्या — आज जीवनसाथी आपको भावनात्मक रूप से काफी सहयोग देगा। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। उच्च अधिकारियों से मित्रता हो सकती है। प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच आपका सामंजस्य बढ़ेगा।

तुला — आज व्यवसाय में उन्नति के लिए प्रयास करेंगे। लोन से जुड़े हुए अवरोध दूर होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। पुराने अनुभव आज आपके काफी काम आने वाले हैं।

वृश्चिक — आज आपके द्वारा कही गई बात सत्य होगी। आपकी सेहत काफी अच्छी रहने वाली है। नये विषयों के अध्ययन व अनुसंधान में रुचि लेंगे। बच्चों के साथ कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। व्यावसायिक लक्ष्यों को सरलता से प्राप्त कर लेंगे।

धनु — आज अपनी जीवनशैली में सुधार करें। कुछ लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं। घर के बड़े बुजुर्गों का सम्मान करें। परिजनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। एआई क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़े प्रोजेक्ट्स में काम करने का अवसर मिल सकता है।

मकर — आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। विवेक और संयम से निर्णय लेने से आपको लाभ होगा। आयात-निर्यात के व्यवसाय में बड़ा लाभ हो सकता है। विद्यार्थी किसी नये कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें।

कुंभ — आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आज सफलता मिल सकती है। विरोधियों के बीच में आपकी चर्चा होगी। परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। जीवनसाथी को उपहार देने से तनाव दूर होगा। त्वचा विकार की समस्या हो सकती है।

मीन — आज आपके आकर्षक व्यक्तित्व की लोग प्रशंसा करेंगे। फाइनेंस को लेकर परेशानियां दूर होंगी। व्यवसाय को लेकर अपनी रणनीति बदल सकते हैं। युवाओं को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको बड़ा लाभ होगा।

सुडोकू-176

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

						2		
				5				
6								
		2						
					7	6		
	8			4				
		9						

सुडोकू - 175 का हल

1	2	3	4	9	7	8	5	6
8	5	4	1	3	6	2	9	7
6	9	7	5	2	8	4	3	1
3	8	6	7	1	9	5	2	4
9	4	5	6	8	2	1	7	3
7	1	2	3	5	4	9	6	8
4	7	1	9	6	5	3	8	2
5	3	8	2	7	1	6	4	9
2	6	9	8	4	3	7	1	5

जिस तरह की पिचों पर हम खेल रहे हैं, उनमें किसी को गेंदबाज बनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हर गेंद स्पिन होती है या कुछ सीधी हो जाती है। एक गेंदबाज को तभी अच्छा माना जा सकता है जब वह अच्छी पिचों पर विकेट लेता है।

-हरभजन सिंह

स्टेडियम

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार ,30 नवंबर 2025

www.amritvichar.com

हाईलाइट

ऐसा लगता है, मानो भारत के पास ऑफ स्पिनर नहीं है : भज्जी

मुंबई। दक्षिण अफ्रीका से हाल में खत्म हुई टेस्ट सीरीज में हारने के बाद महान स्पिनर हरभजन सिंह को लगा कि भारतीय टीम के पास पांच दिन के मैच के लिए कोई विशेषज्ञ ऑफ-स्पिनर ही नहीं है और उन्होंने वाशिंगटन सुंदर का कार्यभार बढ़ाने की बात कही। आर अश्विन के संन्यास के बाद एसईएनए देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) के खिलाफ पहली घरेलू श्रृंखला में भारत के स्पिनर दक्षिण अफ्रीका के सामने कमजोर पड़ गए। मेहमान टीम के स्पिनरों ने दो टेस्ट में 25 विकेट हासिल किए। हरभजन से जब पूछा गया कि क्या भारत के पास दाएं हाथ का कोई विशेषज्ञ स्पिनर नहीं है तो उन्होंने जवाब में 'पीटीआई' से कहा ऐसा ही लगता है।

दक्षिण अफ्रीका को सुधार करना होगा: प्रिंस

रांची। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच एशवेल प्रिंस ने शनिवार को कहा कि उनकी वनडे टीम को अब भी 'क्लच मोमेंट्स' को बेहतर बनाने की जरूरत है क्योंकि वे 2027 विश्व कप से पहले संयोजन का परीक्षण करना जारी रखे हैं। प्रिंस ने माना कि पिछले एक साल में टीम का फोकस टेस्ट क्रिकेट और आने वाले टी-20 विश्व कप पर रहा है जिससे 50 ओवर का प्रारूप प्रयोगात्मक चरण में है। भारत के खिलाफ पहले वनडे से पहले प्रिंस ने कहा हम 50 ओवर में अलग-अलग संयोजन आजमा रहे हैं और अंतिम टीम के करीब पहुंचने से पहले हमारे पास अब भी समय है। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों की गहराई से संतुष्ट होने के बावजूद प्रिंस ने कहा अगर कोई क्षेत्र है जहां हमें सुधार करना है तो वह है 'क्लच मोमेंट्स'। सफेद गेंद का क्रिकेट हमेशा दबाव भरे माहौल भरा होता है। रविवार को यहां भारी ओस पड़ने की उम्मीद है इसलिए टॉस अहम भूमिका निभा सकता है।

रोहित और कोहली की होगी कड़ी परीक्षा

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला एकदिवसीय मुकाबला आज दोपहर 1:30 बजे से

रांची, एजेंसी

अब केवल वनडे में खेल रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार से यहां शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में आकर्षण का केंद्र होंगे जिससे वह 2027 में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा भी मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

भारतीय टीम प्रबंधन इस श्रृंखला से चयन संबंधी समस्याओं का समाधान भी करना चाहेगा। उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान चयन संबंधी मसलों के कारण आलोचना का सामना करना पड़ा था। रोहित और कोहली दोनों अब केवल एक ही अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में खेलते हैं। भारत को अगले दो महीनों में केवल छह एकदिवसीय मैच खेलने हैं। दक्षिण अफ्रीका के बाद भारतीय टीम तीन जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर तीन वनडे मैच की श्रृंखला खेलेगी। ऐसे में सभी की निगाह भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गजों रोहित और कोहली पर टिके रहना स्वाभाविक है। इन मैचों में उनके प्रदर्शन का 2027 के वनडे विश्व कप में उनकी संभावनाओं पर सीधा असर पड़ सकता है। हो सकता है कि यह उनके विश्व कप के भाग्य को पक्का न करे, लेकिन यह मैच उनके लिए ऑडिशन की तरह हो सकते हैं जिससे उनके भविष्य की राह भी सुनिश्चित होगी। संयोग से 2013 में इसी जेएससीए स्टेडियम में रोहित शर्मा पहली बार पूर्णकालिक सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेले थे जिससे सीमित ओवर की क्रिकेट में उनका करियर ही बदल दिया। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी एक दशक से भी अधिक समय बाद फिर से यहां पहुंचा है जहां वह अपने करियर को फिर से नहीं दिशा देने की कोशिश करेगा।

भारत की यह एकदिवसीय श्रृंखला अगले वर्ष घरेलू मैदान पर होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले खेली जा रही है जिसमें खिलाड़ियों का प्रदर्शन उन्हें खेल के सबसे छोटे प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभा सकता है।

दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट श्रृंखला में दोनों मैच में हारने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर भी जांच के दायरे में हैं हालांकि उनके पद को किसी तरह का खतरा नहीं है क्योंकि उनका अनुबंध 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक है। टेस्ट में मिली हार के बाद उनके रणनीतिक फैसलों और टीम चयन पर सवाल उठे।

मुख्य कोच का पद संभालने के बाद से उनकी यह दूसरी बड़ी विफलता थी। ऐसे में यहां वनडे श्रृंखला गंभीर के लिए अपनी स्थिति मजबूत करने और सीमित ओवरों में भारत की दिशा को स्पष्ट करने का एक अहम मौका है।

मुख्य कोच गौतम गंभीर की निगरानी में अभ्यास करते कुलदीप यादव, तिलक वर्मा व अन्य भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके (दाएं) और टोनी डी जॉर्जी। एजेंसी

टीम

भारत : केएल राहुल (कप्तान), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

दक्षिण अफ्रीका : तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्क्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, मार्को यानसन, टोनी डी जॉर्जी, रुबिन हरमन, ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्जके, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

मेरे पास स्पिन के खिलाफ परेशानी का कोई पक्का जवाब नहीं : राहुल

रांची : कार्यवाहक वनडे कप्तान केएल राहुल ने शनिवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम की स्पिन के खिलाफ लगातार संघर्ष करना विशेषकर घरेलू पिचों पर, चिंता का विषय है लेकिन उनके पास भारत की पारंपरिक रूप से मजबूती में आई गिरावट का कोई जवाब नहीं है। उनकी यह टिप्पणी पिछले दो सत्र में टेस्ट क्रिकेट में घरेलू पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजी लाइन-अप के बार-बार कमजोर पड़ने के चिंताजनक पैटर्न के बीच आई है जिसमें कभी भारत का दबदबा हुआ करता था। न्यूजीलैंड ने 2024 में और फिर दक्षिण अफ्रीका ने हाल में भारत को क्रमशः 3-0 और 2-0 से हराया। राहुल ने कहा हमने पिछले कुछ सत्र में स्पिन अच्छी तरह नहीं खेली है। मुझे सच में नहीं पता कि हम पहले क्यों कर पाते थे और अब क्यों नहीं कर पा रहे। मेरे पास कोई निश्चित जवाब नहीं है। हम बस इतना कर सकते हैं कि व्यक्तिगत रूप से और बतौर बल्लेबाजी समूह यह देखें कि कैसे बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों को तकनीकी और रणनीतिक बदलावों की तलाश करनी होगी और यह एक लंबी प्रक्रिया होगी। राहुल ने कहा यह रातोंरात नहीं बदलने वाला। हम सुधार की जरूरतों को देखेंगे और उम्मीद है कि श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया सीरीज तक हम बेहतर तरीके से तैयार रहेंगे।

मिथुन पर रोमांचक जीत के साथ श्रीकांत फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप

- त्रिशा- गायत्री महिला युगल में खिताब के लिए करेंगी दावेदारी
- महिला एकल के सेमीफाइनल में तन्वी शर्मा को मिली हार

महिला डबल्स सेमीफाइनल में त्रीसा जॉली (दाएं) और गायत्री गोपीचंद। एजेंसी

अमृत विचार : पूर्व वर्ल्ड नंबर वन के.श्रीकांत ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में रोमांचक जीत के साथ फाइनल में प्रवेश कर भारतीय चुनौती को कायम रखा।

दूसरी ओर महिला युगल में पिछली विजेता शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद पी. ने फाइनल में प्रवेश के साथ खिताब बचाने की अपनी दावेदारी पेश की। भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के देखरेख में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से योनेक्स सनराइज बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप में शनिवार को सेमीफाइनल खेले गए। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में उन्नति व तन्वी की हार के साथ महिला एकल में भारत का सफर समाप्त हो गया। मिश्रित युगल में भारत के हरिहरन अम्साकरुनन व त्रिशा जॉली की जोड़ी को हार मिली। पुरुष एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त भारत के के.श्रीकांत ने 59 मिनट चले तीन गेम के रोमांचक मैच में हमवतन मिथुन मंजूनाथ के खिलाफ 21-15, 19-21, 21-13 से जीत दर्ज की। श्रीकांत ने पहले गेम में कुछ संघर्ष के बाद जीत हासिल की। दूसरे गेम में वो आगे रहने के बाद पिछड़ गए और 9-15 के स्कोर पर फाउल के चलते प्रतिद्वंद्वी को फायदा मिला। यह गेम मिथुन मंजूनाथ ने तेज सर्विस की बदौलत अपने नाम की। तीसरे और निर्णायक गेम में श्रीकांत ने बेहतरीन कोर्ट कवरेज की बदौलत जीत से फाइनल में जगह बनाई। 2016 के चैंपियन के.श्रीकांत अब चैंपियनशिप में अपने दूसरे खिताब की दावेदारी करेंगे। मलेशियाई मास्टर्स के उपविजेता रहे श्रीकांत की कल लंबे समय बाद घरेलू टूर्नामेंट में खिताब और साथ में साल के शानदार समापन पर निगाह होगी। श्रीकांत ने इससे पूर्व फ्रेंच ओपन 2017 में खिताबी जीत दर्ज की थी। श्रीकांत की अब फाइनल में हांगकांग के जेसन गुनावन से भिड़ंत होगी जो प्रतिद्वंद्वी जापान के मिनोरू कोगा के मैच छोड़ने से फाइनल में पहुंच गए। पहला गेम कोगा ने 21-12 से जीता। दूसरे गेम में जेसन ने जीत दर्ज की। तीसरे गेम में जब जेसन 11-0 से आगे थे तब जापानी खिलाड़ी ने मैच छोड़ने का फैसला किया। वहीं, महिला एकल के पहले सेमीफाइनल मे जापान की हीना अकेची ने भारत की तन्वी शर्मा को 21-17, 21-16 से हराया। तुर्किये की नेस्लिहान अरीन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की उन्नति हुड्डा को 21-15, 21-10 से हराया।

किदांबी श्रीकांत। एजेंसी

मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होगा पहला मैच

मुंबई, एजेंसी

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली गत चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम चौथी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन मैच में नौ जनवरी को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में 2024 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना करेगी।

डब्ल्यूपीएल का फाइनल पहली बार सप्ताहांत पर नहीं होगा। इस बार प्रतियोगिता का फाइनल गुरुवार (पांच फरवरी) को खेला जाएगा। ऐसा पुरुषों के टी-20 विश्व कप से टकराव से बचने के लिए किया गया है जो उसी सप्ताह भारत और श्रीलंका में शुरू हो रहा है। टी20 विश्व कप की शुरुआत सात फरवरी (शनिवार) को कोलंबो में पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच मैच से होगी। इस बार डब्ल्यूपीएल 28 दिन तक चलेगा और इसमें 22 मैच खेले जाएंगे।

महिला प्रीमियर लीग कार्यक्रम

9 जनवरी : मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

10 जनवरी : यूपी वॉरियर्स बनाम गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स

11 जनवरी : दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात जायंट्स

12 जनवरी : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम यूपी वॉरियर्स

13 जनवरी : मुंबई इंडियंस बनाम गुजरात जायंट्स

14 जनवरी : यूपी वॉरियर्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स

15 जनवरी : मुंबई इंडियंस बनाम यूपी वॉरियर्स

16 जनवरी : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम गुजरात जायंट्स

17 जनवरी : यूपी वॉरियर्स बनाम मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

19 जनवरी : गुजरात जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

20 जनवरी : दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस

22 जनवरी : गुजरात जायंट्स बनाम यूपी वॉरियर्स

24 जनवरी : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स

26 जनवरी : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम मुंबई इंडियंस

27 जनवरी : गुजरात जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स

29 जनवरी : यूपी वॉरियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

30 जनवरी : गुजरात जायंट्स बनाम मुंबई इंडियंस

01 फरवरी : दिल्ली कैपिटल्स बनाम यूपी वॉरियर्स

एलिमिनेटर : तीन फरवरी

फाइनल : पांच फरवरी।

दृष्टिबाधित महिला टीम ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की और उन्हें ऑटोग्राफ वाला क्रिकेट बल्ला उपहार में दिया।

राष्ट्रपति ने टीम सदस्यों को टी20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी और कहा कि उनकी सफलता दूसरों को करियर में नयी ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करेगी। राष्ट्रपति ने टीम की तरफ से भेंट की गई क्रिकेट गेंद पर भी हस्ताक्षर किए। भारत ने हाल में कोलंबो में फाइनल में नेपाल को हराकर पहला टी20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप जीता था।

ओलंपिक हॉकी के दिग्गजों को सम्मानित किया गया

चेन्नई : तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार को 14वें पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप के उद्घाटन के दौरान ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय और तमिलनाडु हॉकी टीम के सीनियर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। राज्य सरकार ने शनिवार को आधिकारिक विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा 1979 में शुरू किए गए जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप का 14वां चरण अभी चेन्नई और मदुरै में चल रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया कि उप मुख्यमंत्री ने 28 नवंबर को चेन्नई में टूर्नामेंट के शुरुआती मैच भारत बनाम चिली का औपचारिक उद्घाटन किया। उप मुख्यमंत्री ने भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों को सम्मानित किया जिसमें तमिलनाडु के ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले हॉकी खिलाड़ी भी थे।

अजलन शाह हॉकी | जुगराज सिंह ने किए चार गोल , बेल्जियम से आज होगी खिताबी भिड़ंत

कनाडा को 14-3 से रौंदकर भारत फाइनल में

इपोह, एजेंसी

जुगराज सिंह के चार गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां बड़े स्कोर वाले मुकाबले में कनाडा को 14-3 से हराकर पूल तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर सुल्तान अजलन शाह कप के फाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम को टूर्नामेंट में अभी तक सिर्फ बेल्जियम से एक गोल से हार मिली लेकिन पिछले मैच में न्यूजीलैंड पर 3-2 की शानदार जीत के बाद खिलाड़ी आत्मविश्वास से ओतप्रोत थे। भारतीय टीम रविवार को फाइनल में बेल्जियम से भिड़ेगी।

नीलकांत शर्मा ने मैच की शुरुआत चौथे मिनट में गोल दागकर की जिसके बाद सीनियर टीम में पदार्पण करने के बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे राजिंदर सिंह ने 10वें मिनट में गोल कर दिया। यह रोमांचक शुरूआत रही। कनाडा ने शुरुआती गोल का जवाब पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके उसे गोल में बदलकर दिया।

11वें मिनट में ब्रेंडन गुरालियुक ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। फिर अगले कुछ मिनटों में जुगराज सिंह और अमित रोहिदास ने क्रमशः 12वें और 15वें मिनट में गोल कर किए जिससे भारत की बढ़त 4-1 हो गई। इस टूर्नामेंट के लिए टीम के सीनियर स्टार खिलाड़ियों को आराम दिया गया था इसलिए बेहतर प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी युवा खिलाड़ियों पर थी और उन्होंने कनाडा के डिफेंस को दबाव में रखकर अच्छा प्रदर्शन किया।

दूसरे क्वार्टर में गोलों की झड़ी लगी रही जिसमें राजिंदर ने 24वें मिनट में, दिलप्रीत सिंह ने 25वें मिनट में और जुगराज ने 26वें मिनट में गोल कर दिए। अब भारतीय टीम 7-1 से आगे थी जिससे कनाडा ने तीसरे क्वार्टर में अपने आक्रमण में थोड़े बदलाव किए जिससे 35वें मिनट में उन्हें पेनल्टी स्ट्रोक मिला। मैथ्यू सरमेंटो ने इसे पोस्ट में डालकर स्कोर 7-2 कर दिया। इस बीच जुगराज ने इसी क्वार्टर में 39वें मिनट में गोल करके हैट्रिक बनाई। जिसके बाद सेल्वम कार्ति ने 43वें मिनट में गोल करके भारत की बढ़त को 9-2 तक पहुंचा दिया। आखिरी क्वार्टर बस एक औपचारिकता मात्र थी लेकिन इसी में दोनों टीमों ने ज्यादा गोल किए। इस क्वार्टर में छह गोल हुए। रोहिदास ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर और इसके बाद 50वें मिनट में जुगराज के पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील किया।

चिली और स्विट्जरलैंड (लाल जर्सी) के खिलाड़ी।

जूनियर विश्व कप : मलेशिया और नीदरलैंड्स की विजयी शुरुआत

मदुरै : मलेशिया और नीदरलैंड ने शनिवार को यहां पूल ई के मैचों में क्रमशः ऑस्ट्रिया और इंग्लैंड को हराकर एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। मलेशिया ने दिन के पहले मैच में ऑस्ट्रिया को 5-1 से जबकि नीदरलैंड ने इंग्लैंड को 5-3 से हराया। मलेशिया के लिए दानिश खैरिल (56वें और 57वें मिनट) ने दो जबकि हैरिस उस्मान (28वें मिनट), एडम जोहरी (47वें मिनट) और नवीनेश पनिकर (55वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। ऑस्ट्रिया का एकमात्र गोल 56वें मिनट में जूलियन कैसर ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया। इससे पहले नीदरलैंड की इंग्लैंड पर जीत में जान वैनट लैंड (दूसरे और 49वें मिनट) ने दो मैदानी गोल करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अलावा कैस्पर वैन डेर वीन (26वें मिनट) ने भी एक मैदानी गोल किया, जबकि जोप्पे वोलबर्ट (39वें मिनट) ने पेनल्टी स्ट्रोक पर और डैनिलो ट्राइलिंग (54वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके नीदरलैंड की जीत सुनिश्चित की। इंग्लैंड के लिए गोल कैडेन ड्रेसी (11वें), माइकल रॉयडेन (29वें) और जॉर्ज फ्लेचर (49वें) ने किए। बाद में दक्षिण अफ्रीका ने यहां पूल ए मैच में आयरलैंड को 2-1 से हराया। दक्षिण अफ्रीका के लिए रूबेन सेंडजुल (43वें मिनट) और रॉस मोंटगोमरी (54वें मिनट) ने मैदानी गोल किए।